3 राजधानी — हर गली-हर सड़क होगी जगमग

6 अभिमत — खाद्य सुरक्षा का तार्किक दृष्टिकोण

10 विदेश — सूडान में 24 घंटे के संघर्ष विराम के लिए सहमति

12 स्पोर्ट्स — मुंबई ने हैदराबाद को 14 रनों से हरा



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 163
नई दिल्ली, बुधवार, 19 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत के कुशल कार्यबल का विश्व को लाभ होगा

राष्ट्रीय-11

# पर्सनल लॉ पर विचार नहीं: कोर्ट

● सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों से विशेष विवाह अधिनियम पर दलीलें पेश करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को साफ कर दिया कि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर फैसला करते समय वह शादियों से जुड़े पर्सनल लॉ पर विचार नहीं करेगा और कहा कि एक पुरुष और एक महिला की धारणा, जैसा कि विशेष विवाह अधिनियम में संदर्भित है, वह लिंग के आधार पर पूर्ण नहीं है।

संवेदनशील मुद्दे पर दिन की कार्यवाही केंद्र की पुरजोर दलील के साथ शुरू हुई कि उसकी प्रारंभिक आपत्ति सुनी जाए और पहले फैसला किया जाए कि अदालत उस सवाल पर विचार नहीं कर सकती, जो अनिवार्य रूप से संसद के अधिकार क्षेत्र में है। इस दलील से नाराज प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा, हम प्रभारी हैं और प्रारंभिक आपत्ति की प्रकृति और विचारणीयता इस पर निर्भर करेगी कि याचिकाकर्ताओं द्वारा क्या पेश किया जाता है। याचिका से संबंधित मुद्दों को जटिल करार देते हुए पीठ ने मामले में

## समलैंगिक विवाह को मान्यता का प्रश्न



समलैंगिक विवाह मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के बाहर बैठे मीडियाकर्मी

पेश हो रहे वकीलों से धार्मिक रूप से तटस्थ कानून विशेष विवाह अधिनियम पर दलीलें पेश करने को कहा। विशेष विवाह अधिनियम, 1954 एक ऐसा कानून है, जो विभिन्न धर्मों या जातियों के लोगों के विवाह के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। यह एक सिविल विवाह को नियंत्रित करता है, जहां राज्य धर्म के बजाय विवाह को मंजूरी देता है। केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत द्वारा समलैंगिक विवाहों को मान्यता देने की सूरत में विभिन्न पर्सनल लॉ पर प्रभाव का उल्लेख किया और विशेष विवाह अधिनियम से उदाहरण देते हुए कहा कि इसमें भी पुरुष और महिला जैसे शब्द हैं। पीठ ने कहा, यह लिंग का सवाल नहीं है। मुद्दा यह है कि ये कहीं ज्यादा जटिल है। इसलिए, यहां तक कि जब विशेष विवाह अधिनियम पुरुष और महिला कहता है, तब भी पुरुष और महिला की धारणा लिंग के आधार पर पूर्ण नहीं है। पीठ में न्यायमूर्ति एस.के. कौल, न्यायमूर्ति एस.आर.भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी.एस.नरसिम्हा भी शामिल हैं।

सुनवाई की शुरुआत में मेहता ने प्राथमिक आपत्ति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि शीर्ष अदालत जिस विषय पर काम कर रही है वह वास्तव में विवाह के सामाजिक-कानूनी संबंध का निर्माण है, जो सक्षम विधायिका का अधिकार क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि जब विषय समवर्ती सूची में है, तो मामले में पक्षकारों के रूप में राज्यों की अनुपस्थिति में याचिकाएं सुनवाई योग्य नहीं होंगी। पीठ ने कहा कि वह पहले यह देखना चाहती है कि याचिकाकर्ता पक्ष की तरफ से क्या पेश किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समलैंगिक विवाहों को वैध ठहराए जाने की स्थिति में हिंदू विवाह अधिनियम और विभिन्न धार्मिक समूहों के व्यक्तिगत कानूनों के लिए कठिनाइयां पैदा होने और इसके प्रभाव की ओर इशारा किए जाने पर, पीठ ने कहा, तब हम पर्सनल लॉ को समीकरण से बाहर रख सकते हैं और आप सभी (वकील) हमें विशेष विवाह अधिनियम (एक धर्म तटस्थ विवाह कानून) पर संबोधित कर सकते हैं।

मेहता ने ट्रांसजेंडर पर कानूनों का उल्लेख किया और कहा कि कई अधिकार हैं जैसे कि साथी चुनने का अधिकार, गोपनीयता का अधिकार, यौन झुकाव चुनने का अधिकार और कोई भी भेदभाव आपराधिक मुकदमा चलाने योग्य है। सरकार के शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा, विवाह को हालांकि सामाजिक-कानूनी दर्जा प्रदान करना, न्यायिक निर्णयों के माध्यम से संभव नहीं है। यह विधायिका द्वारा भी नहीं किया जा सकता है। स्वीकृति समाज के भीतर से आनी चाहिए। इस बात पर जोर देते हुए कि प्रारंभिक आपत्ति को पहले सुना जाना चाहिए, मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का पक्ष अपनी दलीलों को आगे बढ़ा सकता है कि वे क्या चाहते हैं और उनके द्वारा उठाई गई प्रारंभिक (शेष पेज 9)

# यूपी में किसी को धमका नहीं सकता माफिया: योगी

● मुख्यमंत्री ने कहा, वर्ष 2017 से 2023 में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेशकों व उनकी पूंजी की सुरक्षा गारण्टी प्रदान करता है। आज जनपद के नाम से किसी को डरने की जरूरत नहीं है, जो पहले उत्तर प्रदेश की पहचान के लिए संकट थे, आज उनके लिए स्वयं ही संकट बनता जा रहा है। अब कोई माफिया किसी उद्यमी को धमकी नहीं दे सकता। प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद मुख्यमंत्री का यह पहला बयान आया है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले हर दूसरे तीसरे दिन दंगा होता था। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल थी। वर्ष 2012 से 2017 के मध्य 700 से अधिक दंगे उत्तर प्रदेश में हुए थे। वर्ष 2007 से 2012 के मध्य 364 से अधिक दंगे प्रदेश में हुए थे। वर्ष 2017 से 2023 में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ और न ही कहीं कर्फ्यू लगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था निवेश की पहली शर्त होती है जिसमें यूपी पूरी तरह से खरा उतरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों को सभी आवश्यक (शेष पेज 9)



लखनऊ में लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## स्वतंत्र जांच की अनुरोध वाली याचिका पर होगी सुनवाई

**अतीक-अशरफ हत्याकांड**

● सुप्रीम कोर्ट भेजी जा रही अतीक की चिट्ठी

● राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उप्र पुलिस को नोटिस जारी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज, नई दिल्ली, लखनऊ

**प्रयागराज** में पिछले शनिवार को तीन हमलावरों की गोलीबारी में मारे गए माफिया अतीक अहमद की चिट्ठी बंद लिफाफे में उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास भेजी जा रही है। उधर, उच्चतम न्यायालय अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर 24 अप्रैल को सुनवाई करने को सहमत हो गया है। वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने माफिया-नेता अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में हत्या को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को नोटिस जारी किया है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और प्रयागराज के पुलिस आयुक्त को जारी अपने (शेष पेज 9)

# नरसंहार की तुलना सामान्य हत्या से नहीं हो सकती: सुप्रीम कोर्ट



● बिल्कीस मामले में पीठ ने राज्य व केंद्र से कहा- यदि आप सजा में छूट देने का कारण नहीं बताते हैं, तो हम अपने निष्कर्ष निकालेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुजरात** दंगों की पीड़ित बिल्कीस बानो के मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि आप पीड़िता बिल्कीस के मामले की तुलना धारा 302 (हत्या) के सामान्य मामले से नहीं कर सकते।

पीठ ने कहा कि सवाल यह है कि क्या सरकार ने अपना दिमाग लगाया और किस सामग्री के आधार पर सजा में छूट देने का फैसला किया। न्यायालय ने कहा कि आज बिल्कीस है, कल कोई भी हो सकता है। यह मैं या आप या कोई भी हो सकते हैं। यह टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने 11 दोषियों को उनकी कैद की अवधि के दौरान दी गई पैरोल पर सवाल उठाया और कहा कि अपराध की गंभीरता पर राज्य द्वारा विचार किया जा सकता था।

केंद्र और गुजरात सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वे बिल्कीस बानो मामले में दोषियों को सजा में छूट देने पर मूल फाइल के साथ तैयार रहने के उसके 27 मार्च के आदेश की समीक्षा के लिए याचिका दायर कर सकते हैं। न्यायालय ने कहा कि एक गर्भवती महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया गया और कई लोगों की हत्या कर दी गई। आप पीड़िता (शेष पेज 9)

## आवारा कुत्तों के हमले में किशोर जख्मी

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के रंगपुरी इलाके में आवारा कुत्तों के हमले में एक 14 साल लड़का जख्मी हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह की है जब रंगपुरी निवासी किशोर शौच के लिए बाहर गया था। दक्षिण पश्चिम के पुलिस उपायुक्त मनोज सी. के मुताबिक सोमवार सुबह साढ़े सात बजे किशोर पर उसके घर के पास 8-10 कुत्तों ने हमला कर दिया। हमले में उसका पूरा शरीर जख्मी हो गया और स्थानीय डॉक्टर से उसका इलाज कराया गया। अब उसे सफदरजंग अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में कोई पीसीआर कॉल नहीं की गई ना ही एमएलसी मिली है। हमें अब भी इस घटना के संबंध में औपचारिक शिकायत मिलने का इंतजार है। पीड़ित ने कहा कि हमले के बाद वह दर्द में था। किशोर ने कहा कि करीब 10 कुत्तों ने मुझ पर हमला कर दिया। ऐसा मेरे साथ पहली बार हुआ है। बच्चे के पिता ने कहा कि अब घर के सदस्य भी बाहर कदम रखने से डर रहे हैं।

# राकांपा विधायकों की बैठक नहीं बुलाई गई: शरद पवार



● अजित पवार ने भाजपा के साथ जाने की अटकलों को किया खारिज, कहा-जब तक जीवित हूं, राकांपा के लिए काम करूंगा

**एजेंसी।** पुणे

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने अपने भतीजे एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार के भावी राजनीतिक कदम के बारे में फैली अटकलों को मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी विधायकों की किसी ने कोई बैठक नहीं बुलाई है। उन्होंने कहा कि अजित पवार पार्टी के कामकाज में व्यस्त हैं और मीडिया को इस मुद्दे को बढ़ाने की जरूरत नहीं है।

इस बीच, अजित पवार ने कहा कि वह जब तक जीवित हैं, अपनी पार्टी के लिए काम करते रहेंगे। इसके साथ ही पवार ने उन अटकलों को खारिज कर दिया कि वह और उनके करीबी विधायक सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन कर सकते हैं। विपक्ष के नेता पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राकांपा में किसी तरह के मतभेद और उनके भाजपा से हाथ मिलाने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है।

अजित पवार के अगले राजनीतिक कदम के बारे में अटकलें पिछले हफ्ते तब शुरू हुईं, जब उन्होंने अचानक अपनी निर्धारित बैठकें रद्द कर दीं और ऐसी टिप्पणियां कीं जिन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे के प्रति नरम माना गया। शिवसेना (यूबीटी) के (शेष पेज 9)

## कार्ति चिदंबरम की 11.04 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आईएनएक्स** मीडिया धनशोधन मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की 11.04 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह जानकारी यहां एक आधिकारिक बयान में दी। ईडी ने बयान में कहा कि कुर्क की गई चार संपत्तियों में से एक कर्नाटक के कुर्ग जिले में स्थित एक अचल संपत्ति है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम (51) तमिलनाडु की शिवगंगा लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद हैं। उन्हें आईएनएक्स मामले में ईडी के साथ ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भी गिरफ्तार किया था। ईडी ने आईएनएक्स मीडिया समूह को विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) मंजूरी देने में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए 2017 में पीएमएलए के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया था। आईएनएक्स मीडिया को 2007-08 में एफआईपीबी (विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड) की मंजूरी मिली थी, जब पी चिदंबरम संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की तत्कालीन सरकार में केंद्रीय वित्त मंत्री थे।

# कैलिफोर्निया गुरुद्वारा गोलीबारी मामले में 17 लोग गिरफ्तार

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में सैकरामेंटो में स्थित गुरुद्वारे समेत 11 स्थानों पर गोलीबारी की घटनाओं की कई एजेंसियों द्वारा की गई जांच के बाद 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें ज्यादातर स्थानीय सिख समुदाय के सदस्य हैं। उनके पास से एके-47 राइफल और मशीनगन बरामद की गई हैं। ये गिरफ्तारियां 20 से अधिक स्थानों पर छापेमारी के दौरान की गई हैं।

उत्तरी कैलिफोर्निया के कानून प्रवर्तक अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इन समूहों के सदस्य स्टॉकटन में एक गुरुद्वारे में 27 अगस्त 2022 को हुई गोलीबारी में तथा 23 मार्च 2023 को सैकरामेंटो में एक अन्य गुरुद्वारे में की गई गोलीबारी में कथित रूप से शामिल थे। उन्होंने बताया कि स्टॉकटन की घटना में पांच और सैकरामेंट की घटना में दो लोगों को गोली लगी थी। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रोब बोंटा, युबा सिटी पुलिस प्रमुख ब्रायन बेकर और सट्टर काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेनिफर डुप्रे ने सोमवार को बताया कि रविवार को उत्तरी कैलिफोर्निया में 20 स्थानों पर तलाशी वारंट की तामील कराने के लिए बड़े पैमाने पर चलाए गए अभियान के दौरान 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से ज्यादातर स्थानीय सिख समुदाय के सदस्य हैं। डुप्रे ने कहा कि पुलिस ने एके-47 राइफलें, पिस्तौल और एक मशीनगन समेत 42 बंदूकें जब्त की हैं। उन्होंने ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए दो लोग माफिया के सदस्य हैं और भारत में हत्या के कई मामलों में वांछित हैं।

कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल ने बताया कि गिरफ्तार लोग प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोह का हिस्सा हैं और वे कई हिंसक घटनाओं के लिए कथित रूप से जिम्मेदार हैं। अटॉर्नी जनरल के अनुसार, ए लोग हत्या की कोशिश के पांच मामलों समेत सट्टर, सैकरामेंटो, सैन जोकिन, सोलानो, योलो और मर्सेड काउंटी में गोलीबारी की घटनाओं में कथित रूप से शामिल रहे हैं। इस जांच को ऑपरेशन ब्रोकन सॉर्ड का (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### भारत-रूस आर्थिक संबंध करेंगे और मजबूत

**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने अपने आर्थिक संबंधों को पूरी क्षमता से संचालित करने के लिए मंगलवार को व्यापार घाटे और बाजार पहुंच जैसे मुद्दों पर काम करने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने भारत-रूस व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर गठित अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) की बैठक के दौरान आर्थिक संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूस के उप प्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री डेनिस मांतुरोव ने की। मांतुरोव आईआरआईजीसी-टीईसी के 24वें सत्र में शामिल होने भारत आए थे। उनके साथ रूस के विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद थे। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद भारत की ओर से रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल की खरीद मे बढ़ोत्तरी होने के कारण दोनों देशों मे द्विपक्षीय व्यापार मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों की समीक्षा की और व्यापार घाटे एवं बाजार पहुंच संबंधी मुद्दों समेत इसे पूरी क्षमता से चलाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

# पांच आस्ट्रेलियाई विवि ने भारतीय छात्रों के दाखिले पर लगाई रोक

● फर्जी आवेदनों की बढ़ती संख्या के बीच उठाया कदम

**एजेंसी।** मेलबर्न

**फर्जी** आवेदनों में वृद्धि के बीच ऑस्ट्रेलिया के कम से कम पांच विश्वविद्यालयों ने भारत के कुछ राज्यों के छात्रों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऑस्ट्रेलिया में इस साल भारतीय छात्रों की संख्या वर्ष 2019 के 75,000 के सर्वाधिक आंकड़े को पार कर सकती है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड अखबार ने मंगलवार को कहा कि छात्रों की संख्या में मौजूदा वृद्धि से ऑस्ट्रेलिया की आव्रजन प्रणाली और देश के आकर्षक अंतरराष्ट्रीय शिक्षा बाजार पर संभावित दीर्घकालिक प्रभाव को लेकर सांसदों और शिक्षा क्षेत्र से लोगों ने चिंता व्यक्त की है। वैश्विक शिक्षा फर्म नवितास के जॉन च्यू ने कहा कि आने वाले छात्रों की संख्या उम्मीद से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि हम जानते थे कि संख्या में काफी वृद्धि होगी, लेकिन इसके साथ ही फर्जी छात्रों की संख्या भी बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस स्थिति से निपटने के लिए कई विश्वविद्यालय अब प्रतिबंध लगा रहे हैं। द एज और द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड अखबारों के अनुसार, विक्टोरिया विश्वविद्यालय, एडिथ कोवान विश्वविद्यालय, वोलोंगोंग विश्वविद्यालय, टॉरेंस विश्वविद्यालय और साउथ क्रॉस विश्वविद्यालय ने भारतीय छात्रों के आवेदनों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। फरवरी में पर्थ स्थित एडिथ कोवान विश्वविद्यालय ने भारतीय राज्यों- पंजाब और हरियाणा के आवेदकों पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद मार्च में विक्टोरिया विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात सहित आठ भारतीय राज्यों के छात्रों के आवेदनों पर प्रतिबंध बढ़ा दिए।

# संगीत व नृत्य से गणित-विज्ञान के सूत्र सुलझाएंगे बच्चे

## नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों के लिए चलाया गया पायलट प्रोजेक्ट रहा सफल, अब आठवी तक लागू करने की तैयारी

● योजना में नौ स्कूलों के चार हजार बच्चों को किया गया था शामिल, हिंदी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषय पढ़ाए गए

**संजय राय।** नई दिल्ली

**दिल्ली** आर्ट्स करिकुलम ने बच्चों का सीखने-सिखाने का तरीका बदल दिया है। राजधानी के सरकारी स्कूलों में बच्चों को अब हिंदी-अंग्रेजी, गणित-विज्ञान समेत अन्य विषयों को केवल किताबों से नहीं, बल्कि संगीत, नृत्य, रंगमंच कला के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। प्राथमिक कक्षाओं में हिंदी, अंग्रेजी भाषा सिखाने के लिए संगीत का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि माध्यमिक कक्षाओं में थिएटर कठिन विषयों को आसानी से समझने का जरिया बनेगा।

इस दिशा में दिल्ली सरकार अनूठी पहल करते हुए नालंदा-वे फाउंडेशन के साथ अपने 9 स्कूलों में दिल्ली आर्ट्स करिकुलम के पायलट परियोजना शुरू की थी। जुलाई 2022 से मार्च 2023 तक 9 स्कूलों में चली इस परियोजना की सफलता से गदगद सरकार आठवीं कक्षा तक इसे लागू करने की तैयारी कर रही है। दिल्ली आर्ट्स करिकुलम की सफलता को देखते हुए मंगलवार को शिक्षा मंत्री आतिशी की मौजूदगी में इसकी रिपोर्ट जारी की गई। साथ ही शिक्षा मंत्री ने छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों समेत अन्य आर्ट-वर्क की प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एक बच्चा जब रोजना सुबह घर से स्कूल आता है तो वह बहुत उर्जावान और उत्सुकता से भरा होता है। बच्चों की इस उत्सुकता को बरकरार रखते हुए उसका इस्तेमाल उसे कुछ सिखाने में किया जाए, इसके लिए बेहद जरूरी है कि पढ़ने-पढ़ाने के तरीके में कुछ बदलाव किया जाए। दिल्ली आर्ट्स करिकुलम में (शेष पेज 9)



दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने-पढ़ाने के लिए विजुअल आर्ट्स पर दिया जा रहा जोर

### क्या है दिल्ली आर्ट्स करिकुलम

**दिल्ली** आर्ट्स करिकुलम, छात्रों को आर्ट एजुकेशन देने के तरीकों में बदलाव लाने के मकसद से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। इस दिशा में दिल्ली की अनूठी सांस्कृतिक विरासत और विविधता को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ सालों में विशेषज्ञों और शिक्षकों की एक टीम द्वारा इस करिकुलम को विकसित किया गया है। ये करिकुलम 3 से 13 साल के बच्चों पर फोकस करते हुए डेवलप किया गया है, जहां मौजूदा पढ़ाने के तरीकों को (शेष पेज 9)

### बच्चों में क्या बदलाव देखने को मिले

**बच्चों** ने इमेजिनेशन के साथ अपने ओरिजिनल आर्ट वर्क बनाए। आर्ट का इस्तेमाल करते हुए बच्चे अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करने लगे। क्लास में बच्चों की उपस्थिति और सहभागिता बढ़ी। बच्चों ने अपनी स्किल्स को समझा और टीम में काम करना सीखा। इस करिकुलम के माध्यम से स्कूलों में प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को अपने टैलेंट को दिखाने का मौका मिला। साथ ही विभिन एक्टिविटीज में छात्रों के साथ उनके पेरेंट्स भी शामिल हुए।

# प्रगति तायल ने घुड़सवारी चैंपियनशिप में फिर जीता गोल्ड मेडल

## नीदरलैंड से गहन प्रशिक्षण लेकर लौटी प्रगति तायल ने दिखाई प्रतिभा

## मोदीपुरम में 14 से 16 अप्रैल तक हुई चैंपियनशिप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रेलवे** सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. डीपी गोयल एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल की भांजी प्रगति तायल ने घुड़सवारी में एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मोदीपुरम में हुई चैंपियनशिप में प्रगति ने गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया है। डॉ. डीपी गोयल, नवीन गोयल समेत अनेक लोगों ने उन्हें इस जीत के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

बीती 14 से 16 अप्रैल तक मोदीपुरम स्थित मोदी एक्वेशेरियन अकादमी में घुड़सवारी चैंपियनशिप आयोजित की गई। इसमें 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से गुरुग्राम की प्रगति तायल भी एक रहीं। घुड़सवारी में अपना करियर बनाने के उद्देश्य से भारत और भारत से बाहर दूसरे देशों में प्रगति तायल ने गहन प्रशिक्षण लिया है।


प्रगति तायल को सम्मानित करते अतिथि।

इस चैंपियनशिप से ठीक पहले प्रगति यूरोप के नीदरलैंड से घुड़सवारी का प्रशिक्षण लेकर स्वदेश लौटीं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से मोदीपुरम की चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनके इशारों पर दौड़ते हुए उनके घोड़े ने उन्हें निराश नहीं बल्कि बेहतर परिणाम देते हुए उन्हें गोल्ड मेडल जिताया। अब तक करीब 50 मेडल जीत चुकी प्रगति घुड़सवारी के खेल में हर स्तर की चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा के बल पर मेडल जीतना चाहती है। प्रगति ने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को दिल्ली के छत्तरपुर में घुड़सवारी चैंपियनशिप होनी है। उसकी की तैयारियों में वह जुट गई है। उन्हें उनके ट्रेनर तेजस धींगड़ा घुड़सवारी की बारीकियां सिखा रहे हैं, ताकि वह हर बाधा को बिना किसी बाधा के पार कर सके।

प्रगति तायल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. डीपी गोयल और पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल की भांजी हैं।

उनकी इस सफलता पर गोयल बंधुओं के साथ शहर के अनेक लोगों ने प्रगति की इस सफलता पर बधाई प्रेषित करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं में भी जीत के लिए आशीर्वाद दिया है। नवीन गोयल ने कहा कि खेल चाहे कोई भी हो, हमारे गुरुग्राम के बच्चे खेलों में अपना नाम कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस भी खेल में भाग लें, अपना पूरा समय और फोकस उस पर रखें। सफलता की यही निशानी है कि हम कड़ी मेहनत करें।

# गुरुग्राम में प्रतिभाएं तराशने को हर माह होंगी खेल प्रतियोगिताएं

## कादीपुर के स्कूल में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट बनाने पर होगा विचार

## जिला खेल परिषद की बैठक में खेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए निर्णय

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जिला** खेल परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेल विभाग द्वारा प्रत्येक माह जिला स्तर के खेल महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। खिलाड़ियों में उनके खेल के प्रति जोश व जज्बा बरकार रहे, इसके लिए जरूरी है कि समय-समय पर उनके लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।


गुरुग्राम में जिला खेल परिषद की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

डीसी एवं जिला खेल परिषद के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला खेल परिषद की बैठक हुई। निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला खेल विभाग इस प्रकार से शेड्यूल तैयार करें कि प्रत्येक माह एक गेम की प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन करवाया जा सके। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए जिला के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में इस बारे जागरूकता अभियान चलाए जाएं। कादीपुर स्कूल के मैदान पर इंडोर बैडमिंटन कोर्ट पर विचार बैठक में जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने बताया कि खेल परिषद की पिछली बैठक में नेहरू स्टेडियम में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट तथा जिम्नास्टिक हॉल का निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया था। खेल विभाग द्वारा करवाए गए सर्वे में यह देखा गया कि नेहरू स्टेडियम में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। बैठक के दौरान डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि गांव कादीपुर स्थित राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में काफी स्पेस है। ऐसे में खेल विभाग, शिक्षा विभाग के साथ मिलकर वहां इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण की संभावनाओं पर विचार कर सकता है।

**जल्द तोड़ा जाएगा खेल विभाग का पुराना भवन** : बैठक में बताया गया कि नेहरू स्टेडियम में खेल विभाग के पुराने कार्यालय व स्पोर्ट्स हॉस्टल को तोड़ने के लिए विभागीय मंजूरी मिल चुकी है। पुराने भवन को तोड़ने का एस्टीमेट तैयार कर जल्द ही उसकी बिडिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लड़कियों के लिए तीन चेंजिग रूम व दो शौचालय बनवाने के प्रस्ताव को भी बैठक में मंजूरी दी गई। बैठक में गुरुग्राम जिला परिषद की प्रमुख दीपाली चौधरी, गुरुग्राम उपमंडल के खेल उपनिदेशक गिर्राज सिंह, उप सिविल सर्जन डॉ. शेलेन्द्र, एसीपी सुरिंदर कौर, एसीपी अखिल कुमार, सीडीपीओ नेहा दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला, शिक्षा विभाग सहायक शिक्षा अधिकारी जगदीश अहलावत सहित परिषद के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# विभाग के दो अधिकारियों की लापरवाही से रास्ते जमा हो रहा है गंदा पानी



**सोहना।** दो सरकारी विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर बड़े लोगों को गंदे व बरसाती नालों का पानी रास्ते में जमा पानी में से निकलना पड़ रहा है। जबकि सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी नागरिकों को 15 से 20 दिन में होने वाली इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर पा रहे है। नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा शहर के वार्ड-19 की देवी माता मंदिर रास्ते में जमा होने वाला बरसाती व नाले का गंदा पानी की समस्या नजर नहीं आती है। शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक और वार्ड-19 के मंगलनगर गंदे नाले का पानी देवी माता मंदिर रास्ते में जमा हो जाता है। इस रास्ते से राजौरियां कॉलोनी, मंगलनगर, चुंगी नंबर एक, सुशील नगर, पुराना बस स्टैंड सहित पुराने शहर में रहने वाले नागरिकों का आवागमन है। बरसाती व गंदे नालों में कचरा भर जाने और पानी की निकासी न होने से गंदा पानी रास्ते में जमा हो जाता है।

**क्या कहना है नागरिकों का** : वार्ड-19 के निवासी संजीत सैनी का कहना है कि नाले का गंदा पानी उनके घर के मुख्य द्वार पर जमा हो जाता है। जिसके कारण उनके बच्चों को स्कूल जाते समय गंदे पानी में से ही निकलना पड़ रहा है। दोपहर के समय में पानी गर्मी के कारण कम हो जाता है। लेकिन सुबह 6 से 11 बजे तक तथा सायं सात बजे से रात्रि 9 बजे तक रास्ते में पानी जमा रहता है। गंदे पानी में मलमूंत्र तक बहकर आता है। जिससे सासें लेना भी मुश्किल हो जाता है।

**चरम रोग की बीमारी** : यहा के निवासी नेमसिंह का कहना है कि रास्ते में 15 से 20 दिन में गंदा पानी होना शुरु हो जाता है। जब तक दमदमा मोड़ पर नाले की सफाई नहीं होती। तब तक पानी रास्ते में जमा होना बंद नहीं होता है। इस गंदे पानी में से बार-बार निकलने के कारण उसके पैरो में चरम रोग हो गया है। जिसके लिए पिछले करीब तीन साल से दवा लेने के बाद चरम रोग नहीं जा रहा है।

# जर्नलिस्ट एसो. गुरुग्राम की बैठक में प्रेस क्लब, सोसायटी निर्माण पर हुआ मंथन

**गुरुग्राम।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को यहां सेक्टर-15 पार्ट-2 स्थित एसोसिशन के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में प्रेस क्लब और कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी के विषय पर चर्चा हुई। आगामी कार्यों पर ही यहां मंथन किया गया।

बैठक में प्रधान संजय यादव, प्रवक्ता संजय मेहरा, बागीश झा, धर्मबीर शर्मा, प्रवीण वत्स, संजय चौहान, बिजेंद्र कुमार, देवेंद्र शर्मा, प्रदीप निराला, योगेश कुमार, गौरव चौधरी, अशोक सारस्वत, मनोज कुमार गोयल, दिनेश कुमार सैनी, संजय चौहान, इंद्रजीत आदि सदस्यों के बीच प्रेस क्लब और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रेस क्लब के लिए मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव और वरिष्ठ अधिकारियों से एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जल्द मुलाकात करेगा। इसके अलावा कॉ-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के


जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम की बैठक में शामिल पत्रकार।

विषय पर वरिष्ठ पत्रकार बागीश झा की ओर से तमाम पहलुओं की जानकारी दी गई। सोसायटी का गठन, जमीन लेने के नियम-कायदे, सोसायटी का नक्शा, सोसायटी का निर्माण आदि विषयों पर अहम जानकारियां दी।

प्रधान संजय यादव ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से पत्रकारों के हित में अब तक दो नामी अस्पतालों से मिलकर सदस्यता कार्ड जारी करवाए गए हैं। कई पत्रकारों से इन अस्पतालों में लाभ भी लिया है। आगे और सुविधाएं मिलें, इस पर भी एसोसिएशन के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के पत्रकारों को चंडीगढ़ के बराबर सुविधाएं दिलाना एसोसिएशन के एजेंडे में प्रमुख है।

# अनाजमंडी में फड़ नहीं, शेड नहीं, परेशान हैं व्यापारी

## व्यापारियों को साथ लेकर डीसी से मिले नवीन गोयल

## डीसी ने सभी सुविधाएं दिलाने का दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** शहर का नाम तो मिलेनियम सिटी, साइबर सिटी, महानगर से दुनियाभर में मशहूर हो चुका है, लेकिन यहां की अनाजमंडी की जो दुर्गति है वह किसी सुदूर इलाके की मंडी की भी नहीं होगी। यहां ना तो फड़ है, ना शेड है। व्यापारियों को परेशानी उठानी पड़ती है।

अनाजमंडी की समस्याओं को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों से लेकर मंत्री तक ने सुधार का आश्वासन दिया है, लेकिन अभी तक


अनाजमंडी में कमियां दूर करने के लिए डीसी को मांग पत्र सौंपते नवीन गोयल व व्यापारी।

इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। अनाजमंडी में अधिकृत रूप से तो 5 गेट हैं, लेकिन यहां अवैध रूप से दीवार को तोड़कर 15 गेट बना दिये गये हैं। मंडी गेटों पर रेहड़ी वालों का भी अवैध कब्जा रहता है, जिस कारण यहां दुकानदार, व्यापारी काफी परेशान रहते हैं।

मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में मंडी के व्यापारी व दुकानदार नरेश गोयल, विजय गर्ग, हरे रामा हरे कृष्णा से अजय गोयल, रोहित राघव, सुरेंद्र कुंडू, कर्मबीर कटारिया, शिवकुमार शर्मा, अजय गुप्ता मसाले वाले, अशोक यादव, प्रवीन गुप्ता, प्रमोद मित्तल आदि डीसी निशांत कुमार यादव से मिले। व्यापारियों द्वारा बताई गई समस्याओं को डीसी निशांत कुमार यादव के समक्ष नवीन गोयल ने विस्तार से रखा। नवीन गोयल ने प्रॉपर्टी संबंधी समस्या को भी डीसी के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि जब किसी प्रॉपर्टी की आईडी बन जाती है तो फिर मुटेशन की कोई जरूरत नहीं होती। इसके बावजूद छोटे स्तर के अधिकारी लोगों को मुटेशन के नाम पर परेशान करते हैं। इसके अलावा डीसी को बताया गया कि आसपास की कालोनियों में कोई कम्युनिटी सेंटर नहीं है। एक मात्र कादीपुर में कम्युनिटी सेंटर है। इस सेंटर में कादीपुर तहसील को शिफ्ट किया गया है। जिस कारण वहां पर होने वाले आयोजनों में काफी कठिनाई आती है। इसी कम्युनिटी सेंटर में नगर निगम द्वारा अवैध हॉर्डिंग, पोल व अन्य सामान डाला जाता है। जिस कारण यहां पार्किंग की जगह पर बहुत कम बची है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने इन सब समस्याओं को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि मंडी की समस्या को लेकर वे चंडीगढ़ उच्चाधिकारियों से बात करके समाधान किया जाएगा। कादीपुर की तहसील को कहीं अन्य जगह पर शिफ्ट करके लोगों को कम्युनिटी सेंटर की अच्छी सुविधा दी जाएगी।

# 14वां नि:शुल्क याद-ए- मुशिद विकलांगता निवारण शिविर शुरू

प्रवीन शर्मा। सिरसा

**डेरा** सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह साईं शाह मस्ताना जी महाराज की पावन स्मृति में मंगलवार को शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में 14वां नि:शुल्क याद-ए- मुर्शिद विकलांगता निवारण शिविर शुरु हुआ।

इस कैंप की शुरुआत रूह दी हनीप्रीत इन्सां, डेरा सच्चा सौदा की प्रबंधन समिति के सदस्यों व शाह सतनामजी स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों व स्टाफ सदस्यों ने अरदास का शब्द बोलकर व धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा लगाकर किया गया। शाह सतनाम जी रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन सिरसा की ओर से आयोजित इस कैंप में चयनित मरीजों के ऑपरेशन, ऑपरेशन से पूर्व जांच, एक्सरे, दवाइयां व कैलीपर आदि नि:शुल्क दिए जाएंगे। वहीं कैंप में चयनित मरीजों के ऑपरेशन 19 व 20 अप्रैल को शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल के अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ऑपरेशन थिएटर में हड्डियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे। कैंप में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वेदिका इन्सां, प्लास्टिक


शाह सतनामजी स्पेशलिटी अस्पताल में 14वां नि:शुल्क याद-ए- मुर्शिद विकलांगता निवारण शिविर की शुरुआत के मौके पर अरदास करतीं रूह दी हनीप्रीत इंसा व अन्य सेवादार।

सर्जन डॉ. स्वप्निल गर्ग इन्सां, डॉ. पुनीत इन्सां, मानसा से डॉ. पंकज शर्मा, हिसार से डॉ. संजय अरोड़ा, डॉ. कुलभूषण, डॉ. सुशील आजाद, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. अजय गोपलानी, डॉ. मीना गोपलानी, फिजियोथेरेपिस्ट जसविन्द्र इन्सां व नीता सहित अनेक चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे है। शाह सतनामजी स्पेशलिटी अस्पताल के आरएमओ डॉ. गौरव अग्रवाल इन्सां ने कहा कि यह शिविर हड्डियों से संबंधित मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। शिविर में हड्डी संबंधित रोगों की जांच, ऑपरेशन सहित दवाइयां मरीजों को फ्री में दी जाती है। इस कैंप का लाभ उठाने के लिए हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मरीज आते है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वेदिका इन्सां ने कहा कि कैंप में सीटीईवी रोग व सीपी रोग संबंधी मरीज अधिक आते है। सीटीईवी रोग यानी जन्म के समय से ही बच्चों के पैर का पंजा टेढ़ा रहता, उनका यहां ऑपरेशन व फिजियोथरेपी विधि से उनका उपचार किया जाता है।

**2008 में हुई थी कैंप की शुरुआत** : नि:शुल्क याद-ए-मुर्शिद विकलांगता निवारण शिविर की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। 2020 में कोविड काल को छोड़कर हर साल यह कैंप आयोजित हुए है। अब तक इन कैंपों में 2500 से अधिक मरीजों की जांच की गई है। जिनमें से 521 मरीजों को ऑपरेशन के लिए दाखिल किया गया है। जिनकी 705 ऑपरेशन किए गए है। इसके अलावा 547 मरीजों को कैलीपर (कृत्रिम अंग) भी दिए गए है।

# अदालत ने कलयुगी पुत्र को सुनाई उम्रकैद की सजा

**गुरुग्राम।** कलयुगी बेटे द्वारा अपनी मां के साथ दुष्कर्म करने व मां को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल बिश्नोई की अदालत ने मंगलवार को आरोपी को दोषी करार दिया। उसे उम्रकैद व 20 हजार रुपये आर्थिक जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषी मौत होने तक जेल में ही रहेगा। जानकारी के अनुसार 16 नवम्बर 2020 को जिले के पटौदी थाना क्षेत्र के गांव जाटौली में निर्मला नामक एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। महिला के पति विष्णु ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा था कि निर्मला की शादी उसके भाई राकेश के साथ 25 वर्ष पूर्व हुई थी। राकेश का शादी के 3 वर्ष बाद निधन हो गया था। तभी से निर्मला की जिम्मेदारी भी उसे ही दे दी गई थी। निर्मला का बड़ा बेटा लक्की नशे का आदी है। वह परिवार के सदस्यों के साथ लड़ाई-झगड़ा भी करता रहता है। उसे भी उसने एक माह पहले घर से निकाल दिया था। उसने अंदेशा जताया था कि निर्मला के साथ शायद कुछ गलत काम हुआ है, इसका भी पता लगाया जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें दुष्कर्म किए जाने की पुष्टि भी हुई थी।

# मोबिक्विक ऐप पर यूपीआई भुगतान के लिए नहीं देना होगा कोई शुल्क

## 1-1 फीसदी इंटरचेंज शुल्क 2000 से अधिक के भुगगतान करने वाले पीपीआई मर्चेन्ट्स के लिए है

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**हाल** ही में नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा मोबिक्विक जैसे मोबाइल वॉलेट्स को यूपीआई सिस्टम में शामिल करने की अनुमति के बाद यूजर सवाल उठा रहे हैं कि क्या उन्हें यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का भुगतान करना होगा।

मोबिक्विक अपने उपभोक्ताओं को बताना चाहता है कि उन्हें मनी ट्रांसफर पर कोई शुल्क नहीं चुकाना होगा, फिर चाहे उन्हें 2000 रुपये से अधिक का भुगतान करना हो। एनपीसीआई द्वारा पेश किया गया 1-1 फीसदी इंटरचेंज शुल्क 2000 से अधिक के भुगगतान करने वाले पीपीआई मर्चेन्ट्स के लिए है, जिसका भुगतान मर्चेन्ट को ही करना होगा। अब तक यूपीआई के लिए यूजर सिर्फ लिंक किए गए बैंक खाते के माध्यम से ही भुगतान कर सकता था, फिर चाहे वह मर्चेन्ट हो या अन्य लोग। अब एनपीसीआई ने भुगतान के अन्य स्त्रोतों को भी यूपीआई सिस्टम में शामिल कर दिया है। इसका अर्थ यह है कि आप मोबिक्विक जैसे किसी भी मोबाइल वॉलेट को भी यूपीआई लेनदेन के लिए लिंक कर इसका उपयोग कर सकते हैं।

मोबिक्विक के यूजर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के यूपीआई लेनदेन जारी रख सकते हैं। नए बदलावों से आम लोगां और मर्चेन्ट्स दोनों का फायदा होगा। इससे जहां एक ओर आम यूजर के लिए भुगतान के विकल्प बढ़ेंगे, वहीं मर्चेन्ट भी विभिन्न तरीकों से भुगतान ले सकेंगे, जिससे उनके कारोबार को बढ़ने में मदद मिलेगी। भुगतान का नया सिस्टम सुनिश्चित करता है कि प्राइमरी बैंक अकाउन्ट स्टेटमेन्ट में किसी तरह की अव्यवस्था न रहे। यूज़र मोबाइल वॉलेट के जरिए छोटे-छोटे भुगतान सुरक्षित रूप से कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें बार-बार अपने प्राइमरी बैंक खाते को एक्सेस नहीं करना पड़ेगा। मोबिक्विक सुनिश्चित करता है कि पैसे भेजने के लिए यूज़र से कोई शुल्क न लिया जाए। साथ ही बैंक खाते से बैंक खाते में यूपीआई भुगतान के लिए भी कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। आरबीआई के दृष्टिकोण सहर पेमेंट डिजिटल के अनुरूप मोबिक्विक डिजिटल भुगतान को सुरक्षित एवं त्वरित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# संक्षिप्त समाचार

## बजाज मोटर्स हुआ में 50 यूनिट रक्तदान


गुरुग्राम में बजाज मोटर्स में रक्तदान शिविर में जांच करवाते कर्मचारी।

**गुरुग्राम।** मंगलवार को जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव और अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीना के दिशा-निर्देश पर नर्सिंगपुर स्थित बजाज मोटर्स में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में कंपनी के कर्मचारियों ने रक्तदान करके समाजसेवा में अपना अहम योगदान दिया। यहां 50 यूनिट रक्त दान हुआ। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने रक्तदाताओं को समय-समय पर रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उनका हौंसला बढ़ाया। शिविर में बजाज मोटर्स की ओर से चेयरमैन वीपी बजाज, एमडी विकास बजाज, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर पंकज मगन, एचआर हेड राजेश राणा ने कंपनी के कर्मचारियों को रक्त दान के लिए प्रेरित किया। सचिव विकास कुमार ने कहा कि गुरुग्राम में अगर हर कंपनी, हर संस्थान हर तीन महीने में अपने परिसर में रक्तदान शिविर लगवाएं तो जिले में रक्त की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह क्रम बनना चाहिए, ताकि मरीजों को समय पर रक्त मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का ब्लड ग्रुप रेयर है, उन्हें जरूर नियमित तौर पर रक्तदान करना चाहिए। विकास कुमार ने कहा कि हम सबके प्रयास यही रहते हैं कि रक्त की कमी के कारण किसी की जान ना जाए। किसी का जीवन रक्त देकर बचाना बहुत पुण्य का कार्य है। शिविर के आयोजन में रेडक्रॉस से लिपिक अतुल कुमार, कविता सरकार, भीम शर्मा, जयभगवान की अहम भूमिका रही। नागरिक अस्पताल ब्लड सेंटर की टीम में डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. यश, एलटी अनंता शाऊ, सुलक्षणा, नर्सिंग अधिकारी अनामिका, एलटी नीलम, सुनील सेवादार आदि शामिल रहे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सोहना।** गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर गांव धुनेला के निकट कार की टक्कर से घायल हुआ बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक गार्ड की नौकरी कर रहा था। भोंडसी पुलिस ने नामजद कार चालक के खिलाफलापरवाही बरते हुए टक्कर मारने के जुल्म में मामला दर्ज कर थ्ल्या है। उत्तर प्रदेश का जिला महोबा मूल के निवासी रोहित ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि वह हाल में सोहना की सैनी धर्मशाला के कमरा नंबर 15 में रहता है। उसके साथ उसका ममेरा भाई कृष्ण कांत भी रहता था। कृष्ण कांत गांव धुनेला के पास बनी ग्लोबल हाइट सोसायटी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। कृष्ण कांत रोजना की तरह आज सोमवार को सुबह समय पौने 8 बजे धर्मशाला से ड्यूटी पर बाइक से गया था। सुबह साढ़े 8बजे उसे फोन पर सूचना मिली कि कृष्ण कांत का एलिवेटेड मार्ग पर जाते समय ग्लोबल सोसायटी के सामने ही पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे कृपा कांत बाइक समेत सड़क पर आगे की तरफगिर गया और बेकाबू कार ने फिर से कृष्ण कांत को कुचल दिया। कार चालक की पहचान गांव बालूदा निवासी उदयसिंह के रूप में हो गई है। कृष्णकांत को गंभीर हालत में सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहा डॉक्टरों ने कृष्णकांत को मृत घोषित कर दिया। जिसका पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।


## पूर्व सैनिक से आगजनी की वीडियो बनाने पर मोबाइल छीना

**सोहना।** खंड के गांव कुलियाका में एक पूर्व सैनिक को खेत में लगी आग का मोबाइल से वीडियों बनाना उस समय भारी पड़ गया। जब गांव के ही निवासी ने उसके मोबाइल फोन को छीन लिया। सदर थाना पुलिस ने पूर्व सैनिक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफमामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। कुलियाका निवासी तस्लीम ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार की शाम को वह अपने घर में बैठा हुआ था। तभी मस्जिद से ऐलान हुआ कि समसू के खेत में आग लग गई है। वह भागकर आग वाले खेत के निकट पहुंच गया। वह अपने घर से आग बुझाने के लिए बाल्टी लेकर गया था। वह पहले खेत में लगी आग की अपने मोबाइल से वीडियों बनाने लगा। ताकि समसू को खेत में लगी आग का सही से अंदाजा आ जाए। उसी समय गांव का ही निवासी सुल्ली उर्फ सुलेमान उसके पास दौड़ता हुआ और उसका मोबाइल छीन लिया। वह उसके द्वारा बनाई गई वीडियो से गुस्सा हो गया। उसने सुल्ली से कई बार मोबाइल देने की मांग की। लेकिन वह नहीं माना और अपनी जीद पर मोबाइल को लेकर चला गया। तस्लीम ने पुलिस को दी शिकायत में आरोपी से उसका मोबाइल दिलाने की मांग की है।

## मां व दो बेटों को जमीनी रंजिश के चलते घर में घुसकर पीटा

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-4 के गांव बालूदा में दो परिवार के बीच जमीनी विवाद को लेकर चले लाठी, डंडा, सरिया और पत्थराव में मां व उसके दो बेटे घायल हो गए। घायलों को स्थानीय नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहा से तीनों घायलों को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने तीन महिलाओं समेत आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। गांव बालूदा निवासी कविता ने शहर थाना पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम को वह और उसके दोनों बेटे लोकेश व संदीप घर पर ही थे। उनका गांव के ही निवासी राजकिशोर उर्फ छोटू के साथ जमीनी विवाद में अलग-अलग अदालत में मामले विचाराधीन है। जबकि राजकिशोर उर्फछोटू समेत अन्य दोषियों को अदालत द्वारा सजा सुनाई हुई है। लेकिन राजकिशोर उर्फ छोटू उन्हे डरा-धमाकर विचाराधीन मामलों को समाप्त किए जाने का दबाव बनाते रहते है। शुक्रवार को राजकिशोर, उसकी पत्नी, बेटी समेत सौरभ, कपिल, विनोद बबली, बेबी आदि अपने-अपने हाथों में लाठी, डंडा, सरियां, साईकिल का एक्सएल सहित अन्य वस्तुएं लेकर उनके घर में घुस आए। जिन्होने बिना कुछ कहे उसके तथा उसके दोनों बेटों के साथ मारपीट शुरु कर दी। देखते-देखते हमला करने वालों ने उन्हे लहूलुहान कर दिया। आरोपियों की तरफसे आए महिलाओं ने उन्हे पत्थर तक फेंककर मारे। जाते समय उन्हे अदालत में चल रहे मामलों को वापस न लेने पर जान से मार देने की धमकी देकर चले गए थे।

## किसानों से खरीदी गई सरसों का ऑनलाइन भुगतान सुरू



**सोहना।** स्थानीय अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद कर रही हेफेड एजेंसी द्वारा किसानों को उनकी फसल का भुगतान करना की कवायद शुरु कर दी है। 230 किसानों की 4900 क्विंटल सरसों का ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया होने का दावा किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के किसानों की फसल का ऑनलाइन भुगतान किए जाने की घोषणा को सरकारी एजेंसी हेफेड ने कवायद शुरु कर दी है। हेफेड द्वारा किसानों से खरीद गई सरसों का तुरन्त प्रभाव से साथ के साथ पंजीकरण भी किया जा रहा है। अनाज मंडी से सरकार के खाते में खरीदी गई सरसों का लदान करके तावडू में बना हरियाणा कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी के वेयर हाउस में भेजा जा रहा है। अनाज मंडी में वैसे तो अब तक सरसों की कुल आवक 19 हजार के लगभग हुई है। जिसमें से 8 हजार क्विंटल सरकार के खाते में खरीदी है। खरीदी गई 8 हजार क्विंटल सरसों में से 4900 क्विंटल सरसों का लदान करके वेयर हाउस में भेजा गया है। एक दिन में दो से तीन गाड़ियों लोड हो रही है। हेफेड द्वारा अनाज मंडी में से वेयर हाउस भेजी गई सरसों का जनरेट साथ के साथ किया जा रहा है। सरसों का समर्थन मूल्य 5450 रुपये क्विंटल के हिसाब से अब तक 290 किसानों की 4900 क्विंटल सरसों का लदान किया जा गया है। 290 किसानों की सरसों का अब तक ऑनलाइन 2 करोड़ 67 लाख 5 हजार रुपये का भुगतान ऑनलाइन कर दिया है। स्थानीय मंडी में सरसों की प्रदेश की अन्य मंडियों की अपेक्षा रिकार्ड तोड़ खरीद हुई है। जिन किसानों की सरसों का लदान करके वेयर हाउस में पहुंचा दिया है। उनका साथ के साथ ऑनलाइन भुगतान कर दिया है।

## कांग्रेस की मांग

### जाति गणना

**कांग्रेस** द्वारा जाति गणना की मांग देश तथा स्वयं उसके लिए खतरनाक है। कांग्रेस जातीय राजनीति का खतरनाक खेल खेल रही है। कर्नाटक के कोलार में एक चुनाव रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने जाति गणना के परिणाम घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा, 'संप्रग ने 2011 में जाति-आधारित गणना कराई थी। इसमें सभी जातियों का डेटा है। प्रधानमंत्री जी आप ओबीसी की बात करते हैं। यह डेटा सार्वजनिक करें। राष्ट्र को पता होना चाहिए कि देश में कितने ओबीसी, दलित व आदिवासी हैं।' उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार में सचिवों के पद पर केवल 7 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग-ओबीसी, दलित व आदिवासी हैं। राहुल गांधी आरक्षण पर किसी सीमा के भी खिलाफ हैं। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल में 2011-12 में सामाजिक आर्थिक व जाति गणना-एसईसीसी कराई गई थी। हालांकि, यह मांग समाज के एक हिस्से को किसी चुनाव क्षेत्र या राज्य में प्रभावित करने के लिए नई नहीं है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी उसी दिन यही मांग की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि जनगणना का डेटा प्रकाशित नहीं हुआ 'जबकि कांग्रेस तथा अन्य सांसदों ने आपकी सरकार के मई, 2014 में सत्ता में आने के समय ही यह मांग की थी।' उन्होंने कहा कि अद्यतन जाति गणना की अनुपस्थिति में सामाजिक न्याय व सशक्तीकरण कार्यक्रम अधूरे रहेंगे। जहां देश की सबसे पुरानी पार्टी का जाति गणना पर दृष्टिकोण खतरनाक है, वहीं डेटा जारी करने के उसके तर्क



पूर्णतः गलत हैं। पहला, कांग्रेस एक राष्ट्रीय व सर्व-समावेशी पार्टी है और उसके द्वारा समाज के केवल एक वर्ग के प्रति संवेदनशीलता दिखाना हानिकारक हो सकता है। इसी कारण कांग्रेस ने कभी मंडल आयोग संस्तुतियों व सामाजिक न्याय नारेबाजी, आदि के प्रति उत्साह नहीं दिखाया था। लगभग एक दशक तक श्रीमती इंदिरा गांधी व राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकारों ने मंडल रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाले रखा। यहां तक कि जब पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने इसके क्रियान्वयन की घोषणा की, तब भी राजीव गांधी ऐसे बहुत कम मुख्यधारा राजनेताओं में शामिल थे जिन्होंने रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। उन्होंने उचित ही वीपी सिंह की उनकी जिद के लिए निन्दा करते हुए कहा था, 'हमें एक आदमी की जिद से भारत को बंधक नहीं बनने देना चाहिए। इस आदमी की जिद से जातीय युद्ध नहीं होने देना चाहिए।' लेकिन दुर्भाग्य से उनके बेटे ने इन बुद्धिमत्तापूर्ण शब्दों की अनदेखी की है। बिहार में अपने सहयोगियों को खुश करने के प्रयास में राहुल गांधी मंडल व वीपी सिंह के वैचारिक व राजनीतिक वारिसों के विचारों को स्वर दे रहे हैं। कांग्रेस की मांग गलत है। यह इस भ्रामक अवधारणा पर आधारित है कि जनसंख्या की विस्तृत जातीय संरचना जाने बिना कल्याणकारी उपायों का क्रियान्वयन नहीं किया जा सकता है। इसे हालिया वर्षों में मोदी सरकार द्वारा शुरू व क्रियान्वित अनेक योजनाओं ने खारिज कर दिया है। तकनीक पर भारी निर्भरता तथा निश्चित रूप से सीधे लाभार्थी तक पहुंचने की राजनीतिक प्रतिबद्धता के चलते सरकार उल्लेखनीय सफलता के साथ इनके क्रियान्वयन में सफल हुई है। मोदी सरकार की इस मामले में सफलता अनेक चुनाव परिणामों से स्पष्ट है। कांग्रेस के लिए अच्छा होगा कि वह मुख्यधारा के विरोध में चलने का विचार न करे।

# खाद्य सुरक्षा का तार्किक दृष्टिकोण

भारत ने खाद्य सुरक्षा पर विकसित देशों के दावे खारिज कर दिए हैं। भारत की सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच ने दुनिया में खाद्य सुरक्षा प्रोत्साहित की है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले महीने विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ की कृषि समझौते के क्रियान्वयन-एओए पर निगरानी रखने वाली कृषि समिति बैठक-सीओए में अमेरिका व कनाडा समेत विकसित देशों ने भारत के सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच कार्यक्रम की निन्दा करते हुए कहा कि 'इसमें खासकर चावल के लिए भारी सब्सिडी दी गई है और यह दूसरे देशों की खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर रहा है।' भारत ने इस दावे का जवाब देते हुए कहा कि किसी नकारात्मक प्रभाव के बजाय पीएसएच कार्यक्रम दूसरे देशों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद कर रहा है। इसके पीछे तर्क यह है कि भारत ने 2021 में 800 मिलियन लाभार्थियों को 58 मिलियन टन चावल वितरित किया। इससे बड़ी संख्या में लोगों को भोजन देने में सहायता मिली क्योंकि सरकार ने पीएसएच कार्यक्रम के अंतर्गत समुचित मात्रा में स्टाक रखा था। यदि ऐसा न होता तो वह अपनी आवश्यकताओं के लिए बाकी दुनिया पर निर्भर रहता। उस साल चावल का वैश्विक निर्यात केवल 56 मिलियन टन था जिसके कारण इसके दाम तेजी से बढ़ते तथा छोटे देशों की खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती। इससे कम विकसित देश-एलडीसी गंभीर संकट में फंस जाते। इस प्रकार अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर हमने अन्य देशों की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की है। खाद्य सुरक्षा पर विकसित देशों को भारत द्वारा खारिज करना तार्किक व समझ में आने वाला है। लेकिन दूसरे देशों के इस आरोप का क्या जवाब है कि हमारी पीएसएच व्यवस्था भारी सब्सिडी पर आधारित है? कई साल से डब्लूटीओ में सरकार इसका सफल जवाब देने में विफल रही है। इसका कारण समझने तथा बेहतर परिणामों के लिए हमें इस बात पर गौर करना होगा कि पीएसएच कार्यक्रम कैसे काम करता है और इसका एओए से क्या संबंध है।

पीएसएच के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां किसानों से गेंहू, धान व मोटे अनाज न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीदती हैं और इसे 2,3,1 रुपये की सस्ती कीमतों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत भारत के गरीबों व संकटग्रस्त लोगों को वितरित करती हैं। एमएसपी तथा हैंडलिंग, भंडारण व वितरण पर बिक्री की तुलना में होने वाला अतिरिक्त खर्च केन्द्रीय बजट से सब्सिडी के रूप में दिया जाता है। इसमें एमएसपी के रूप में किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी या डब्लूटीओ की शब्दावली में एक्सटर्नल रिफरेंस प्राइस-ईआरपी तथा खाद्यान्न उपभोक्ता को दी जाने वाली सब्सिडी है जो ईआरपी से अधिक होती है। डब्लूटीओ का सरोकार 'विशिष्ट उत्पाद' सब्सिडी से है। उसे कृषि में अन्य निवेशों, जैसे उर्वरकों, बीज, सिंचाई, बिजली, आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी पर भी चिन्ता है जिसे 'गैर-विशिष्ट उत्पाद' सब्सिडी कहा जाता है। एओए के अंतर्गत उत्पाद व गैर-उत्पाद विशिष्ट सब्सिडी या कुल मेज़रमेंट सपोर्ट-एएमएस को विकासशील देश के कृषि उत्पादन के मूल्य के 10 प्रतिशत पर सीमित किया गया है।

यदि कोई सदस्य देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो इसे उल्लंघन माना जाता है। एओए 1995 में लागू हुआ। भारत के लिए 2005 तक एमएसपी ईआरपी से कम था। इसके बाद एमएसपी ईआरपी से अधिक हो गया और पिछले दशक में यह खाई और बड़ी हो गई। उदाहरण के लिए, 2018-19 में चावल के मामले में एएमएस 11 प्रतिशत था जो 10 प्रतिशत की सीमा से अधिक था। 2019-20 में यह और बढ़ कर 13.7 प्रतिशत रह गया।

लगभग एक दशक से अन्य विकासशील देशों के साथ भारत डब्लूटीओ में इस स्थिति से बाहर निकलने का प्रयास कर रहा है। बाली में 2013 में हुए नवें मंत्रिमंडलीय सम्मेलन में उसने एक 'शांति क्लाज़' मंजूर करवाने में सफलता पाई थी। इसमें कहा गया था कि 'यदि किसी विकासशील देश को एएमएस 10 प्रतिशत से अधिक होता है तो कोई सदस्य देश इसे 2017 तक चुनौती नहीं देगा जब डब्लूटीओ स्थाई समाधान पर गौर करेगा।' दिसंबर, 2014 में आयोजित आम सभा में इस प्रतिबंध में संशोधन कर कहा गया कि 'स्थाई समाधान तलाशने तक शांति क्लाज़ बना रहेगा।' लेकिन शांति क्लाज़ के साथ अनेक शर्तें भी हैं, जैसे खाद्यान्न खरीद, भंडारण, वितरण व सब्सिडी पर डेटा पेश करना। इनमें यह स्थापित करना भी शामिल है कि सब्सिडी के कारण 'व्यापार विकृति' नहीं हो रही है। भारत ने डब्लूटीओ में कई बार चावल पर सब्सिडी के 10 प्रतिशत से अधिक होने पर 'शांति क्लाज़' का लाभ उठाया है। लेकिन विकसित देशों ने इस पर आपत्ति करते हुए 'सुरक्षा उपायों' तथा 'पारदर्शिता' दायित्वों पर जोर दिया है। सरल भाषा में कहा जाए तो वे पीएसएच कार्यक्रम का सारा डेटा डब्लूटीओ की निगरानी में लाना चाहते हैं। हम इसे अनदेखा नहीं कर सकते हैं क्योंकि चुनौती से बचने के लिए ऐसा करना आवश्यक है। सबसे खराब शर्त अधिक सब्सिडी देने वाले भारत जैसे देश द्वारा यह सिद्ध करना है कि इससे 'व्यापार विकृति' नहीं पैदा हो रही है। सवाल है कि क्या व्यापार विकृति जैसी स्थिति पैदा हो सकती है? यह स्थिति उस समय पैदा हो सकती है जब सरकारी एजेंसियों के पास केवल एनएफएसए के अंतर्गत लाभार्थियों को दी जाने वाली मात्रा इसके बजाय अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंच जाए। पीएसएच योजना के क्रियान्वयन के तरीके से इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। इसका कारण यह है कि एजेंसियां अतिरिक्त भंडारण से मुक्ति पाने के लिए इसे खुला बाजार बिक्री योजना-ओएमएसएस के अंतर्गत नीलाम कर देती हैं जिसमें निजी हितधारक, व्यापारी, आदि भी भाग ले सकते हैं। ऐसी नीलामियों से प्राप्त अनाज को निजी व्यापारी किसी भी तरह बेच सकते हैं जिसमें निर्यात भी शामिल है। इस प्रकार का तर्क डब्लूटीओ की सीओए में सामने आ चुका है। विकसित देशों का तर्क है कि भारत ने विशाल भंडार बनाया है और वह अतिरिक्त अन्न का निर्यात कर रहा है। भारत का यह तर्क ज्यादा प्रभावी नहीं लगता है कि ओएमएसएस में 'सभी बोलीकर्ताओं के समक्ष शर्त रखी जाती है कि वे इसका निर्यात नहीं करेंगे।' इस बीच भारत ने जी-33, अफ्रीकन ग्रुप तथा एसीपी-अफ्रीका, कैरिबियन व पैसिफिक के समक्ष प्रस्ताव रखा है कि डब्लूटीओ से 'खाद्य सुरक्षा पर पीएसएच के संपूर्ण पृथक्करण' को कहा जाए। विकसित देशों का गठबंधन व एलडीसी चाहते हैं कि इसे 'स्थाई समाधान' के रूप में स्वीकार किया जाए जिसे 2013 में एमसी-9 तथा दिसंबर, 2014 में जीसी में रखा गया था। वे चाहते थे कि 12-17 जून, 2022 को जेनेवा में एमसी-12 बैठक में इस पर विचार किया जाए। लेकिन यह मुद्दा वार्ता में नहीं रखा गया।

लेकिन जी-33 प्रस्ताव से भारत संकट में फंस सकता है। भारत जिस प्रकार अपना पीएसएच कार्यक्रम चलाता है तथा वर्तमान समय में सरकार जिस प्रकार खासक गेंहू व चावल के लिए खुली खरीद नीति अपना रही है उससे एजेंसियां अधिकतम संभव मात्रा में किसानों से लगातार बढ़ते एमएसपी पर खरीद करती हैं। इसका कारण वोटबैंक राजनीति है। इस खरीद का एनएफएसए के अंतर्गत आवश्यकता से कोई संबंध नहीं है। इस प्रकार अतिरिक्त भंडार का एक हिस्सा अपरिहार्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंच जाता है। इस दृष्टिकोण से भारत को कभी न मिलने वाले पूर्ण अपवाद के बजाय समस्या के मूल कारण पर गौर करना चाहिए। इसका संबंध एओए के अंतर्गत एएमएस की गणना से है जिसे 1995 में स्वीकार किया गया था। इसमें अनेक गलतियां हैं। ईआरपी को 1986-88 के मूल्य पर स्वीकार किया गया था, कम संसाधनों वाले किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को इसमें शामिल नहीं किया गया था तथा पीएसएच के लिए खरीदी मात्रा के बजाय कुल उत्पादन को गणना में शामिल किया गया था। इन कमियों के कारण एएमएस 'कृत्रिम' रूप से बढ़ जाता है जिससे भारतीय सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा से बाहर चली जाती है। भारत को आक्रामक रूप से ये गलतियां दूर करने के लिए दबाव डालना चाहिए। इसके साथ ही यह हमारे हित में है कि सरकार किसानों से खुली खरीद पर लगाम लगाए तथा कृषि-बाजार सुधार करे। इससे किसानों को राज्य की सहायता के बिना अपने उत्पादों की अच्छी कीमत प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

# मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाए आरबीआई

"आरबीआई का प्राथमिक काम मूल्य स्थिरता बनाए रखना है"

**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)



भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने 6 अप्रैल 2023 को अपनी नवीनतम द्विमासिक बैठक के दौरान रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित छोड़ने के लिए मतदान किया। वित्तीय मीडिया की रिपोर्ट है कि निर्णय बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप था।, क्योंकि केंद्रीय बैंक का लक्ष्य विकास और मुद्रास्फीति की चिंताओं को संतुलित करना है। इस तरह की रिपोर्टिंग से यह भी पता चलता है कि आरबीआई मूल्य स्थिरता बनाए रखने की अपनी सौंपी गई प्राथमिक भूमिका के लिए जिम्मेदार होने की तुलना में उधारकर्ताओं की अधिक देखभाल कैसे करता है। भारतीय रिजर्व बैंक की प्राथमिक भूमिका : भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट गर्व से अपनी प्रस्तावना को भारत में मौद्रिक स्थिरता हासिल करने और आम तौर पर देश की मुद्रा और क्रेडिट प्रणाली को अपने लाभ के लिए संचालित करने की दृष्टि से बैंक नोटों के मुद्दे को विनियमित करने और भंडार रखने के रूप में घोषित करती है; विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए तेजी से जटिल अर्थव्यवस्था की चुनौती का सामना करने के लिए एक आधुनिक मौद्रिक नीति ढांचा तैयार करना। आरबीआई समय पर कार्रवाई करने में विफल रहा : जैसा कि दुनिया भर में स्वीकार किया जाता है, केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दर को एक हथियार के रूप में उपयोग करते हैं और इसके लिए केंद्रीय बैंक से समय पर हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। अतीत में, जब मुद्रास्फीति की दर बढ़ रही थी, यह रिकॉर्ड में है कि आरबीआई ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे मुद्रास्फीति नियंत्रण से बाहर हो गई और बाद में आरबीआई द्वारा सुधार किया गया। 2016 में मौद्रिक नीति ढांचे के कार्यान्वयन के बाद पहली बार, आरबीआई को जनवरी 2022 से शुरू होने वाली लगातार तीन तिमाहियों के



लिए खुदरा मुद्रास्फीति की दर छह प्रतिशत से नीचे रखने में विफल रहने पर सरकार को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी पड़ी। उक्त स्पष्टीकरण है सार्वजनिक डोमेन में नहीं है लेकिन संभावना है कि आरबीआई उस समय प्रचलित कोविड स्थिति के तहत शरण ले सकता था। निम्नलिखित पर्याप्त रूप से प्रदर्शित करेगा कि कैसे आरबीआई बस से चूक गया है। वर्ष 2020 के दौरान, महीने-वार मुद्रास्फीति के आंकड़े इस प्रकार रहे- 7.6, 6.6, 5.8, 7.2, 6.3, 6.2, 6.7, 6.7, 7.3, 7.6, 6.9 और 4.6 प्रतिशत। 2021 में, महीने-वार मुद्रास्फीति के आंकड़े इस प्रकार थे- 4.1, 5.0, 5.5, 4.2, 6.3, 6.3, 5.6, 5.3, 4.3, 4.5, 4.9 और 5.7 प्रतिशत। लेकिन इस दौरान आरबीआई क्या कर रहा था? आरबीआई 2018 से रेपो रेट करीब दो साल से कम करने जा रहा था। केवल 4 मई 2022 को इसने रेपो दर में केवल 0.40 प्रतिशत की वृद्धि करके प्रवृत्ति को उलट दिया। आइए अब पिछले 14 महीनों के दौरान महंगाई दर पर नजर डालते हैं, यह जानने के लिए कि क्या आरबीआई ने महंगाई पर पकड़ बनाई है। जनवरी 2022 से फरवरी 2023 तक मुद्रास्फीति की दर इस प्रकार है : 6.00, 6.10, 7.00, 7.80, 7.00, 7.00, 6.70, 7.00, 7.40, 6.80, 5.90, 5.70, 6.70, 6.50 और 6.40 प्रतिशत। आरबीआई को प्लस या माइनस 2 प्रतिशत भिन्नता के साथ 4 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर बनाए रखने के लिए अनिवार्य किया गया है। दो प्रतिशत भिन्नता की गद्दी प्रदान की गई है क्योंकि कभी-कभी विभिन्न अचानक प्रवाह और बहिर्वाह के साथ, आरबीआई को कार्य करने और मुद्रास्फीति को सीमा के भीतर लाने के लिए समय की आवश्यकता हो सकती है। 2022 के दौरान, नौ महीनों के लिए मुद्रास्फीति की ऊपरी सीमा का उल्लंघन किया गया था और यहां तक कि वार्षिक मुद्रास्फीति की दर भी ऊपरी सीमा स्तर से अधिक थी। मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए आरबीआई द्वारा रेपो दर नहीं बढ़ाने के तर्क को समझने में कोई विफल रहता है। अन्य कारकों की अनदेखी की पिछले रेपो संशोधन के बाद से बैंक के जमाकर्ताओं को मुद्रास्फीति के समायोजन के बाद कुछ सकारात्मक ब्याज मिलना शुरू हो गया है क्योंकि बैंकों ने जमा दरों को ऊपर की ओर संशोधित किया है। दरों को थामने के मौजूदा फैसले से निश्चित तौर पर महंगाई बढ़ेगी और एक बार फिर जमाकर्ताओं पर जुर्माना लगेगा। ओपेक और उसके सहयोगी, रूस सहित, हाल ही में कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती को बढ़ाकर 3.66 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) या वैश्विक मांग का 3.7त्न करने पर सहमत हुए। इससे कच्चे तेल की कीमत में तेजी आने वाली है। हमारा आयात बिल बढ़ेगा। डॉलर के मुकाबले रुपए पर दबाव रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अप्रत्याशित रूप से रेपो दर अपरिवर्तित रखने के बाद अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट की खबर इस विचार की पुष्टि करती है। आरबीआई नीति घोषणा से पहले रुपया 82.06 प्रति अमेरिकी डॉलर बनाम 81.88 के निचले स्तर तक गिर गया। ये सभी अतिरिक्त मुद्रास्फीति में योगदान देंगे। भारत में बैंकिंग प्रणाली मजबूत है और महंगाई पर काबू पाने के लिए रेपो वृद्धि पर रोक लगाने की जरूरत नहीं है। ऐसा महसूस किया जा रहा है कि आरबीआई ग्रोथ को ज्यादा तवज्जो दे रहा है। ऐसा लगता है कि आरबीआई ने पिछले वर्षों में मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में अपनी विफलता से सबक नहीं सीखा है।

## आप की बात

### महाराष्ट्र सरकार

**सुप्रीम कोर्ट** के फैसले में अगर शिवसेना शिंदे गुट के 16 विधायक अगर अपात्र भी घोषित होते हैं तो भी भाजपा-शिवसेना शिंदे गुट की इस सरकार के गिरने की कोई संभावना नहीं है। यह बात आज रांकापा के अजित पवार कह रहे हैं तो इस बात में दम है ऐसे में इन बातों से इस सरकार को तो अवश्य ही जीवनदान मिल जाता है। यह वही अजित पवार है जो एक जमाने में भाजपा से पहले भी हाथ मिला चुके थे। आज यह कहना अनुचित न होगा कि अब इस सरकार के गिरने की कोई संभावना नहीं है। इस सरकार को गिराने के बारे में कम से कम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तो कतई नहीं सोच रही है क्योंकि खुद शरद पवार का भी यही कहना है कि अगर कोई विधायक भी अगर भाजपा में व्यक्तिगत रूप से शामिल होता है तो हम कोई कार्यवाही नहीं करेंगे। महाराष्ट्र के राजनीतिक भविष्य के विषय में अब यही कहा जा सकता है कि यह सरकार अपना कार्यकाल आसानी से पूरा करने जा रही है। यह भी कहा जा सकता हैं कि अब अगला चुनाव भी भाजपा एवं शिंदे शिवसेना साथ-साथ चुनाव भी लड़ सकती है। तब तक शायद उद्धव शिवसेना और कमजोर हो जाए। इस प्रकार महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी का कोई भविष्य नहीं है।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### विपक्षी एकता

**बिहार** के पूर्वी चम्पारन में जहरीली शराब पीने से अब तक 30 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अभी भी कई लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। पिछले साल भी इसी तरह की घटना में दर्जनों लोग काल के गाल में समा गये थे। शराब किसी भी राज्य के राजस्व का महत्वपूर्ण श्रोत है। लेकिन राजस्व घाटे को दरकिनार करते हुए नीतीश सरकार ने 2016 मे ही पूरे राज्य में शराब बंदी का ऐलान किया था। सरकार ने इस कड़े फैसले से उन परिवारों को खुशियों की सौगात देने की कोशिश की जिनकी खुशियों में शराब ने जहर घोल दिया था। सरकार द्वारा शराबबंदी को कड़ाई से लागू करने के लिए अनेक कायदे कानून बनाये गये। जेल एवं जुर्माना जैसे अनेक प्रावधान किये गये। लेकिन इसके बावजूद भी इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति हो रही है तो यह सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाला है। बिहार में शराब माफिया नियमों और आदेशों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अपना व्यापार चला रहे हैं और शराब बंदी आम लोगों के लिए नासूर बनती जा रही है। नीतीश कुमार को इस मुद्दे पर खुले मन से विचार करना चाहिए।

– **शिवेंद्र यादव,** लखनऊ

### प्रशासनिक लापरवाही

**महाराष्ट्र भूषण सम्मान** कार्यक्रम के दौरान नवी मुंबई में हीटवेव के कारण 11 लोगों की मौत हो जाने और कई लोगों के रूप लगने से बीमार हो जाने की घटना कई गंभीर संकेत दे रही है। पर्यावरण विनाश के चलते धरती निरंतर गर्म हो रही है मगर पर्यावरण सुधारने पर शासन-प्रशासन ज्यादा गंभीर नहीं है। इतनी तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप में दोपहर में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित करके बिना छांव का इंतजाम किए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन प्रशासन की लापरवाही प्रकट करता है। इतनी भयंकर गर्मी में भी नेताओं की चुनावी सभाओं, रैलियों आदि में लोगों को बड़ी संख्या में एकत्रित करने का चलन सा चल पड़ा है। उक्त दुखद घटना को देखते हुए अब सरकार को दोपहर बारह बजे से शाम चार बजे के बीच में किसी भी प्रकार के बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम खुले में करने पर कम से कम जून माह तक पाबंदी लगा देना चाहिए। लोगों को भी ऐसी भीड़ में जाने से बचना चाहिए। विधानसभा चुनाव प्रचार में निर्वाचन आयोग को भी समुचित दिशानिर्देश देने चाहिए ताकि प्रशासनिक लापरवाही से अकारण लोगों की जान न जाए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### सीबीआई को सलाम

**अरविंद केजरीवाल** को सीबीआई द्वारा तलब किया जाना और उसी संदर्भ में 1 दिन का विधानसभा सत्र बुलाना, सड़कों पर अपने समर्थकों के साथ नारेबाजी करना तथा गांधी जी को भी इसमें शामिल करना व उनकी समाधि पर जाकर ड्रामा करना। यह सब क्यों? क्यों नहीं वह चुपचाप सीबीआई के सामने पेश होकर उसके 56 सवालों का जवाब दे आते? परंतु नहीं उन्होंने इसका डंका न सिर्फ दिल्ली में बल्कि पूरे देश में बजाया और चोर चोर मौसेरे भाई की कहावत को चरितार्थ करते हुए सभी विपक्षी दलों के साथ बीजेपी के खिलाफ गठबंधन में शामिल होने की बात कही। जबकि सीबीआई के खिलाफ दबाव बनाने का काम जिन्हें नोटिस मिलता है वही नेता करने लगता है। एक आम आदमी पुलिस की पूछताछ में बिना ना नुकुर के सब कुछ बोल देता है, मगर नेता लोग सीबीआई या किसी भी जांच संस्था से कतई सहयोग नहीं करते। इन कठिन दबावपूर्ण स्थितियों में भी सीबीआई को सलाम है कि वह इतनी गालियां खाकर भी मुस्तैदी से अपना काम करती है। कानून वास्तव में सबके लिए बराबर है।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 19 अप्रैल 2023



# वस्त्रोद्योग के एक नए हब के रूप में स्थापित होगा यूपीः मुख्यमंत्री

- यूपी में वस्त्रोत्पादन के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं विद्यमानः पीयूष गोयल
- आगामी 6 से 8 माह में 10 लाख करोड़ रुपए तक के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार होंगे
- लखनऊ-हरदोई सीमा पर मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए वस्त्र मंत्रालय व यूपी सरकार के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के लिए उत्तर प्रदेश का चुना जाना सौभाग्य की बात है। इस एमओयू से उत्तर प्रदेश के पुरातन गौरव को पुनः देने की शुरुआत हुई है। मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से उत्तर प्रदेश वस्त्रोद्योग के एक नये हब के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुमानतः आगामी 6 से 8 माह में 10 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्ताव ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार होंगे, जिनके शुभारम्भ एवं शिलान्यास के कार्यक्रम राज्य सरकार आगे बढ़ायेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात मंगलवार को लोक भवन में जनपद लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के मध्य अनुबन्ध पत्र कार्यक्रम के अवसर पर कही। इस अवसर पर पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन और कुछ उद्यमियों के मध्य भी एमओयू किये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क देश के शेष 6 मेगा टेक्सटाइल पार्क में सबसे पहले धरातल पर कार्य करता हुआ दिखायी देना चाहिए। सभी प्रक्रियाओं और औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा किया जाए। आगामी 15 दिनों में मेगा टेक्सटाइल पार्क का कार्य प्रारम्भ किया जाए, ताकि आगामी डेढ़ से दो माह में प्रधानमंत्री के कर कमलों से इस पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास कराया जा सके। यह मेगा टेक्सटाइल पार्क प्रदेश के लाखों नौजवानों की नौकरी और रोजगार की सम्भावनाओं को विकसित करेगा और प्रदेश में निवेश की सम्भावनाओं को आगे बढ़ायेगा। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से राज्य में जो आशाएं विकसित हुई हैं, उन्हें यह मेगा टेक्सटाइल पार्क एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के बेहतरीन गन्तव्य के रूप में उत्तर प्रदेश ने अपने आपको स्थापित किया है और इस क्षेत्र में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश सरकार एक बेहतरीन वस्त्र एवं गारमेण्टिंग नीति 2022 लायी है। राज्य सरकार ने वस्त्रोद्योग के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए एक इन्टर्नशिप स्कीम निकाली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्त्रोद्योग क्षेत्र, कृषि क्षेत्र के बाद सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। उत्तर प्रदेश में वस्त्रोद्योग की समृद्ध परम्परा रही है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हैण्डलूम व पावरलूम का कार्य होता है। जनपद वाराणसी व आजमगढ़ की सिल्क की साड़ियां, भदोही की कालीन, लखनऊ की चिकनकारी, सहारनपुर के क्राफ्ट उत्पाद हमारी समृद्ध परम्परा को प्रदर्शित करते हैं। कानपुर वस्त्रोद्योग का केन्द्र बिन्दु रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रगति आज किसी से छुपी हुई नहीं है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान निवेशकों की रुचि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने की रही। इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अनुमान से अधिक लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश की टीम इन निवेश प्रस्तावों को लेकर आगे बढ़ रही है। निवेश सारथी के माध्यम से एमओयू की नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है। ऑनलाइन सिंगल विण्डो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से निवेशकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करायी जा रही हैं तथा निवेश को धरातल पर उतारा जा रहा है। उद्यम लगने के बाद निवेशकों को समय से इन्सेन्टिव प्रदान करने के लिए ऑनलाइन इन्सेन्टिव मैनेजमेण्ट सिस्टम लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश को देश की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वस्त्र मंत्री भारत सरकार पीयूष गोयल ने कहा कि जनपद लखनऊ व हरदोई की सीमा में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच आज एमओयू हस्ताक्षरित हो गया है।

## पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला का निधन सीएम ने शोक जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वरिष्ठ नेता** व पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला का मंगलवार को निधन हो गया। शुक्ला काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भी पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरोजनी नगर विधानसभा से तीन बार विधायक रहे शारदा प्रताप शुक्ल के निधन से पार्टी और परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। शारदा प्रताप शुक्ला के निधन पर सरोजनीनगर से वर्तमान विधायक राजेश्वर सिंह ने भी शोक प्रकट किया है। विधायक राजेश्वर सिंह ने ट्वीट कर लिखा कि मैं स्तब्ध हूं, निःशब्द हूं। उन्होंने इसे व्यक्तिगत क्षति बताया। राजेश्वर सिंह ने कहा कि इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदना शोकसंतप्त परिजनों के साथ है। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।



# बारहसिंघा व सारस के संरक्षण के लिए तैयार की जाए कार्ययोजनाः सीएम

- योगी ने कहा, प्रकृति प्रेमियों का नया गंतव्य होगा कुकरैल नाइट सफारी और रानीपुर टाइगर रिजर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह सुखद है कि नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से अविरल और निर्मल हो रहीं गंगा नदी में डॉल्फिन की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसी प्रकार हमें प्रदेश के राज्य पशु 'बारहसिंघा' और राज्य पक्षी 'सारस' के संरक्षण के लिए नियोजित प्रयास करने होंगे। इस संबंध में कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड की 14वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में प्रदेश की जैव विविधता को संरक्षित करने और इको पर्यटन की संभावनाओं को विस्तार देने सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्यमंत्री द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कुकरैल नाइट सफारी लखनऊ और रानीपुर टाइगर रिजर्व, चित्रकूट के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। इस संबंध में वन्य जीव विभाग, नगर विकास, पीडब्ल्यूडी और आवास विभाग मिलकर अच्छी कार्ययोजना तैयार करें। यह दोनों परियोजनाएं प्रदेश की प्राकृतिक सुषमा और जैव विविधता को नई पहचान देने वाले होंगी। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह दोनों नवीन स्थल एक उपहार होंगे। इस संबंध में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियोजित प्रयासों से प्रदेश में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2014 में कुल 117 बाघ प्रदेश में थे जो 2018 में बढ़कर 173 हो गए हैं। विगत दिनों जारी रिपोर्ट में शिवालिक एंड गंगा प्लेन लैंडस्केप में 804 बाघों के होने की पुष्टि हुई है। यह सुखद संकेत है। जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में हमें अपने प्रयास सतत जारी रखना चाहिए।

राज्य वन्य जीव बोर्ड के सदस्यों द्वारा इस क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा वन्य जीव क्षेत्रों और इको टूरिज्म साइट का भ्रमण किया जाना चाहिए, ताकि नेचर टूरिज्म की संभावनाओं को आकार दिया जा सके। वन और पर्यटन विभाग परस्पर समन्वय के साथ इको टूरिज्म के विकास के लिए समन्वित नीति तैयार करे।

योगी ने कहा कि हाल के दिनों में मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं में बढ़ोतरी होती हुई देखी जा रही है। बीते 2 वर्षों में 28 तेंदुआ, 5 तेंदुआ शावक और 6 बाघों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। वन्य जीवों के रेस्क्यू में संवेदनशीलता के साथ मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। वेटलैंड संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण अब तक प्रदेश में 10 रामसर साइट घोषित किए गए हैं। इनमें अपर गंगा रिवर, बुलन्दशहर, सरसई नावर झीलए इटावा, नवाबगंज पक्षी विहार, उन्नाव, साण्डी पक्षी विहार, हरदोई, समसपुर पक्षी विहार, रायबरेली, पार्वतीअरगा पक्षी विहार, गोंडा, समान पक्षी विहार मैनपुरी, सूरसरोवर पक्षी विहार, आगराए बखिरा पक्षी विहार, संतकबीरनगर तथा हैदरपुर वेटलैंड, मुजफ्फरनगर शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेटलैंड संरक्षण के जागरूकता बढ़ाई जाए। यहां पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाए। जनपद संतकबीर नगर का बखिरा झील ईको टूरिज्म की अपार संभावनाओं को समेटे हुए है। यहां के विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करें। यह प्रयास स्थानीय स्तर पर रोजगार की नवीन संभावनाओं को भी जन्म देने वाला होगा। जनपद महराजगंज अंतर्गत सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग में स्थित महाव नाला के तटबंध बरसात के दौरान फ्लैश-फ्लड कारण टूट जाते हैं। जलभराव का दुष्प्रभाव वन्य जीवों पर भी पड़ता है। जनपद में बाढ़ की समस्या का एक बड़ा कारण महाव नाला है।समाधान के लिए इसके चौड़ीकरण और गहरीकरण की आवश्यकता है। इस संबंध में विशेषज्ञों से परामर्श करते हुए समयानुसार कार्यवाही की जाए।

# कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले छात्रों को तीन माह का ब्रिज रेडीनेस प्रोग्राम कराया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर मुख्य सचिव**, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने कहा कि संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए तीन माह का ब्रिज कोर्स रेडीनेस प्रोग्राम के रूप में तय किये जाने की आवश्यकता हैं। विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की व्यवस्था उपयोगी होगी, इन कक्षाओं में आडियो-विजुअल सुविधाएं शासन की ओर से उपलब्ध करायी जा सकती हैं। दीपक कुमार मंगलवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा नवीन शिक्षा नीति 2020 के सापेक्ष्य पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण करने की दृष्टि से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।



अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि दो माह में तीन बैठके करके पाठ्यक्रम एवं पाठ्यवस्तु को अन्तिम रूप दिया जायेगा। प्रो सर्वनारायण झा निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति बनायी जायेगी जो 15 दिन में एक बार कार्यशाला का आयोजन कर अन्तिम रूपरेखा का निर्धारण करेंगी। विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा जीएस नवीन कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भारत वर्ष की क्लासिकल भाषाओं का शिक्षण भी किया जाये तो अन्य प्रदेशों में जाकर रोजगार करने वाले छात्रों को सुविधा होगी। प्रो सर्वनारायण झा ने संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में संचालित प्रथमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक के पाठ्यक्रम के संबध में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दो बातों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी कि प्राचीन ज्ञान, परम्परा का संरक्षण, सम्प्रेषण एवं संवर्द्धन हो तथा पाठ्यक्रमों की आधुनिक समय में प्रासंगिकता बनी रहे एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति भी मिले। उन्होंने सुझाव दिये कि कार्यरत अध्यापकों के भाषायी कौशल को विकसित करने के लिए पुर्नः बौधात्मक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जिसमें उनका प्रशिक्षण लिखित एवं मौखिक दोनो प्रकार से हो तथा उर्त्तीण होना अनिवार्य रखा जाये ताकि वह गुणवत्ता पूर्ण पठ्न.पाठन कर सकें। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषदए लखनऊ के सचिव राधाकृष्ण तिवारी ने कार्यशाला के प्रतिभागियों को अवगत कराया कि कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले छात्रों का भाषाई आधार संस्कृत के क्षेत्र में कमजोर होने के कारण उन्हें कठिनाई होती हैं। सम्प्रति बोर्ड द्वारा प्रत्येक विषय के लिए पुस्तकों के रूप में विषय सामग्री की उपलब्धता पर्याप्त नही हैं। इसलिए कक्षा के अनुरूप निर्धारित अंश मोटे.मोटे से लेकर पुस्तक का रूप दिये जाने से छात्रों को पढ़ने, समझने व स्वःमूल्यांकन में सुविधा होगी। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रो राम किशोर त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शास्त्र शिक्षण को बहुत आधुनिक बनाने की आवश्यकता नही हैं अन्यथा सामान्यीकरण से मूल तत्व समाप्त होने की सम्भावना बढ़ जाएगी। शारदा संस्कृत महाविद्यालय लखनऊ के प्राचार्य पंचानन्द झा ने इस बात पर बल दिया कि पाठ्यक्रम छात्रपरक एवं शास्त्रपरक रखने की आवश्यकता हैं। अंग्रेजी जैसे विषय को विद्यार्थियों के लिये ऐच्छिक रूप में रखा जाये तथा विद्यालयों में अध्यापको की कमी के लिये स्वीकृत पदों की संख्या बढाने की आवश्यकता हैं। कार्यशाला में 30 विशेषज्ञों ने प्रतिभाग कर अपने विचारो से लाभान्वित किया।

# लंबे समय से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे चार चिकित्सक बर्खास्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लंबे समय** से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे महोबा के चार चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया गया है। शासन स्तर पर यह कार्रवाई उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर हुई है। वहीं एक अन्य चिकित्सक की पेंशन स्थाई रूप से रोक दी गई है। पीलीभीत और गोंडा से जुड़े प्रकरणों में भी कार्रवाई की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महोबा में तैनात रहे डा अनिल कुमार साहू, डा सरिता कटियार, डा सुशील कुमार और डा देवेंद्र कुमार लंबे समय से बिना किसी सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित थे। इसका संज्ञान लेते हुए जांच के बाद इन चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं इसी जिले में तैनात रहे डा प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की पेंशन स्थाई रूप से रोक दी गई है। वे 2022 में सेवानिवृत्त हो गए थे मगर उससे पहले लंबे समय से नौकरी से अनुपस्थित रहे थे। उनके खिलाफ भी जांच चल रही थी। जबकि पीलीभीत में मरीज को अस्पताल से बाहर की दवा लिखने के मामले में बरखेड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डा निर्मल तरफदार का गभिया सरहाई पूरनपुर केंद्र पर तबादला कर दिया गया है। साथ ही दो अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों की टीम गठित कर दो दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट आने पर अगली कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला अस्पताल गोंडा में मरीजों के बेड पर चादर न बिछाए जाने व अव्यवस्थाओं का संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएमएस को उक्त प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करने व भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने के निर्देश दिए हैं।

# सरकार की कार्यशैली ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दियाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इस सरकार ने आम जनता का भरोसा खो दिया है। सरकार की कार्यशैली ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी पहले कभी इतना बेखौफनहीं थे। भाजपा राज में दिनदहाड़े सड़क पर हत्याएं हो रही हैं। प्रदेश में अपराधी अपराध है। हर वर्ग डरा और सहमा हुआ है। खुद भाजपा नेता अब मानने लगे है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। मुख्यमंत्री जी पता नहीं सच को झूठ बनाने में क्यों लगे रहते हैं।

अखिलेश ने कहा कि जालौन के एट में परीक्षा देकर लौट रही एक छात्रा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्नाव में जेल से छूटते ही बलात्कारियों ने रेप पीड़िता के घर को तोड़ा और फिर जला दियाए रेपीड़िता के साथ साथ उसकी 7 माह की बच्ची भी झुलस गई। प्रदेश में कहीं छात्राओं के साथ छेड़खानी तो कहींए बलात्कार और कहीं हत्या की खबरें हर दिन देखने को मिल रही हैं। महिलाओं और बच्चियों पर अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश देश में टॉप पर है। अखिलेश ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली संदिग्ध है। जनता का पुलिस पर भरोसा नहीं है।

भाजपा सरकार में लोगों ने न्याय की उम्मीद छोड़ दी है। सत्ता संरक्षित गुंडों और अपराधियों के सामने पुलिस नतमस्तक है। जनता भाजपा के जंगलराज से परेशान हो चुकी है। छल बल धन और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के जरिए सत्ता में काबिज हुई भाजपा सरकार को प्रदेश की जनता और आम आदमी की कोई चिंता नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश की जनता को एकजुट होकर भाजपा को हराना होगाए तभी उत्तर प्रदेश में दोबारा से लोकतंत्रए संविधानए न्याय और कानून व्यवस्था की पुनर्स्थापना हो सकती है।

# निकाय चुनाव में सपा जीत का परचम लहराएगीः गोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि निकाय चुनाव में सपा जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव में जो भी प्रत्याशी मैदान में उतारे है वह जनता के अनुरूप व जनता के लिए हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास रहा है कि वह जनता के लिए लड़ती आई है और आगे भी संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर एक बार फिर समाजवादी लोग मैनपुरी चुनाव की तरह चुनावी समर में उतरे है और जीत कर ही वापस आएंगी। अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि सपा ने लखनऊ महापौर सीट के लिए वंदना मिश्रा को मैदान में उतारा है उनकी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि सपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसके प्रत्याशियों में इमानदारी व जनता के प्रति निष्ठा झलकती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप ने यह बात मंलगवार को समाजवादी पार्टी के लखनऊ नगर कार्यालय पर लखनऊ नगर निगम महापौर प्रत्याशी बंदना मिश्रा के चुनाव को सुनियोजित तरीके से विजय पथ पर ले जाने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि बीते दिनों मैनपुरी लोकसभा सीट पर जीत का परचम लहराते हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अपना शक्ति प्रदर्शन कर सत्ता में बैठे लोगों को सकते में डाल लिया था। निकाय चुनाव में भी समाजवादी पार्टी उसी तेवर के साथ चुनावी समर में उतरेगी और सत्ता में बैठी भाजपा को हार मुह दिखाएगी। बैठक में सपा नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित के साथ डॉ मधु गुप्ता राष्ट्रीय सचिव सपा, सीएल वर्मा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मोहनलालगंज, फाकिर सिद्दीकी पूर्व महानगर अध्यक्ष लखनऊ, डॉ आशुतोष वर्मा प्रवक्ता सपा, जय सिंह जयंत जिला अध्यक्ष सपा लखनऊ एवं रमेश दीक्षित भी मौजूद थे। बैठक में चुनाव संचालन को लेकर सभी पदाधिकारियों ने नगर निगम महापौर एवं पार्षदों का चुनाव कैसे व्यवस्थित तरीके से संचालित करना है इस पर रणनीति बनाई गई। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने पार्टी द्वारा घोषित महापौर एवं पार्षदों को भारी मतों से चुनाव में जीत मिले और लखनऊ नगर निगम पर समाजवादी का परचम लहराया जाये इस पर विस्तृत चर्चा की।



## भाजपा महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आवास पर भेंट की। भेंट के दौरान प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल के साथ राजेश्वरी त्रिपाठी पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र महिला मोर्चा, बीना राज मिश्रा पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं ब्लॉक प्रमुख बहराइच, प्रवीण गर्ग, प्रकाश उपाध्याय पूर्व सह संयोजक चुनाव क्षेत्रीय चुनाव प्रबंधन समिति उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने वार्ड स्तर पर संपर्क अभियान चलाकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। विशेषकर सभी पार्षद प्रत्याशियों को वार्ड स्तर पर घर-घर संपर्क करना होगा और महापौर प्रत्याशी को भी अधिकतम जनसंपर्क में सहभागिता को कहा। सामाजिक व्यापारिक और धार्मिक संगठनों के साथ भी बैठक करने के साथ ही विभिन्न सामाजिक वर्गों से संपर्क तेज करने को कहा। बड़ी जनसभाओं में स्वयं उपस्थित रहने को भी कहा। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल ने आज प्रातः प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और अवध प्रांत प्रचारक कौशल से भेंट की और चुनाव को भारी मतों से जीतने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# अब घर बैठे ऑनलाइन बना सकते हैं कैशलेस कार्ड

- पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कैशलेस कार्ड बनने की राह और आसान हो गई है। प्रदेश सरकार का अब कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या पेंशनर यह कार्ड घर बैठे अपने कंप्यूटर से बहुत ही आसानी से बना सकता है। यह कार्ड पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत ऑनलाइन बन रहे हैं। कैशलेस योजना के राज्यस्तरीय नोडल डॉ बीके पाठक ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के कार्ड बनने में आ रही कठिनाईयां दूर कर ली गई हैं। योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से लाभार्थियों को आसानी से कार्ड उपलब्ध हो रहे हैं। पोर्टल पर योजना से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध हैं। स्टेट हेल्थ कार्ड बनाने की पूरी प्रक्रिया को पोर्टल पर वीडियो के रूप में भी प्रदर्शित किया गया है। आयुष्मान योजनान्तर्गत आबद्ध प्राइवेट चिकित्सालयों के अतिरिक्त एसजीपीजीआई जैसे संस्थानों में भी सुविधा मिल दी जा रही है। प्राइवेट चिकित्सालयों में अब तक 4,511 लाभार्थी कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर चुके हैं। विभिन्न जनपदों में आबद्ध चिकित्सालयों का विशेषज्ञता, विवरण योजना के पोर्टल पर उपलब्ध है। किसी भी तरह की मदद के लिए योजना के टोल फ्री नंबर 1800 1800 4444 को डायल कर सकते हैं।

### मेडिकल बिल पर सीएमओ की मंजूरी की बाध्यता खत्म

सरकारी अस्पताल में इलाज में खर्च होने वाले बिल को उस चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक या प्रभारी ही अंतिम रूप में प्रमाणित कर सकेंगे। जबकि पहले सीएमएस या प्रभारी की ओर से प्रमाणित बिल को सीएमओ के स्तर पर दोबारा प्रमाणित करने का प्रावधान था। इसके बाद ट्रेजरी ऑफिस से मरीज को इलाज का खर्च मिलता था। जिन लाभार्थियों का कार्ड अब तक नहीं बन पाया है, उन्हें आवश्यकता पड़ने पर एसजीपीजीआई, डॉ आरएमएल इंस्टीट्यूट जैसे सरकारी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराने पर उनके चिकित्सा बिल की शत.प्रतिशत प्रतिपूर्ति होगी। सीएमओ के प्रतिहस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बाल पिटारा एप के सहारे होगी बच्चों की पढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के 1.89 लाख आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्री-प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की ऑनलाइन अप्लीकेशन के सहारे पढ़ाई होगी। बाल पिटारा एप नाम के इस एप्लीकेशन से बच्चों को कविता, कहानी, भावगीत आदि के माध्यम से ज्ञानवर्धक बातें सिखायी जाएंगी। इस ऐप को अभिभावक अपने मोबाइल में भी अपलोड कर सकते हैं। इसके माध्यम से वह घर पर भी बच्चों को पढ़ा सकते हैं। प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में अर्ली चाइल्ड केयर एजुकेशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन से छह वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों के योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए सितंबर 2022 में विभाग ने बाल पिटारा रेसपॉसिव पेरेंटिंग मोबाइल एप को शुरू किया। अब इस एप आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अभिभावकों के एंड्रायड मोबाइल फोन में इस ऐप को अपलोड कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिससे माता-पिता खाली समय में बच्चों को पढ़ा सकें। इसमें हिंदी, गणित समेत नैतिक शिक्षा के जुड़े संदर्भों को शामिल किया गया है। बाल पिटारा ऐप में कई कहानियां व कविताएं अपलोड की गईं हैं। अभिभावक बच्चों को कहानी व कविता याद कराएंगे। नैतिक शिक्षा से जुड़ी कहानियों व कविताओं से बच्चों की जानकारी बढ़ेगी। साथ ही उनका मनोरंजन भी होगा। एप में दैनिक गतिविधियां भी अपलोड की गईं हैं। जैसे सुबह उठकर मुंह धोना, दांत साफकरने, खाना खाने से पहले और बाद में हाथ धोने के साथ ही दिनचर्या और शिक्षण कार्य से जुड़ी अच्छी आदतें, जो बच्चे खेल.खेल में सीखेंगे।

# जल्द पुलिस रिमांड पर लिए जाएंगे अतीक और अशरफ के हत्यारे

- गुड्डू मुस्लिम की धरपकड़ के लिए एसटीएफ तेजी से कर रही प्रयासः अनंतदेव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रयागराज** में दुस्साहसिक ढंग से ताबड़तोड़ फायरिंग कर माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ को मौत की नींद सुलाने वाले शूटर किस गिरोह से संबंध रखते हैं? हत्याकांड प्रयुक्त हुई टर्की मेड पिस्टलें उन्हें किसने मुहैया कराई? माफिया डॉन और उसके भाई को मौत के घाट उतारने के पीछे हत्यारों का मकसद क्या था? यह सब ऐसे सवाल हैं, जिनके जवाब अभी तक सामने नहीं आ पाए हैं। हत्या करने वाले तीनों शूटर से हुई प्रारंभिक पूछताछ में अभी तक जो तथ्य सामने आए हैं उन पर आसानी से कोई भी भरोसा नहीं कर पा रहा है। खुद पुलिस का भी यही मानना है कि तीनों हत्यारे कई राज अपने सीने में दफन किए हुए हैं। जिन्हें उगलवाने के लिए उन्हें पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की आवश्यकता है।

एसटीएफ के डीआईजी अनंतदेव ने इस संबंध में मंगलवार को कहा कि जल्द से जल्द तीनों हत्यारों लवलेश, सनी और अरूण मौर्य को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। वारदात से जुड़े अनुसुलझे सवालों का जवाब मिल सकेगा। बीते शनिवार की रात गैंगस्टर अतीक अहमद (60) और उसके भाई अशरफ को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाते वक्त मीडिया कर्मियों के रूप में आए तीन बदमाशों ने मीडिया से बातचीत के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पकड़े गए तीन हमलावर हमीरपुर निवासी मोहित उर्फ सन्नी (23), बांदा निवासी लवलेश तिवारी (22) और कासगंज निवासी अरुण मौर्य (18) वर्तमान में प्रतापगढ़ जेल में हैं। तिवारी ने इसी साल 24 फरवरी को प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड मामले में फरार अभियुक्त शाइस्ता परवीन और गुड्डू मुस्लिम के बारे में कहा कि हमारी सीमाएं हैं लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए उनके पास कई साधन हैं। जहां तक गुड्डू मुस्लिम का संबंध है, वह गुड्डू बमबाज के रूप में जाना जाता है और गिरफ्तारी से बचने में माहिर है, जबकि परवीन पर्दानशीन है लेकिन एसटीएफ गंभीरता पूर्वक प्रयास कर रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# सपा, भाजपा, कांग्रेस, आप सहित अन्य प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**नगर** निकाय के आखरी दिन नगर पालिका मोहम्मदी और नगर पचायत बरबर के सभी राजनैतिक दलो के प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन चुनाव अधिकारी के सम्मुख दाखिल किए, वह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए। मोहम्मदी नगर पालिका से भारतीय जनता पार्टी की तरफ से निवर्तमान चेयरमैन कन्हैया मल्होत्रा , समाजवादी पार्टी से कार्तिक तिवारी , कांग्रेस से प्रदुमन मिश्रा, बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद यूसुफ , आम आदमी पार्टी, जस्टिस पार्टी, सहित अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन दाखिल किया, वही बरबर नगर पंचायत से समाजवादी पार्टी की ओर से अली सहवबाज, भारतीय जनता पार्टी की ओर से कुलदीप द्विवेदी, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निवर्तमान चेयरमैन नसरीन बानो, सहित कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी के मोहम्मदी और बरबर के प्रत्याशी के साथ विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व चैयरमैन दुर्गा मेहरोत्रा सहित संगठन के अन्य लोग भी नजर आए, वहीं समाजवादी पार्टी की ओर से समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी भी नजर आए, वही सुबह से नामांकन के आखिरी दिन उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी अंबर सिंह, तहसीलदार संतोष शुक्ला, पसगवा प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह, कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल सुबह से ही तैनात रहा एकुल मिलाकर शांतिपूर्ण तरीके से अध्यक्ष और सभासद के सभी प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया

## प्रशासन के प्रयास से अनुबंधित बसों के सामूहिक अवकाश खत्म

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिले** में विभिन्न मांगों को लेकर विगत 02 दिनों से अनुबंधित बसों का सामूहिक अवकाश मंगलवार को समाप्त हुआ। परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए लखीमपुर से सीतापुर-लखनऊ मार्ग के लिए संचालित बसों के विरोध में रोडवेज की अनुबंधित बसें सामूहिक अवकाश (हड़ताल) पर थी। प्रशासन ने अनुबंधित बस स्वामियों से समन्वय एवं संपर्क जारी रखा। मंगलवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे, सीओ सिटी संदीप सिंह, एआरएम रोडवेज लखीमपुर ने अनुबंधित बस स्वामियों के साथ बैठक में मांगों पर विस्तृत चर्चा की और उनके समाधान कराते हुए सामूहिक अवकाश समाप्त कराया। बैठक में प्रशासन की ओर से गैर विधिक ढंग से संचालित बसों पर की कार्यवाही से भी अवगत कराया। सीओ सिटी संदीप सिंह ने कहा कि परमिट शर्तो का उल्लंघन कर अनाधिकृत ढंग से बसों का संचालन होता पाया गया तो संबंधित बस स्वामी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ ने बताया कि लखीमपुर से सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर एआरटीओ लखनऊ, एआरटीओ सीतापुर, पीटीओ लखनऊ एवं पीटीओ हरदोई ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। गत दो दिनों के भीतर प्रशासन ने अभियान में 30 बसों का चालान किया एवं 12 बसे सीज की।

# डीएम- एसपी के अधिकारियों को व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश

● जिला शांति समिति की बैठक में की शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी** में शांतिपूर्वक त्योहार निपटाने के लिए कलेक्ट्रेट में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अधिकारियों को व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी लोगों ने शांति और सौहार्द के साथ ईद मनाने पर जोर दिया। कहा कि अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। बैठक में डीएम ने कहा कि खीरी अमन चैन के लिए मशहूर रहा है। इस परम्परा को कायम रखते हुए आगामी अलविदा व ईद का त्योहार भी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। ईद.उल.फित्र के त्योहार के अवसर पर गुड पुलिसिंग के साथ साफसफाईए बिजली.पानी का बेहतर से बेहतर प्रबन्ध किया जाएगा। डीएम ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र के धार्मिक स्थलोंए आने.जाने के मार्गों पर सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर समुचित साफसफाई कराना कराएं। नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी को भी निर्देश दिए कि अपने अपने निकायों में भी धार्मिक स्थलों के आसपास साफसफाईए चूनाकारीए पानी के प्रबन्ध करें। डीएम ने अधीक्षण अभियन्ता बिजली को निर्देश दिया कि फीडरवार समीक्षा कर त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलविदा व ईद-उल-फितर त्योहार आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। सभी ईदगाहों व मस्जिदों में जहां अलविदा व ईद की नमाज होगी वहां पुलिस कर्मी मुस्तैद रहेंगे। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ संदीप सिंह, ईई विद्युत शैलेंद्र यादव, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह समेत बड़ी संख्या में धर्मगुरु मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने लू को लेकर जारी किया अलर्ट

● लू से सतर्क रहें, सुरक्षित रहें:सीएमओ

● ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लिए एडवाइजरी जारी

● अधिक पानी पिएं, पसीना सोखने वाले व हल्के रंग के वस्त्र पहनें, पूर्वाहन 11: 00 बजे से 04: 00 बजे के मध्य धूप मे निकलने से बचें, लस्सी, नींबू पानी एवं छाछ इत्यादि का प्रयोग करें

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**अप्रैल** के महीने में तापमान में एकदम से उछाल आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव ;लूद्ध को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। आम जनमानस को जागरूक करने के लिए सीएमओ डॉ संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि तीन महिने अप्रैल, मई व जून में लू का मौसम रहते के चलते बीमारियों से बचाव में नियंत्रण के स्वास्थ्य विभाग उपाय भी जारी कर रहा है। मरीजों की संख्या में बढ़ावा होने पर स्टाफको सक्रिय रहने व विपरीत परिस्थितियों में तत्काल राहत देने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। बताया कि लू (हीटवेव) के दृष्टिगत जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर इलाज की समुचित व्यवस्था के लिए ओआरएस एवं आईवी फ्ल्यूड आदि का पर्याप्त स्टॉक करा दिया गया है। मानव संसाधन को भी अलर्ट कर दिया गया है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करा दी गई है। माह अप्रैल, मई व जून लू (हीट वेव) के प्रकोप के माह माने गये हैं। जनपद में अभी तक कोई अप्रिय घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। प्रतिदिन ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों से लू (हीट वेव) की रिपोर्ट संकलित कर शासन को प्रेषित की जा रही है। जिला स्तर से ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को जलजनित बीमारी, साफ सफाई के लिए संवेदनशील किया गया है। मच्छरों से बचाव हेतु फॉगिंग व लार्वा स्प्रे नियमित रूप से किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों हेतु एडवाइजरी जारी कर दी गयी है। महामारी की दशा में त्वरित कार्यवाही हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन कर दिया गया है। अधिक से अधिक पानी पिएं, पसीना सोखने वाले व हल्के रंग के वस्त्र पहनें। धूप मे निकलते समय चश्मे छाते व चप्पलों का प्रयोग करें। खुले मे कार्य करते हैं तो चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें यदि सम्भव हो तो छाते का प्रयोग करें। सम्भव हो तो पूर्वाहन 11: 00 बजे से 04: 00 बजे के मध्य धूप मे निकलने से बचें। घर में बने पेय पदार्थ लस्सी, नींबू पानी एवं छाछ इत्यादि का प्रयोग करें। चक्कर आना, सिर दर्द, उबकाई जैसे लक्षण सामने आए तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सीय सलाह लें।

# मृतक परिवारों के घर जाकर मिले मंत्री जितिन प्रसाद

● भरोसा दिलाया कि दुख की घड़ी में सरकार उनके साथ है।

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**प्रदेश** के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने आज गत दिनों तिलहर क्षेत्र में हुये ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना में ग्राम सुनौरा अजमतपुर के मृतक परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की। मंत्री ने सुनौरा ग्राम के सभी मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट करते हुये कहा कि दुर्घटना से आप सभी ने अपने प्रियजनों को खोया है जिसका दुख आप सभी को सम्पूर्ण जीवन बना ही रहेगा। यह अप्रिय समाचार जिसको सुनने को मिला, हर एक व्यक्ति काफी दुखी हुआ। प्रधानमंत्री से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक हर कोई यह समाचार सुनकर स्तब्ध रह गया। कहा कि घटना की जानकारी होने के तुरन्त बाद मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर राहत कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये थे ताकि अधिक से अधिक लोगों का जीवन बचाया जा सके। घायलों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार कृत संकल्पित थी आज भी है। उन्होंने पीड़ित परिवारों से ढाढ़स बनाये रखने की अपील करते हुये कहा कि दुख की इस घड़ी में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार आप के साथ खड़ी है। आप सभी खुद को अकेला न समझें। जहाँ जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी सरकार आपके सहयोग के लिये तैयार है। कल मैंने राजकीय मेडिकल कालेज में घायल भर्ती व्यक्तियों से मुलाकात कर उनके अच्छे से अच्छे इलाज हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। किसी भी घायल व्यक्ति के इलाज में कोई कमी न रहे। यदि आवश्यकता हो तो उच्च स्तरीय इलाज के लिये लखनऊ, दिल्ली रेफर किया जाये। मंत्री ने शिवम जौहरी हत्या कांड के परिजनों से उनके अजीजगंज स्थित आवास पर मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें पूरी तरह से न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। कहा कि यह जो घटना हुई अत्यन्त दुखद है। इस दुख की घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। प्रसाद ने पीड़ित परिवार की मांग पर एसपी से दूरभाष पर वार्ता कर शीघ्र ही सभी दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। मंत्री के साथ इस दौरान एमएलसी सुधीर गुप्ता, भाजपा नेता कौशल मिश्रा, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भन्नू, जिला सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष मनेन्द्र सिंह चौहान, ददरौल विधायक पुत्र अरविन्द सिंह आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नगर आयुक्त द्वारा निर्माणाधीन अन्त्येष्टि स्थल का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा नगर क्षेत्र के अहमदपुर नियाजपुर टिक्कल में स्थित शमशान भूमि पर अंत्येष्ठि स्थल योजनान्तर्गत निर्माणाधीन अन्त्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अंत्येष्ठि स्थल पर दसवां संस्कार हेतु बरामदा व कमरे तथा टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कार्य पूर्ण होना बताया । अंत्येष्ठि स्थल के गेट एवं बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य भी लगभग पूर्ण होना बताया । निर्माण किये गए स्थल की रंगाई-पुताई तथा अप्प्रोच हेतु इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया जिसमें प्रयुक्त की जाने वाली ईट तथा चुनाई का कार्य गुणवत्तापूर्ण किये जाने एवं समुचित तराई की व्यवस्था हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया । अंत्येष्ठि स्थल पर पूर्व में ही निर्मित शवदाह शेड की मरम्मत कराये जाने तथा उसकी रंगाई-पुताई किये जाने के निर्देश दिए । इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा अन्त्येष्टि स्थल के निकट ही स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजनांतर्गत निर्माणाधीन मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए । इसके साथ ही अन्त्येष्टि स्थल एवं मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर के मध्य रिक्त भूमि पर मियांवाकी पद्वति अथवा आम व फलदार वृक्षों से बगीचा तैयार किये हेतु निर्देश दिए ।



### पीआरडी जवान का शव खड्ड में मिला

**संडीला(हरदोई)।** घर से ड्यूटी करने के लिए गए एक पीआरडी जवान का शव सड़क के किनारे खड्ड में पड़ा मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कछौना के अंतर्गत ग्राम लोनहरा निवासी रामभजन विश्वकर्मा थाना कासिमपुर में पीआरडी जवान के रूप में सेवाएं दे रहे थे। वह 17 अप्रैल की शाम को घर से थाना कासिमपुर ड्यूटी के लिए निकले थे परन्तु ड्यूटी पर वह नहीं पहुंचे। 18 अप्रैल की सुबह कुछ लोगों ने सड़क के किनारे खड्ड में एक शव पड़ा हुआ देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को देखकर उसकी पहचान पीआरडी जवान रामभजन विश्वकर्मा के रूप में की। शव को प्रथम दृष्टया देखने से लगता था कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उक्त जवान की मौत हुई है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चे की संदिग्ध मौत, पिता और चाचा हिरासत में

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक बच्ची की मौत के बाद मां ने उसकी मौत के लिए पिता और चाचा को जिम्मेदार बताया पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी । भमोरा थाना क्षेत्र के गांव बलिया निवासी 10 वर्षीय सोनाक्षी पुत्री जितेंद्र उर्फ रविंद्र की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घर वालों ने बताया कि सोनाक्षी बीमार रहती थी जिसके चलते उसका पिता मानसिक रूप से परेशान रहता था सोनाक्षी गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा थी वह अस्पताल में भर्ती थी उसके सिर में गंभीर बीमारी थी कल दिन में तनावग्रस्त चल रहे उसके पिता का अपने छोटे भाई गुरुदेव से किसी बात को लेकर विवाद हो गया यह जानकारी जब अस्पताल में भर्ती सोनाक्षी को मिली तो वह भी परेशान हो गई और और उसने दम तोड़ दिया मां कलावती ले उसकी मौत के लिए पिता और चाचा को जिम्मेदार बताया और पुलिस से शिकायत कर दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी मृतका छह भाई बहनों में सबसे बड़ी थी ।

### छह वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**निघासन-खीरी।** योजनाबद्ध ढंग से टीम बनाकर निघासन पुलिस बल द्वारा अलग.अलग स्थानों से विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे छः वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशानुसार जनपद में वारंटी वांछित तथा अन्य संदिग्ध किस्म वाले व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल की अलग अलग टीमों द्वारा वारंटी अभियुक्त गण छोटे पुत्र ढोढेए नान्हू पुत्र सुमेर निवासी गण ग्राम कांदन पुरवाए बिट्टू पुत्र बालकराम ए कौशल पुत्र बालकराम ए बजरंगी पुत्र लाखू निवासी ग्राम सिसैय्या ए तथा देवीदत्त पुत्र सीताराम निवासी ग्राम गंगादीन पुरवा को गिरफ्तार किया गयाए सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रथम में चौकी प्रभारी ढखेरवा उपनिरीक्षक बाबूराम, हेड कांस्टेबल प्रेम किशोर, कांस्टेबल योगेश कुमार एवं कांस्टेबल नरेश गंगवार, इसी तरह टीम द्वितीय में उपनिरीक्षक राम गौरव, हेड कांस्टेबल अमरपाल, कांस्टेबल आशुतोष कुमार, कांस्टेबल योगेंद्र कुमार ने सराहनीय योगदान दिया।

### टिकट वितरण को लेकर भाजपा में बगावत

**संडीला(हरदोई)।** टिकट न मिलने से नाराज भाजपा के स्थानीय नेताओं ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आक्रोश विकट करते हुए बगावत कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा ने नगर पालिका परिषद संडीला के लिए वर्तमान नगर अध्यक्ष महेन्द्र कुमार सोनी को भाजपा का चेयरमैन पद का प्रत्याशी चेयरमैन पद प्रत्याशी घोषित किया जबकि दो बार से सभासद और प्रभावशाली युवा भाजपा ने अभय गुप्ता लगातार दो चुनावों से भाजपा का टिकट मांग रहे थे लेकिन भाजपा ने इस बार भी उन्हें टिकट नहीं दिया। इससे नाराज होकर अभय गुप्ता ने निदर्लीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन करा दिया है। बताते हैं कि अभय गुप्ता के समर्थन में बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग ने बैठक भी की है और भाजपा नेतृत्व के प्रति नाराजगी व्यक्त की है। इसके अलावा युवा भाजपा नेता एवं पूर्व नगर अध्यक्ष जीतेन्द्र राठौर ने भी चेयरमैन पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली लेकिन मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। कस्बा व थाना भोजीपुरा निवासी स्वर्गीय शिवम की 30 वर्षीय मीरा ने बीती रात घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंडे से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद सुभाष नगर थाने के गांव करेली निवासी मृतका के भाई रमेश ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि मीरा का विवाह उसके पिता बाबूराम ने लगभग 5 वर्ष पूर्व किया था और वह एक बेटे की मां थी लगभग 1 वर्ष पूर्व पति शिवम ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली क्योंकि उसके घर वाले उससे झगड़ा करते थे पति की मौत के बाद मीरा अपने देवर सुमित के साथ पत्नी के तौर पर रहने लगी लेकिन दूसरे विवाह से लगभग 6 माह बाद फिर से मीरा को उसके ससुराल पक्के लोग उसे परेशान करने लगे वह मीरा पर मायके से काम करने के लिए 4लाख रुपए लाने का दबाव डाल रहे थे लेकिन मीरा तैयार नहीं थी। भाई रमेश ने आरोप लगाया कि इसी के चलते मीरा की गर्दन दबा कर हत्या कर दी गई और घटना की जानकारी मायके वालों को नहीं दी गई पड़ोस में रहने वाले लोगों ने घटना की जानकारी मायके वालों को दी तब भाई रमेश और मायके वाले मौके पर पहुंचे जहां उन्हें मीरा की लाश बिस्तर पर मिली ।

# आदर्श आचार सहिंता, कोविड गाइड लाइन व धारा 144 का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करने के आदेश

● डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के सन्दर्भ में आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन तथा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुयी। बैठक में डीएम ने सभी दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन में विभिन्न पदों हेतु व्यय सीमा का निर्धारण किया गया है और इसकी नियमित रूप से विभिन्न टीमों के माध्यम से निगरानी की जायेगी। इसलिए प्रचार प्रसार किये जाने, वाहनों के संचालन एवं सभा इत्यादि के आयोजन हेतु सक्षम स्तर से अनुमति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। बताया कि जनपद स्तर पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा व तहसील स्तर पर सम्बन्धित एसडीएम द्वारा अनुमति प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि अनुमति की मूल प्रति सम्बंधित वाहन पर चस्पा अवश्य की जाये। बिना सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किये प्रचार प्रसार, वाहन संचालन अथवा सभा इत्यादि का आयोजन पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने सभी से कोविड प्रोटोकाल एवं धारा 144 के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु भी कहा। बताया कि फ्लाइंग स्काट की टीमें प्रतीक आवंटन के साथ ही क्रियाशील हो जायेंगी। कहा कि बिना उचित प्रपत्रों के दो लाख की सीमा से अधिक नकद धनराशि का परिवहन प्रतिबंधित है। डीएम ने बताया कि नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2023 को समय अपराह्न 3 बजे के पूर्व नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। तय समयावधि के बाद नामांकन पत्र दाखिल नही हो सकेंगे। उन्होंने कहा है कि मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति सम्बन्धित तहसील में एसडीएम अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी ही जारी कर सकेंगे। कहा कि चुनाव निष्पक्ष, निर्भीक,स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसके उपरान्त सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निगम की ईवीएम मशीनों का प्रथम रैण्डेमाइजेशन सम्पन्न हुआ इस प्री रैण्डेमाइजेशन में 110 प्रतिशत मशीनों को अलग करते हुये सूची प्रकाशित की गयी जिसमें बीयू एवं सीयू का जोड़ा बनाया गया। बैठक के दौरान एडीएम प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, एडीएम वि0ध्रा0 त्रिभुवन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव बाजपेयी सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# पत्नी की खुरपे से गला रेतकर हत्या

**संवाददाता।** निघासन लखीमपुर खीरी



**निघासन** इलाके में पति द्वारा खेत में काम कर रही अपनी ही पत्नी की खुरपे से गला रेतकर हत्या कर दी और हत्या करके मौके से फरार हो गया। दिन दहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया। वही सूचना पर पहुंचे झंडी चौकी इंचार्ज सहित कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और आरोपी की तलाश शुरू करते हुए आगे की जांच पड़ताल में जुट गई। आपको बताते चलें कि निघासन कोतवाली इलाके की झंडी चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग के मजरा रघुवर नगर जुम्मन पुरवा निवासी रामकुमार उम्र 46 अपनी पत्नी रामकली उम्र 45 वर्ष के साथ खेत में मिर्च की निकाई कर रहे थेए तभी अज्ञात कारणों के चलते रामकुमार ने खेत की निकाई वाले खुरपे से अपने पत्नी रामकली का गला रेत कर हत्या कर दीए हत्या करने के बाद रामकुमार मौके से फरार हो गया। वही पास के खेतों में काम कर रहे अन्य मजदूरों ने घटना स्थल पर शोर शराबा सुनकर घटना स्थल की तरफ जाकर देखाए तत्काल घटना की सूचना स्थानीय झंडी चौकी को दीए सूचना पाकर दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे झण्डी चौकी इंचार्ज सतीश द्विवेदी, हेड कांस्टेबल श्याम कुमार, राज कुमार, हरेंद्र सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, और आरोपी रामकुमार की तलाश शुरू करते हुए आगे की जांच पड़ताल में जुट गई।

## आवारा कुत्तों को पकड़वाने और दुकानों द्वारा अतिक्रमण को हटवाने की मांग

**संवाददाता।** बरेली

**शहर** में खुखार अवारा कुत्तों का आतंक मचा हुआ है। अवारा कुत्तों के काटने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। जिस कारण आम जनमानस और व्यापारी वर्ग को लगातार हानि हो रही है जान का नुकसान का खतरा बना रहता है। अक्सर मार्केट में भी अवारा कुत्ते व्यापारी और ग्राहक के लिये जानलेवा साबित हो रहे है। नगर निगम इस पर आंखे मूंदे पड़ा है । अवारा कुत्तो को पकड़ने की मांग करते हुए और दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे हो रहे अतिक्रमण को हटवाने को लेकर व्यापारियों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया।व्यापारी सोभित सक्सेना ने बताया शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और ईद के त्यौहार का व्यापारी साल भर इन्तेजार करता है मगर पंजाबी मार्केट कुतुबखाना का रोड ब्लाक करने के कारण व्यापार 100 प्रतिशत ठप हो गया है जिससे व्यापारी बहुत परेशान है। पंजाबी मार्केट में जो गलियां नगर निगम की है उनको कुछ व्यापारियों ने अपने स्वार्थ हित में ब्लाक कर अपनी दुकाने आगे तक बड़ा ली है जिसके कारण ग्राहको को उनकी वजह से विकल्प के रूप में गलियों का इस्तेमाल करना मुश्किल हो रहा है। कुछ दुकानदारों ने तो हद कर दी कि बीच की गैलरी पर लिन्टर लगाकर व सीढ़ियां बनवाकर गली को बिल्कुल ब्लाक कर दिया है। इस अतिक्रमण को हटवाकर यथाशीघ्र ग्राहकों की आवाजाही को शुरू करायी जाये।

## झोलाछाप डॉक्टर कर रहे इलाज

**संवाददाता।** औरंगाबाद खीरी।

**पसगवां** ब्लॉक के औरंगाबाद, मैगलगंज, माखन चौराहा, फतेहपुर में अवैध क्लिनिको की भरमार है। हर गली मोहल्ले में झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकान लगाकर बैठे हैं जो लोगों को मौत से बचाने की बजाय मौत बांटने का काम कर रहे हैं। यही हाल औरंगाबाद कस्बे का है जहां हर मोहल्ले में दुकान पर झोला छाप डॉक्टर अपनी दुकान लगाए बैठे हैं। झोलाछाप डॉक्टरों की बढ़ती हुई संख्या का कारण कस्बे में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर के ना मिलना है। क्षेत्र में कोई भी सरकारी अस्पताल नहीं स्थित है जिसमें मरीज अपना समुचित इलाज करवा सकें। औरंगाबाद कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में अवैध अस्पतालों ने बड़ा रूप धारण कर लिया है, जिससे आए दिन कई अवैध अस्पताल चर्चा में रहते है। बुखार, सर दर्द की दवाई से लेकर डिलीवरी तक बड़े पैमाने पर करवाई जाती है। सबसे खास बात यह है कि इसमें स्वास्थ्य विभाग के आशा भी संगठित होकर कमीशन पर इन निजी अवैध अस्पतालों को मरीज उपलब्ध करवाती है। औरंगाबाद कस्बे में झोलाछाप डॉक्टर कई बच्चों सहित लोगों की जान भी ले चुके है। अवैध अस्पतालों का बढ़ता हुआ कारोबार स्वास्थ्य विभाग पर 20 सवाल खड़ा करता है बोले जिम्मेदार डॉ प्रमोद जी को नोडल अधिकारी बनाया गया था आप वहां पोस्ट हो गए हैं जल्दी टीम गठित करके जांच की जाएगी आशा बहुओं पे कमीशन का मामला संज्ञान में टेंडर का सेंडर का आया था उनको कार्य से रोक दिया गया है।

## जिलाधिकारी ने नामांकन स्थलों का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने पुवायां इण्टर कालेज पुवायां में स्थित नामाकंन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पलिका परिषद पुवायां, नगर पंचायत बण्डा तथा नगर पंचायत खुटार के अध्यक्ष व सदस्य पदों हेतु निर्धारित नामांकन स्थलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तहसील तिलहर में बनाये गये नामाकंन कक्षों को भी देखा तथा पूर्ण पादर्शिता के साथ नामांकन कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। तहसील तिलहर में नगर पालिका परिषद, तिलहर,नगर पंचायत कटरा, नगर पंचायत खुदागंज तथा नगर पंचायत निगोही के अध्यक्ष एवं सदस्य पदों हेतु निर्धारित नामांकन कक्षों का डीएम ने निरीक्षण किया। निर्देश दिये कि नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशियों को पूरी जानकारी उपलब्ध करायी जाये जिससे उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो। डीएम ने राज्य निर्वाचन आयोग उप्र द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुये नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरे मनोयोग के साथ चुनाव संपन्न कराएं।

# ईद-उल-फितर को लेकर पुलिस की मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठक



**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**ईद** के त्यौहार के मद्दे नज़र कोतवाली में मुस्लिम धर्मगुरूओं के साथ पुलिस ने बैठक कर त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। कोतवाली में आयोजित इस बैठक में हाफ़िज़ जमाल, कारी मुबीन अहमद, हाफिज अब्दुल कादिर, अब्दुल अली मंसूरी, हाफिज जमाल, सैयद हसन, मो0 जुनैद, हसन मक्की समेत कई मस्जिदों और ईदगाह के इमामों ने शिरकत की। बैठक में कोतवाल दिलेश कुमार ने कहा कि ईद का त्यौहार मिल जुलकर खुशियां मनाने का त्यौहार है। इस त्यौहार में नमाज़ के दौरान शासन की गाईडलाइन का पालन किया जाए। उन्होंनें बैठक में मौजूद लोगों से अपील की कि अगर सोशल मीडिया में किसी प्रकार का कोई गलत या भड़काने वाला मैसेज मिले तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। पुलिस ऐसे तत्वों के वरुिद्ध तत्काल कार्रवाई करेगी। इस मौके पर मुस्लिम धर्मगुरूओं ने ईद की नमाज वाले धर्मस्थलों पर सफाई, पेयजलापूर्ति और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग करने के साथ त्यौहार के अवसर पर शहर में गंदे जानवरों के प्रवेश को रोकने की मांग भी की जिसपर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# जिला स्वच्छता समिति व जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की समीक्षा बैठक संपन्न

## एडीओ पंचायत झींझक, अमरौध द्वारा कार्यों में लापरवाही पाये जाये पर कारण बताओ नोटिस जारी

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की उपस्थिति में जिला स्वच्छता समिति/जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में बिन्दुओं पर चर्चा की गयी जो निम्नवत् है- ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन पर चर्चा। स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत शौचालय निर्माण हेतु पात्र लाभार्थियों को धनराशि निर्गत किये जाने पर चर्चा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय फेज के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयनित ग्रामों/ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना प्रस्तुतीकरण पर चर्चा, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023-24 पर चर्चा। जनपद की क्रेडिट लिमिट में व्ययोपरान्त गतवर्ष 2022-23 की अवशेष क्रेडिट लिमिट को दिनांक 01 अप्रैल 2023 से प्रारम्भिक अवशेष क्रेडिट लिमिट वित्तीय वर्ष 2023-24 में नियमानुसार व्यय पर चर्चा, ग्राम पंचायत विकास योजना में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के वित्त आयोग के कार्यों की कार्ययोजना पर चर्चा। अन्त्येष्टि स्थल निर्माण की समीक्षा। कामन सर्विस सेन्टर निर्माण पर चर्चा। पंचायत घर निर्माण पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा एडीओ पंचायत झींझक सुनील कुमार मिश्रा व एडीओ पंचायत अमरौध राम प्रकाश पाठक द्वारा बलाक स्वच्छता समिति की बैठक न कराये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा कोई भी रिपोर्ट कम्प्लीट न पाये जाने व डीसी द्वारा कोई भी जानकारी न उपलब्ध कराये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया और निर्देशित किया गया कि आगामी मीटिंग में सम्पूर्ण जानकारी आवश्यक रखें। जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत चिन्हित 27 मॉडल ग्रामों में कराए गए कार्यों की समीक्षा कराई जिसमें शेष छूटे हुए कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने तथा अभी तक कार्यों में शिथिलता बरते जाने के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा समस्त एडीओ पंचायत को अंतिम चेतावनी देते हुए कार्य में सुधार लाए जाने के निर्देश दिए अन्यथा की दशा में प्रतिकूल प्रविष्टि व वेतन वृद्धि में रोक लगाए जाने हेतु कहा। उन्होंने 27 मॉडल ग्राम पंचायतों में कचरा निस्तारण केन्द्र को मानक के अनुसार निर्मित करने के आदेश दिये व व्यक्तिगत खाद गड्ढा कंपोस्ट व्यक्तिगत सोकपिट, सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट, आदि महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों में शिथिलता न बरतने की चेतावनी दी।

जिलाधिकारी ने मॉडल गांव के निर्माण हेतु जो भी धनराशि आयी है उसका उपयोग करते हुए शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जिला स्वच्छता समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में की जाये, साथ ही साथ उन्होंने कॉमन सर्विस सेन्टर व अन्त्येष्टि स्थलों को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि अब से सम्पूर्ण जानकारी के साथ ही बैठक कराये, बैठक में सम्पूर्ण तथ्यों के साथ उपस्थित हो, जिससे किसी प्रकार का कोई भ्रम न रह जाये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी अन्य स्वच्छता समिति के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

## कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालय 7:30 से 12:30 बजे तक होंगे संचालित

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात जनपद के जिलाधिकारी नेहा जैन के आदेश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडे के द्वारा गर्मी के दृष्टिगत कक्षा 1 से 8 तक सभी परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है जो कि प्रात: 7:30 से खुलेंगे एवं 12:30 बंद किए जाएंगे।

# राजकीय नलकूप होंगे चमाचम, किया जा रहा है रंग रोगन

**हमीरपुर।** जिले में पहली मर्तबा राजकीय नलकूप चमाचम दिखायी पड़ेंगे। करीब डेढ़ सौ नलकूपों को सुसज्जित किया जा चुका है। हरेक नलकूप पर एक्शियन,सहायक अभियंता व जेई के मोवाइल नंबर लिखे होंगे ताकि कोई भी ग्रामीण राजकीय नलकूपों से होने वाली किसी भी समस्या को अफसरों को अवगत करा सकता है। जिले में राजकीय नलकूपों के अनुरक्षण मद में करीब 23 हजार



रुपये का बजट आता है जिसमें राजकीय नलकूपों की रंग रोगन व उनके मेंटीनेंस में खर्च किया जाता है। मगर यह बजट नलकूपों के साफसफाई में खर्च नही किया जाता था। यहा तक कि नलकूपों की आज तक रंगरोगन नही किया गया है। विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अब हरेक नलकूपों की रंगारोगन कराने के बाद वहा की फील्ड की सफाई करायी जायेगी। वृक्षारोपण कर उसे सुसज्जित किया जायेगा। टूटी फूटी नालियों की मरम्मत करायी जायेगी। कभी भी कोई उच्चाधिकारी किसी भी राजकीय नलकूप को निरीक्षण कर सकते है। शासन के निर्देशानुसार नलकूपों को मोबाइलों से स्टार्ट करने के लिये व्यवस्था कर दी गयी है।

# गर्मी के मौसम में सामान्यजन को होने वाली परेशानियों से राहत दिलाना हमारा उद्देश्य : डीएम

## लू के दृष्टिगत एडवाइजरी जारी

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन ने बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जनपद के नागरिकों को सचेत किया है तथा आपदा विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किये गये सर्तकता को अमल में लाने के बारे में कहा कही है, ये सर्तकता निम्न है। गर्मी के मौसम में बहने वाली गर्म हवा (लू) के दृष्टिगत सुरक्षा एवं बचाव के लिए आम जनमानस एवं पशुओं हेतु जारी दिशा-निर्देश ''क्या करें और क्या न करें,

समस्त लोगो के लिए- रेडियों, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। पर्याप्त एवं नियमित अन्तराल पर पानी पीते रहें, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। स्वयं को हाइड्रेटड रखनें के लिए ओ0आर0एस0 घोल, नारियल पानी, लस्सी, माड़ (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ, आम का पन्ना आदि पेय पदार्थ का इस्तेमाल करें। हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर निकलते समय अपना सिर ढ़क कर रखें। यदि कोई वृद्ध पुरुष/महिला गर्मी से बेचैनी या तनाव महसूस कर रहे है तो उन्हे ठंडक देने का प्रयास करें। शिशुओं के लिये- उन्हे पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ एवं पानी पिलाएं। बच्चों को हमेशा ठंडे कमरे में रखें। अत्यधिक गर्मी/लू के दौरान शिशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जानें। यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा नजर आये तो समझ लें कि बच्चा डिहाईड्रेशन (पानी की कमी) का शिकार है।

पशुओं के लिये- तेज गर्मी के दौरान जानवरों को छायादार स्थन में रखें जहां पर वो आराम कर सकें, ध्यान रखें कि जहां उन्हे रखा गया है वहां दिन भर छाया रहे। पशुओं को बंद शेड या गैराज में रखें, क्योंकि गर्मी के दृष्टिगत पशु संवेदनशील होते है। पीने हेतु पानी के दो बर्तन रखें ताकि एक में पानी खत्म हो जाने पर दूसरे बर्तन में भरे पानी को वो पी सके।

क्या न करें- तेज धूप में विशेष रूप से दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें। दोपहर के समय खाना पकाने से बचें, अपने रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिड़की व दरवाजे खुली रखें। शराब, चाय, कॉफी एवं कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थ का सेवन करने से बचें क्योंकि ये हमारे शरीर को निर्जलित करते है। उच्च प्रोटिन वाले भोजन से बचें एवं बासी भोजन कदापि न करें। अपने बच्चों एवं पशुओं को खडी वाहनो के अन्दर न छोड़ें।

# आग से लाखों की फसल राख

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**कोतवाली** क्षेत्र के परछा गांव में अज्ञात कारणों से खेत में पड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई जिससे लगभग 6 बीघे में पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। वहीं सूचना देने के बाद भी देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड पर ग्राम वासियों ने नाराजगी जताई। हालांकि मौके पर पहुंचे डायल 112 और पढ़ोरी चौकी पुलिस ने आग लगने से जली फसल का मौका मुआयना करते हुए आग लगने का कारण जानने का प्रयास करते रहे लेकिन कारण स्पष्ट नहीं हो सका। गांवव के मुस्तकीम खान लगान पर 6 बीघा खेत लेकर उसमें गेहूं की फसल बोए था। जब फसल की कटाई हो रही थी तभी अज्ञात कारणों से खेत में आग लग गई हालांकि आग लगने वाले खेत में पराली खड़ी थी तो उसमें कुछ नुकसान नहीं हुआ। वहीं तेज हवा के चलते आग ने लगभग 20 बीघा रकबा को अपनी चपेट में ले लिया और वहीं बगल में हो रही गेहूं की कटाई वाले



खेत में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई। वहीं खेत की कटाई कर रहे मजदूरों ने जब आग को खेत में फैलते हुए देखा तो उन्होंने खेत के स्वामी को फोन कर उक्त जानकारी दी तभी मौके पर पहुंचे गांव के कई लोगों ने आग पर काबू करने का भरसक प्रयास किया लेकिन वह अपने मंसूबे पर नाकाम रहे,

# दोसर वैश्य महासमिति को चलाएगी सदस्यता अभियान

**फतेहपुर।** दोसर वैश्य महासमिति को गतिशील बनाने के लिये सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। यह निर्णय भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की बैठक में लिया गया। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की बैठक महामंत्री राजन गुप्त के आवास पर संपन्न हुई। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता ने कहा कि संगठन की शक्ति को बढाने के लिये संगठन को प्रत्येक दोसर वैश्य परिवार के घर पहुंचना होगा। उसके समिति से जोडने के लिये सदस्य बनाना होगा, इसके लिये 101 रूपये शुल्क लेकर उस परिवार को सदस्य बना कर महासमिति से जोड़ा जाये। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन वहीं सफल होता है जिसकी सदस्यों की संख्या ज्यादा होती है।

# डीएम ने स्योढ़ा पुल का निरीक्षण आरआईटीईएस से कराया

संवाददाता। बांदा

**जिलाधिकारी** श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्योढ़ा पुल के जर्जर होने के सम्बन्ध में स्योढ़ा पुल का निरीक्षण आरआईटीईएस से कराया, जिस पर आरआईटीईएस द्वारा तत्काल पुल की मरम्मत कराये जाने एवं पुल के ज्वाइंट्स में स्टील के प्लेट्स लगाकर तत्काल गैप्स को ढकने की जरूरत बतायी, जिससे कि गैप्स और अधिक न बढ़ने पायें। इसके साथ ही पुल से गुजरने वाले वाहनों में भार मे अधिकतम मात्रा 25 टन से अधिक न हो, की रिपोर्ट दी है। पायनियर लखनऊ में छपी खबर का जिला अधिकारी ने लिया संज्ञान।

उक्त पुल के सम्बन्ध में राइट्स की प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने जनहित के दृष्टिगत थाना गिरवां, तहसील नरैनी स्थिति स्योढ़ा पुल से मात्र उन्ही भारी वाहनों के आवागमन करने के निर्देश दिये हैं, जिनका ट्रक सहित कुल भार क्षमता 25 टन से अधिक नही हो। उन्होंने 25 टन से अधिक भार वाले वाहन स्योढ़ा पुल से न गुजरकर जनपद के किसी अन्य मार्ग से आवागमन कराये जाने के आदेश दिये हैं। उन्होंने इन आदेशों का शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने हेतु उप जिलाधिकारी नरैनी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नरैनी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नरैनी को यह भी निर्देशित किया है कि अग्रिम आदेशों तक के लिए दोनों ओर से (मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश) स्योढ़ा पुल पर प्रवेश करने से पूर्व भारी वाहन, जिनका ट्रक सहित कुल भार 25 टन से अधिक न हो, की जांच करने हेतु राजस्व एवं पुलिस कर्मियों की ड्यूटी पुल के दोंनो ओर लगाकर इसका अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि ड्यूटी में तैनात अधिकारी गण यह सुनिश्चित करेंगे कि पुल से गुजरने वाले सभी वाहनों में पठनीय नम्बर प्लेट लगा हो तथा नम्बर प्लेट को टैम्पर्ड न किया गया हो। उन्होंने छतरपुर जिला प्रशासन से भी जनपद छतरपुर की सीमा से जनपद बांदा की सीमा में स्योढ़ा से गुजरने वाले वाहनों की नियमित जांच/चेकिंग कराने का अनुरोध किया है, जिससे कोई भी वाहन 25 टन से अधिक भार लेकर उक्त पुल से गुजरने न पाये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-1 को निर्देशित किया है कि आरआईटीईएस की रिपोर्ट के अनुसार पुल की रिपेयरिंग तथा पुल के ज्वाइंट्स को ढ़कने हेतु स्टील प्लेट्स एवं ड्यूटी स्थल पर सीसीटीवी कैमरा तत्काल लगवायें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को उक्त आदेश का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## क्विक न्यूज

### नशीला पाउडर रखने के मामले में जहरखुरान को 10 साल की कैद

**चित्रकूट।** जहर खुरान के पास नशीला पाउडर बरामद होने का आरोप सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। मंगलवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 17 अगस्त 2019 को मानिकपुर जीआरपी थाने के तत्कालीन उप निरीक्षक अखिलेश राय रेलवे स्टेशन में गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर प्लेटफार्म नम्बर चार से उन्होंने मानिकपुर निवासी राहुल सोनकर पुत्र पिक्का पुत्र सुरेश को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से 110 ग्राम नशीला पाउडर बरामद हुआ था। पुलिस हिरासत में आरोपी ने बताया था कि वह नशीला पाउडर यात्रियों को किसी माध्यम से मिलाकर या सुंघा कर उनका सामान चोरी कर लेता था।

### दुकान में लगी आग, 50 हजार रुपये की क्षति

**चित्रकूट।** अज्ञात कारणों से किराने की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से दुकान में रखा सारा सामान, नगदी और अनाज जलकर राख हो गया। बताया गया कि आग से 40-50 हजार रुपये की क्षति हुई है। ये मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र के खिचरी गांव के मजरा बेलहा में बीती रात हुआ। बताया गया कि कालीचरन पुत्र रामचरन जो रोज की भांति रात नौ बजे अपनी किराने की दुकान बंदकर घर चला गया था। तभी रात में दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। इससे दुकान में रखा किराने का सारा सामान व नगदी समेत अनाज जलकर राख हो गया। सुबह जब कालीचरन की मां दुकान खोलने किराने की दुकान पहुंची तो देखा कि दुकान में सारा सामान जलकर राख हो चुका था। वहीं पीड़ित दुकानदार कालीचरन ने बताया कि दुकान में आग लगने से उसका 40-50 हजार रुपये की क्षति हुई है। फिलहाल पीड़ित ने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी है।

### ईद का त्योहार तपस्या व त्याग का प्रतीक: एसपी

**फतेहपुर।** अलविदा जुमा, ईदुल फितर व परशुराम जयंती के त्योहार को लेकर तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि ईद का त्योहार तपस्या व त्याग का प्रतीक है। सभी पर्वों को मिल-जुलकर आपसी सौहार्द के बीच मनायें। पर्वों के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखें। उन्होने मस्जिदों के साथ-साथ जुलूस वाले मार्गों पर बेहतर ढंग से साफसफाई कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक का आयोजन महात्मा गांधी सभागार में किया गया। अध्यक्षता एसपी राजेश कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि अलविदा जुमा, ईदुल फितर व परशुराम जयंती को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाये। उन्होंने अलविदा जुमा व ईद पर विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों को पूरी कर लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि साफसफाई, चूने का छिड़काव व जुलूस के मार्गो का रूट प्लान बना लें। अलविदा जुमा व ईद की नमाज के लिए प्रशासन द्वारा की जाने वाली तैयारियों को अभी से प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। मस्जिदों के आस-पास विशेष रूप से सफाई व्यवस्था व मार्ग प्रकाश की व्यवस्था समय से ठीक करा लिये जाने की बात कही।

### दंपत्ति ने मिलकर महिला को पीटा

**जालौन (उरई)।** रंगबाजी को लेकर मोहल्ले के दम्पति ने मिलकर महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दम्पति के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र पुरानी हाट निवासी राबिया पत्नी असीम ने बताया कि उनके मोहल्ले के राशिद खां उनसे रंगबाजी को लेकर द्वेष मानते हैं। इसी द्वेष चलते उन्होंने राशिद खां व उनकी पत्नी शायरा ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। मना करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस दम्पति के खिलाफमारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर लिया है।

### घर से समोसा लेने गया बालक 48 घंटे से लापता

**जालौन (उरई)।** दो दिन पूर्व बाजार से समोसे लाने की बात कहकर निकला किशोर घर नहीं पहुंचा है। पीड़ित पिता ने पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए कोतवाली में सूचना दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी वकील का 13 वर्षीय पुत्र रजा उर्फलाला को सोमवार की सुबह समोसे खाने थे। वह अपनी मां से करीब साढ़े 8 बजे बाजार से समोसे लाने की की बात कहकर चला गया। काफी दर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। सभी संभावित स्थानों और नाते रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी रजा का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद पिता वकील ने कोतवाली पहुचंकर पुत्र के लापता होने की सूचना दी।

# सीडीओ ने मतदान कार्मिकों को दिये सुझाव

**फतेहपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिए शहर के शांतीनगर स्थित ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का उप जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण के दौरान मतदान से संबंधित बहुमूल्य सुझाव दिए। कहा कि मतदान के लिए प्रशिक्षण में जो बताया जा रहा है उसे ध्यानपूर्वक सुने और मतपेटी को खोलने-बंद करने व सील करना आदि को सीख लें। प्रथम पाली में 320 मतदान कार्मिक के सापेक्ष चार अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में 268 के सापेक्ष दो मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। मतदान कार्मिकों से संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंदरौल, पीडी डीआरडीए राजेश कुमार, मास्टर ट्रेनर सहित मतदान कार्मिक व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# सदर अस्पताल में दलालों की सजी मंडी, डिप्टी सीएम के आदेश भी नाकाफी

## ओपीडी शुरू होते ही सक्रिय हो जाते है दलाल

संवाददाता। फतेहपुर

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के सख्त आदेश भी जिला चिकित्सालय मे नाकाफी दिखाई पड़ रहे है। सदर अस्पताल मे बखौफ दलाल मनमानी तरीके से अपनी मंडी सजाए हुए है। आलम यह है कि चिकित्सको के ईई-गिर्द रहने वाले यह दलाल ओपीडी शुरू होते ही सक्रिय हो जाते है और मनमानी तरीके से अपने कारगुजारी को अंजाम देते है। बता दे सूबे के डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक स्वास्थ्य सुविधाओ को लेकर काफी संजीदा है। इतना ही नही अभी हाल मे डिप्टी सीएम ने सदर अस्पताल की निरीक्षण भी किया। हालकि निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम को अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं चकाचक मिली। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने अस्पताल मे दलालो की आमद न होने व मरीजो को सरकारी सुविधाओ को शासन के मंशानुरूप मुहैय्या कराए जाने के सख्त निर्देश दिए थे। भले ही डिप्टी सीएम ने दलालो की आमद पर रोक लगाएं जाने के सख्त निर्देश दिए हो, लेकिन जिला चिकित्सालय मे दलालो की इंट्री में अंकुश नही लग पा रहा है। आलम यह है सुबह आठ से अपरान्ह दो बजे तक अस्पताल मे दलाल की सक्रियता रहती है। यां यूं कहे कि अस्पताल मे दलालो का कब्जा रहता है। अपनी मंडी सजाए दलाल अपनी मनमानी करते नजर आते है। जानकारों का कहना है कि सुबह से ओपीडी शुरू होते ही जिला चिकित्सालय मे दलाल सक्रिय हो जाते है और इनका कारोबार शुरू हो जाता है। सुबह आठ से अपरान्ह दो बजे तक दलाल मनमानी तरीके से अपना धंधा चमकाते रहते है। जानकारो का तो यहां तक कहना है कि किसी प्रकार का विरोध होने पर यह दलाल दबंगई पर भी उतारू हो जाते है। ऐसा नही कि दलालो की इस कारगुजारी की जिम्मेदारो को नही है, लेकिन सबकुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अंजान बने रहते है।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सात सदस्य छह किलो अफीम सहित गिरफ्तार

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**जहानगंज** थाना क्षेत्र में पुलिस ने आज अंतर्राज्यीय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सात कुख्यात अफीम तस्करों को 6 किलो नाजायज अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। इस अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 60 लाख रुपए आंकी गई।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस लाइन सभागार में यह जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की मिली सूचना पर जहानगंज थानाध्यक्ष बलराज भाटीए एसओजी टीम प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार एवं सर्विलांस टीम प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश भाटी नेए अपने दल बल के साथ आज सोमवार को तड़के करीब 4:45 बजे थाना क्षेत्र के काली नदी पुल के समीप वाहन चेकिंग के दौरान एक कार को धर दबोचा गया। प्रवक्ता ने आगे बताया कि यहां वाहन चेकिंग संयुक्त पुलिस टीम ने इस पकड़ी गई कार से छह किलो नाजायज अफीम बरामद की। इस नाजायज अफीम की तस्करी करने वाले एकअंतर राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह सात कुख्यात अपराधियों में बरेली जिले के थाना बिसातगंज ग्राम मझगांवानिवासी इकरार एव इसी जिले के थाना आंवला के ग्राम धनूस निवासी युनश वह हाल निवासी अमन विहार दिल्ली, व बरेली जिले के ग्राम मझगांव निवासी सादिक हुसैन, इसी गांव के मोहम्मद खालिद तथा थाना अलीगंज के ग्राम मडौरा निवासी फहीम के साथ ही झारखंड प्रांत के थाना एवं जिला लातेहार ग्राम पुखरीएएव ग्राम मनखेड़ी के क्रमश: निवासी अत्ताउल्लहक तथा मशूल आलम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इन पकड़े गए अफीम तस्करों के पास है 6 किलो नाजायज अफीम जिस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 60 लाख आकी गईए इसके साथ हीए 15 सौ रुपए नगदी, आठ अदद मोबाइल तथा एक कार बरामद की। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने, अच्छा कार्य करने वाली पुलिस टीम को 10000 का इनाम देने की घोषणा की।

# पेज एक का शेष

## पर्सनल लॉ...

आपत्ति तक ही सीमित अवलोकन भी कर सकते हैं। सीजेआई ने मेहता से कहा, मुझे खेद है, मिस्टर सॉलिसिटर, हम प्रभारी हैं। उन्होंने कहा कि अदालत पहले याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनेगी। सीजेआई ने कहा, आप यह निर्धारित नहीं कर सकते कि हम कार्यवाही कैसे करेंगे। मैंने अपनी अदालत में कभी इसकी अनुमति नहीं दी। मेहता ने जवाब दिया कि उन्होंने कभी भी अदालत पर चीजें नहीं थोपीं। उन्होंने कहा, यह एक मामला है, बहुत संवेदनशील मुद्दा है, जहां आप प्रारंभिक प्रतिवेदन की जांच करेंगे और फिर मुझे कुछ समय देंगे। हमें इस बात पर विचार करना पड़ सकता है कि इस बहस में और भागीदारी पर सरकार का क्या रुख होगा। सीजेआई ने सरकार के विधि अधिकारी से कहा, हम पर व्यापक दृष्टिकोण रखने के लिए भरोसा कीजिए। मेहता ने कहा कि भरोसे की कमी का कोई सवाल ही नहीं है। जब पीठ ने कहा कि उसका यह समझने का इरादा है कि याचिकाकर्ताओं का पक्ष क्या तर्क देना चाहता है, तो मेहता ने इस पर विचार करने के लिए समय मांगा कि सरकार किस हद तक इसमें भाग लेना चाहेगी। न्यायमूर्ति कौल ने मेहता से पूछा, क्या आप कह रहे हैं कि आप भाग नहीं लेना चाहते हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया, मैं इतनी दूर नहीं जाऊंगा। न्यायमूर्ति कौल ने केंद्र के वकील से कहा, यह अच्छा नहीं लगता जब आप कहते हैं कि हम देखेंगे कि हम भाग लेंगे या नहीं। मेहता ने अदालत से कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि सरकार कार्यवाही में भाग नहीं लेगी और उनका निवेदन इस सवाल पर था कि इस मुद्दे पर किस मंच पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्या तब पैदा होगी जब कोई व्यक्ति, जो हिंदू है, हिंदू रहते हुए समलैंगिक विवाह का अधिकार प्राप्त करना चाहता है।

## यूपी में...

सविधाएं प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। वस्त्रोद्योग का हब होने के कारण उत्तर प्रदेश औद्योगीकरण के साथ नगरीय व्यवस्था की दृष्टि से भी देश का महत्वपूर्ण प्रदेश माना जाता रहा था। विगत कालखण्ड में उत्तर प्रदेश की यह पहचान पूरी तरह समाप्त सी हो गयी थी। हैण्डलूम व पावरलूम को उचित प्रोत्साहन नहीं मिल पाया। विगत 09 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने जो प्रगति की, उस प्रगति का लाभ विगत 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक लिया है। 25 सेक्टोरल पॉलिसी के साथ राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को निवेश के बेहतरीन गन्तव्य के साथ-साथ अपने युवाओं के स्किल डेवलपमेण्ट के कार्य को पूरी गम्भीरता के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश को देश की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उद्यमियों को सभी आवश्यक सविधाएं प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। 25 सेक्टोरल पॉलिसी के साथ राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को निवेश के बेहतरीन गन्तव्य के साथ-साथ अपने युवाओं के स्किल डेवलपमेण्ट के कार्य को पूरी गम्भीरता के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

## स्वतंत्र जांच...

नोटिस में आयोग ने उनसे चार सप्ताह के भीतर इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है। अतीक अहमद के एक वकील विजय मिश्रा ने प्रयागराज में बताया, अतीक अहमद ने कहा था कि यदि उनके साथ कोई दुर्घटना होती है या उनकी हत्या होती है तो बंद लिफाफे में एक चिट्ठी उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास जाएगी। उन्होंने कहा, वह चिट्ठी न तो मेरे पास है और न ही मेरे द्वारा भेजी जा रही है। वह चिट्ठी कहीं और रखी गई थी और किसी और व्यक्ति द्वारा भेजी जा रही है। इस चिट्ठी में क्या लिखा है, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। हत्याकांड के बाद प्रशासन ने प्रयागराज में इंटरनेट सेवा बंद कर दी थी, जो तीन दिन बाद आज मंगलवार को बहाल कर दी गई। अशरफ ने हाल ही में बरेली जेल से प्रयागराज लाए जाते समय मीडिया कर्मियों से कहा था कि एक बड़े अफसर ने उसे धमकी दी है कि दो हफ्ते के अंदर उसे और अतीक को किसी ना किसी बहाने से जेल से बाहर लाकर निपटा दिया जाएगा इसलिए एक चिट्ठी तैयार की गई है। उसने कहा था, अगर उसे या उसके भाई अतीक अहमद को कुछ होता है तो वह चिट्ठी उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भेज दी जाए। उस चिट्ठी में उस अधिकारी का नाम लिखा है। इस बीच, उच्चतम न्यायालय अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर 24 अप्रैल को सुनवाई करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गया।

## नरसंहार की...

बिल्कीस के मामले की तुलना धारा 302 (हत्या) के सामान्य मामले से नहीं कर सकते। जैसे सेब की तुलना संतरे से नहीं की जा सकती, इसी तरह नरसंहार की तुलना एक हत्या से नहीं की जा सकती। पीठ ने सरकार से कहा कि यदि आप सजा में छूट प्रदान करने के अपने कारण नहीं बताते हैं, तो हम अपने निष्कर्ष निकालेंगे। अपराध आम तौर पर समाज और समुदाय के खिलाफ किए जाते हैं। असमानों के साथ समान व्यवहार नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने बिल्कीस बानो मामले में दोषियों को सजा में छूट देने को चुनौती देने वाली याचिकाओं के अंतिम निस्तारण के लिए दो मई की तारीख निर्धारित की। अदालत ने उन सभी दोषियों से अपना जवाब दाखिल करने को कहा, जिन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया है। न्यायालय ने केंद्र और राज्य से समीक्षा याचिका दाखिल करने के बारे में उनका रुख स्पष्ट करने को कहा। न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिल्कीस बानो से सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या को भयावह कृत्य करार देते हुए 27 मार्च को गुजरात सरकार से पूछा था कि क्या मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देते समय हत्या के अन्य मामलों में अपनाए गए समान मानक लागू किए गए।

## कैलिफोर्निया गुरुद्वारा...

नाम दिया गया है। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, जांच के दौरान कानून प्रवर्तन अधिकारी दो अन्य स्थानों पर गोलीबारी की घटनाएं होने से रोकने में सफल रहे। करीब 70,000 लोगों की आबादी वाले युबा सिटी शहर में सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं और इस शहर को इसीलिए मिनी पंजाब भी कहा जाता है। हर साल नवंबर में नगर कीर्तन के लिए बड़ी संख्या में लोग शहर आते हैं। कैलिफोर्निया के सेंट्रल वैली में भी सिखों की खासी संख्या है।

## राकांपा विधायकों...

नेता संजय राउत ने रविवार को अफवाहों को यह कहकर और बढ़ा दिया था कि शरद पवार ने हाल ही में उद्धव ठाकरे से कहा था कि उनकी पार्टी कभी भी भाजपा से हाथ नहीं मिलाएगी, भले ही कोई व्यक्तिगत स्तर पर ऐसा कोई निर्णय ले।

## संगीत व...

कला के माध्यम से सिखाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है, जिसने बच्चों की सीखने की उत्सुकता को बरकरार रखते हुए उन्हें अपने कौशल को पहचानने और आत्मविश्वास के साथ खुद को अभिव्यक्त करना सिखाया है। पायलट फेज के बाद बच्चों के अंदर जो आत्मविश्वास आया है वह इसकी सफलता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की शुरुआत के दौरान जब बच्चे छोटी कक्षाओं में होते हैं और उनसे पूछा जाता है कि क्या उन्हें आर्ट, म्यूजिक, डांस आता है तो सब हां में जबाव देते हैं, लेकिन जैसे-जैसे वे बड़े होते जाते हैं, इन चीजों को लेकर उनका सारा आत्मविश्वास खत्म हो जाता है। मतलब जिस कॉन्फिडेंस के साथ बच्चे स्कूल आते है, छुट्टी का समय होते-होते वे निढाल से हो जाते हैं।

## क्या है...

विजुअल आर्ट्स, म्यूजिक, डांस, थिएटर व मीडिया आर्ट्स से जोड़ा गया है। नर्सरी से कक्षा 5वीं के बच्चों को आर्ट एक्सपोजर और प्रदर्शनी के माध्यम से उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ाया गया। यूजिक, डांस और विजुअल आर्ट माध्यमों से बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान किया गया, जहां वे विभिन्न विषयों को इन आर्ट फॉर्म्स के माध्यम से सीखने लगे।

# सूडान में अमेरिकी दूतावास के काफिले पर हमला

भाषा। खार्तूम (सूडान)



अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने मंगलवार को कहा कि सूडान में अमेरिकी दूतावास का एक काफिला गोलीबारी की चपेट में आ गया। उन्होंने सूडान के दो शीर्ष जनरलों के बीच संघर्ष विराम के लिए प्रयास तेज कर दिए। सूडान की राजधानी खार्तूम में दोनों प्रतिद्वंद्वी बलों के बीच आज चौथे दिन लड़ाई जारी रही। यूरोपीय संघ के दूत के निवास पर हमले, नार्वे के राजदूत के घर पर गोलाबारी के साथ अमेरिकी दूतावास के काफिले पर हमला इस बात का संकेत है कि लड़ाई में स्थित और बिगड़ने ही वाली है। राजधानी खार्तूम और अन्य शहरों में लाखों लोग अपने -अपने घरों में छिपे हैं। वे दोनों पक्षों के बीच लडाई में फंस गए हैं। दोनों ही जनरल एक दूसरे को कुचल देने की बात कर रहे हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकंन ने बताया कि सोमवार को दूतावास के वाहनों के काफिले पर हमला किया गया और प्रारंभिक खबरों से हमलावरों के सूडान की सेना के अर्द्धसैन्य बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज से जुड़े होने का पता चला है। उन्होंने बताया कि काफिले में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। अफ्रीका के तीसरे सबसे बड़े देश पर नियंत्रण के लिए दो प्रतिद्वंद्वी जनरलों के बीच लड़ाई गत सप्ताहांत शुरू हुई थी। दोनों ही पक्ष घनी आबादी वाले क्षेत्रों में तोपों एवं अन्य भारी हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, लड़ाई छिड़ने के बाद से अब तक 185 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं तथा 1800 से अधिक घायल हुए हैं। संयुकत राष्ट्र ने यह नहीं बताया कि उनमें कितने आम नागरिक हैं और कितने लड़ाके हैं। अमेरिका के विदेश विभाग ने सोमवार देर रात बताया कि ब्लिंकन ने दोनों जनरलों से फोन पर अलग-अलग बात की है। उन्होंने मंगलवार को जापान में सात अमीर देशों के समूह की बैठक में पत्रकारों से कहा, मैंने फोन पर बहुत स्पष्ट कहा है कि हमारे राजनयिकों पर कोई हमला या खतरा पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने तत्काल 24 घंटे के संघर्ष विराम की अपील की। यह हिंसा सशस्त्र बलों के कमांडर अब्देल फतेह अल बुरहान और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के प्रमुख जनरल मोहम्मद हमदान दागलो के बीच सत्ता के लिए संघर्ष का हिस्सा है। दागलो ने अपने कई ट्वीट में कहा कि ब्लिंकन के साथ बातचीत के बाद उन्होंने 24 घंटे के मानवीय संघर्षविराम की मंजूरी दी है।

## सूडानी सेना व प्रतिद्वंद्वी बलों के बीच 24 घंटे के संघर्ष विराम के लिए सहमति बनी

**खार्तूम।** सूडानी सेना और एक प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल मंगलवार शाम से 24 घंटे के संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गए। अरब मीडिया की खबरो में यह जानकारी दी गई है। देश पर नियंत्रण के लिए दोनो पक्षो के बीच पिछले चार दिन से संघर्ष चल रहा था। इस लड़ाई के कारण देश की राजधानी खार्तूम और सूडान के अन्य क्षेत्रो मे अराजक स्थिति पैदा हो गई है। राजधानी और देश के अन्य प्रमुख शहरों में लाखो सूडानी अपने घरों मे छिपे हुए हैं और वे नियंत्रण के लिए संघर्षरत दो बलो की लड़ाई मे फंस गए है। दोनो पक्षो ने रिहायशी इलाको मे तोपो और हवाई हमले किए। लड़ाकों ने पिछले दिनों, खार्तूम में अमेरिकी दूतावास के एक काफिले पर भी हमला किया और सूडान में यूरोपीय संघ के दूत के घर पर धावा बोल दिया। हालांकि इन दोनो हमलों में कोई हताहत नही हुआ। सैटेलाइट चैनलो अल-अरबिया और अल-जज़ीरा ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शम्स अल दीन कब्बाशी के हवाले से बताया कि सेना संघर्ष विराम का पालन करेगी। वही सीएनएन अरबी चैनल ने देश की सेना के प्रमुख जनरल अब्देल फत्ताह बुरहान का हवाला देते हुए कहा कि सेना दिन भर के संघर्षविराम मे शामिल होगी।

# ब्रिटेन की सरकार ने भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को गंभीरता से लेने का दावा किया

भाषा। लंदन



**ब्रिटेन की** सरकार ने दावा किया कि लंदन में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को वह अत्यधिक गंभीरता से लेती है और राजनयिक मिशनों में आपराधिक घटनाओं के खिलाफ कड़ी कार्वाई करती है। ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री टॉम टंगेनडट ने लेबर पार्टी के भारतीय मूल के सांसद नवेंदु मिश्रा के पूछे गए एक प्रश्न के लिखित जवाब में सोमवार को निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में यह जानकारी दी। टंगेनडट ने कहा कि ब्रिटेन की सरकार पिछले महीने लंदन में भारतीय उच्चायोग में हुई क्षति और उसके कर्मचारियों पर हुए हमले को अस्वीकार्य मानती है। उन्होंने कहा, सरकार भारतीय उच्चायोग की रक्षात्मक सुरक्षा को बेहद गंभीरता से लेती है। सरकार पूरे ब्रिटेन में मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें इस तरह की घटनाओं को रोकना और शीघ्रता से तथा मजबूती के साथ इसका जवाब देना शामिल है। 18 मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग में हुई क्षति और उसके कर्मचारियों पर हुए हमले को अस्वीकार्य मानती है। पुलिस के पास ऐसी घटनाओं से निपटने की पर्याप्त शक्ति है। गौरतलब है कि खालिस्तानी झंडे लहराते और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने लंदन में भारतीय उच्चायोग के ऊपर फहराए गए तिरंगे को 19 मार्च को उतारने का प्रयास किया था। घटना के बाद हिंसक उपद्रव के संबंध में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसके बाद भारतीय उच्चायोग की इमारत पर एक अतिरिक्त तिरंगा लगाया गया है

## सीबीसी ने ट्विटर का इस्तेमाल बंद किया

**टोरंटो।** कनाडा के प्रसारण नेटवर्क सीबीसी ने अपने अकाउंट पर ट्विटर की ओर से सरकार द्वारा वित्तपोषित मीडिया का लेबल लगाए जाने के बाद एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच का इस्तेमाल बंद कर दिया है। मीडिया प्रतिष्ठान ने कहा कि ट्विटर का यह कदम उसकी विश्वसनीयता को कम करता है। ट्विटर ने सीबीसीरेडियो-कनाडा के अकाउंट पर' सरकार द्वारा वित्तपोषित मीडियो' के रूप मे लेबल लगा दिया। यह वही लेबल है, जिसकी वजह से पिछले बुधवार को अमेरिका के नेशनल पब्लिक रेडियो ने भी ट्विटर छोड़ दिया था।

## ईरान ने सैन्य दिवस के अवसर पर इजराइल को फिर से धमकी दी

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने मंगलवार को देश के सैन्य दिवस के अवसर पर इजराइल को फिर धमकी दी। हालांकि, वह सऊदी अरब की आलोचना से दूर रहे, क्योंकि शिया बहुल ईरान सुन्नी बहुल सऊदी अरब से तनाव को कम करने का इच्छुक है। रईसी ने यह टिप्पणी टेलीविजन पर प्रसारित सैन्य दिवस कार्यक्रम के दौरान की जिसके तहत लड़ाकू विमानो और हेलीकॉप्टर ने तेहरान के ऊपर से उड़ान भरी और ईरानी पनडुब्बियों ने अपनी जल सीमा के भीतर अपने ताकत का प्रदर्शन किया। समारोह को संबोधित करते हुए रईसी ने इजराइल को धमकी दी।

## जानलेवा हमले में बाल बाल बचे पाकिस्तानी राजनयिक काबुल लौटे

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान मे पाकिस्तान के राजनयिक मिशन के प्रमुख सोमवार को काबुल लौट गए। उन पर करीब चार महीने पहले अफगानिस्तान की राजधानी में जानलेवा हमला किया गया था जिसके बाद उन्हे अपने वतन वापस बुला लिया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज़ ज़हरा बलोच ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान के मिशन के प्रमुख उबैद-उर-रहमान निज़ामानी काबुल लौट गए है। हालांकि उन्होने इससे ज्यादा जानकारी नही दी है। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भट्टो-ज़रदारी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के बीच फोन पर बातचीत हुई थी जिसके बाद निज़मानी अफगानिस्तान गए है। यह घटनाक्रम अगले महीने मुत्तकी की इस्लामाबाद की यात्रा से पहले हुआ है। सूत्रों के हवाले से खबर मे कहा गया है कि पाकिस्तानी दूत को वापस भेजने का फैसला फोन पर हुई बातचीत के दौरान किया गया था। निज़मानी दो दिसंबर को पाकिस्तानी दूतावास परिसर मे टहल रहे थे तभी पास की बहुमंजिला इमारत से शूटर ने उन पर गोलीबारी कर दी।

## कुवैत के युवराज ने संसद को भंग किया

**दुबई।** कुवैत के युवराज ने देश की संसद को भंग करने और नए चुनाव कराने का आदेश दिया है। इससे पहले 2020 मे संसद भंग करने के फैसले को एक अदालत ने खारिज कर दिया था। युवराज शेख मिशाल अल अहमद अल जाबीर ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संदेश में यह ऐलान किया। उनकी घोषणा ऐसे वक्त हुई है जब इस हफ्ते रमज़ान का पवित्र महीना खत्म होने वाला है। सरकारी समाचार एजेंसी कुना के मुताबिक, अल जाबीर ने इस फैसले को कुवैत के लोगो की ख्वाहिश बताया है। चुनाव अगले दो महीने के अंदर होंगे। मार्च मे कुवैत की एक संवैधानिक अदालत ने 2020 मे संसद भंग करने के आदेश मे विसंगतियो का हवाला देते हुए संसद के लिए 2022 मे हुए चुनाव को अमान्य करार दिया था। उसने कुछ समय के लिए संसद को बहाल कर दिया था। कुवैत में संसद है लेकिन यहां राजनीतिक ताकत मुख्य रूप से देश पर शासन करने वाले अल सबाह परिवार के पास है। वे ही प्रधानमंत्री और कैबिनेट को नियुक्त करते हैं और संसद को कभी भी भंग कर सकते है।

## पाकिस्तान की अदालत ने ईशनिंदा के मामले में चीनी नागरिकों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**पेशावर।** पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कथित तौर पर ईशनिंदा करने के आरोपी चीनी नागरिक को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मीडिया ने मंगलवार को यह खबर दी। डॉन अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक चीनी नागरिक तियान को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया था और सोमवार को सुरक्षा कारणों से उसे सेना के हेलीकॉप्टर से एबटाबाद ले जाया गया था, क्योंकि पुलिस को आशंका थी कि स्थानीय लोग उसे नुकसान पहुंचा सकते हैं। एबटाबाद की आतंकवाद रोधी अदालत ने ईशनिंदा के मामले में गिरफ्तार तियान को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चीनी नागरिक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ऊपरी कोहिस्तान जिले में पाकिस्तान के सबसे बड़ी जल विद्युत परियोजना दासू जलविद्युत परियोजना में बतौर प्रबंधक काम करता है और उसने शुक्रवार को नमाज पढ़ने जा रहे कर्मचारियों पर ईशनिंदा करने वाली कथित टिप्पणी की थी।

# पुतिन ने यूक्रेन में रूसी सैनिकों से मुलाकात की



## ● जेलेंस्की भी अग्रिम मोर्चे पर पहुंचे

भाषा। कीव

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के कमान केंद्र का मंगलवार तड़के दौरा किया। यह पिछले दो महीने में उनका दूसरा ऐसा दौरा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भी मंगलवार को दोनेत्स्क प्रांत के दौरे पर पहुंचे जहां पर रूसी सैनिकों के साथ भीषण लड़ाई जारी है। पुतिन ने यह दौरा ऐसे समय किया है जब युद्ध के 14वें महीने होने वाले हैं और माना जा रहा है कि यूक्रेन पश्चिमी देशों से मिली मदद के सहारे रूस पर जवाबी कार्वाई करने की तैयारी कर रहा है। क्रेमलिन की ओर से जारी और रूस के सरकारी टेलीविज़न पर प्रसारित एक वीडियो में पुतिन दक्षिण खेरसॉन क्षेत्र में रूसी बलों के कमान केंद्र का दौरा करते दिखे। इसमें पुतिन जंग के हालात के बारे में शीर्ष सैन्य अधिकारियों से जानकारी लेने के लिए हेलीकॉप्टर से वहां पहुंचते दिखते हैं। इसके बाद वह पूर्वी लुहांस्क क्षेत्र में स्थिति की कमांडर से जानकारी लेने के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि पुतिन ने यह दौरा गत सोमवार को किया और गत दो महीने में पुतिन द्वारा किया गया दूसरा दौरा है। सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो फुटेज में पुतिन गहरे रंग के सूट पहने नजर आ रहे हैं और उन्हें दोनों स्थानों पर अपनी सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करते देखा जा सकता है। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि सैन्य केंद्र कहां है जिससे युद्ध मोर्चे से उनकी दूरी का आकलन करना असंभव है। क्रेमलिन की ओर से इन क्षेत्रों की यात्रा से संबंधित जारी वीडियो को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करना भी लगभग नामुमकिन है। जेलेंस्की भी मंगलवार अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों का हौसला अफजाई करने के लिए गए जहां वे रूसी सैनिकों के साथ लोहा ले रहे हैं।

## रूस ने अमेरिकी पत्रकार की हिरासत को बरकरार रखा

**मॉस्को।** जासूसी के आरोप मे पकड़े गए अमेरिकी पत्रकार इवान गेर्शकोविच की हिरासत को मंगलवार को मॉस्को की एक अदालत ने बरकरार रखा। इवान और अमेरिका ने रूस द्वारा लगाए गए जासूसी के आरोपो का खंडन किया है। पत्रकारों और समर्थकों ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार इवान को कई हफ्तो के बाद अदालत मे देखा। वह पहले अमेरिकी पत्रकार है जिन्हे रूस ने शीतयुद्ध के बाद जासूसी के आरोप मे हिरासत मे लिया है। इवान के खिलाफ कार्वाई को यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को लेकर उठने वाली आवाज को दबाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

## जी-7 ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस पर प्रतिबंध बढ़ाने का संकल्प लिया

**करुईजावा (जापान)।** दुनिया के सात अमीर देशो के समूह जी7 के विदेश मंत्रियो ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ प्रतिबंध बढ़ाने का संकल्प लिया है। जी-7 के विदेश मंत्रियों ने मंगलवार को समाप्त हुई बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति में कहा, हम रूस के खिलाफ प्रतिबंधो को बढ़ने तथा उन्हें पूरी तरह लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। युद्ध अपराधो और नागरिकों तथा अहम बुनियादी ढांचो पर रूस के हमलों जैसे अन्य अत्याचारो के लिए कोई दंड मुक्ति नही हो सकती। मंत्रियो ने यूक्रेन को हरसंभव सहयोग देते रहने पर भी सहमति जताई। जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक मे चीन, ताइवान और तथाकथित ग्लोबल साउथ देशो के साथ सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## क्विक न्यूज

### चीन में आग लगने की अलग अलग घटनाओं में 32 लोगों की झुलसकर मौत

**बीजिंग।** चीन में एक अस्पताल और फैक्टरी में आग लगने की अलग अलग घटनाओं में कम से कम 32 लोगों में आग में झुलसकर मौत हो गई। आधिकारिक मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार नियंत्रित चाइना डेली की खबर के अनुसार, बीजिंग के फेंगताई जिले में एक अस्पताल के दाखिला भवन में मंगलवार को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर आग लग गई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। आग दोपहर करीब एक बजकर 33 मिनट पर बुझा ली गई और दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बचाव अभियान खत्म हुआ। अस्पताल से कुल 71 मरीजों को निकाला गया और अन्य जगह स्थानांतरित किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। चीन के पूर्वी झेजियांग प्रांत में जिनहुआ शहर के वुई काउंटी में सोमवार को एक फैक्टरी में आग लगने की एक अन्य घटना में 11 लोगों की आग में झुलसकर मौत हो गई। स्थानीय सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आग सोमवार को दोपहर दो बजकर चार मिनट पर (स्थानीय समयानुसार) लगी थी।

### ब्रिटेनः नया ब्रिटिश गुजराती संसदीय समूह बनाने पर भारतीय समुदाय को आपत्ति

**लंदन।** ब्रिटेन में रह रहे भारतवंशियों के कई संगठनों ने पत्र जारी कर ब्रिटिश गुजरातियों के नए अंतर दलीय संसदीय समूह के गठन पर आपत्ति जताई है। इन संगठनों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह कदम विभाजनकारी हो सकता है। ब्रिटिश गुजराती ऑल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप (एपीपीजी) को नए निकाय के तौर पर पंजीकृत किया गया है और इसके गठन के पीछे का उद्देश्य ब्रिटिश गुजराती समुदाय की आर्थिक, स्वास्थ्य, सामाजिक और सांस्कृतिक जरूरतों को संसद में प्रतिबिंबित करना है तथा खास तौर पर स्वास्थ्य, शिक्षा और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल पर ध्यान आकृष्ट करना है। फ्रेंड्स ऑफ इंडिया सोसाइटी इंटरनेशनल (एफआईएसआई) ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह जारी पत्र में कहा, यह कदम विभाजनकारी है और ब्रिटिश भारतीय समुदाय के हितों के खिलाफ है।

# पाक में भीषण भूस्खलन में दो अफगान नागरिकों की मौत, 20 ट्रक जमींदोज



भाषा। पेशावर (पाकिस्तान)

**उत्तर पश्चिमी** पाकिस्तान में सीमावर्ती शहर तोरखम के समीप एक प्रमुख राजमार्ग पर मंगलवार सुबह भीषण भूस्खलन में कम से कम दो अफगान नागरिकों की मौत हो गई, आठ अन्य घायल हो गए तथा करीब 20 ट्रक जमींदोज हो गए। डॉन अखबार के अनुसार, अफगानिस्तान सीमा के समीप खैबर पख्तूनख्वा के खैबर दर्रे से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर बिजली गिरने के बाद मंगलवार तड़के भूस्खलन हुआ जिससे सामान ले जा रहे कई ट्रक जमींदोज हो गए। बचाव अधिकारियों के अनुसार, भूस्खलन में अफगानिस्तान के दो नागरिकों की मौत हो गई तथा प्राधिकारी उनके शव बरामद करने के प्रयास कर रहे हैं।

## भारी मन से अफगानिस्तान छोड़ने का निर्णय लेने के लिए तैयार हैंः संरा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र ने** कहा कि यदि वह अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन को स्थानीय महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के लिए काम करने देने पर राजी नहीं कर सका तो वह भारी मन से मई में देश छोड़ने का निर्णय करने को तैयार है। यह बात संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) प्रमुख ने कही। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के प्रशासक ए. स्टेनर ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी इस उम्मीद में इस्लामी सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं कि वह स्थानीय महिलाओं को संगठन के लिए काम करने देने के लिए इस महीने जारी एक अध्यादेश में अपवाद को शामिल करेगी। यह कहना उचित है कि अभी हम जहां हैं, वहां संपूर्ण संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को एक कदम पीछे हटाना पड़ रहा है और वहां काम करने की अपनी क्षमता का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ रहा है।

## भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर को नेपाल में अन्नपूर्णा पर्वत से सुरक्षित बचाया गया

**काठमांडू।** भारत की प्रमुख महिला पर्वतारोही बलजीत कौर (27) को नेपाल में अन्नपूर्णा चोटी से उतरते समय चौथे शिविर के पास से लापता होने के एक दिन बाद मंगलवार को सुरक्षित बचा लिया गया। एक अभियान आयोजक ने यह जानकारी दी। पायनियर एडवेंचर के अध्यक्ष पसंग शेरपा ने हिमालयन टाइम्स को बताया कि सोमवार को जरूरी ऑक्सीजन के बिना दुनिया की दसवीं सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करने वाली कौर को हवाई खोजी दल ने चौथे शिविर के पास 7,363 मीटर की ऊंचाई पर देखा और उन्हें वहां से बचा लिया गया। शेरपा ने कहा, वह शीतदंश से पीड़ित हैं और अब उन्हें काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीआईडब्ल्यूईसी अस्पताल ले जाया जा रहा है। शेरपा के मुताबिक, हवाई खोज दल ने कौर को कैंप की ओर अकेले उतरते देखा। इस संबंध में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, कौर शिखर बिंदु के नीचे अकेली रह गई थीं और आज सुबह तक रेडियो संपर्क से बाहर थीं। मंगलवार की सुबह जब एक हवाई खोज अभियान शुरू हुआ तब वह तत्काल मदद के लिए एक रेडियो सिग्नल भेजने में कामयाब रहीं। कौर की जीपीएस लोकेशन ने 7,375 मीटर (24,193 फुट) की ऊंचाई का संकेत दिया था। वह सोमवार शाम करीब सवा पांच बजे दो शेरपा गाइड के साथ अन्नपूर्णा चोटी पर पहुंची थीं।



## डॉ. दत्तात्रेयडु नोरी मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर के चेन्नई-सेंटर के वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त

**वाशिंगटन।** शीर्ष भारतीय अमेरिकी ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर विशेषज्ञ) डॉ. दत्तात्रेयडु नोरी को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर के चेन्नई-सेंटर का वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारत में मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर के उद्घाटन को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए डॉ. नोरी ने कहा कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कैंसर संस्थान से कैंसर का इलाज एवं परामर्श प्राप्त करने से न केवल बड़ी संख्या में लोगों की जान बचेगी, बल्कि इस घातक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर
गौतमबुद्धनगर
पत्रांक 02 /एस0टी0–एस0डी0एम0/2023
दिनांक 11/04/2023
**सार्वजनिक सूचना**
श्री डैरिक दास पुत्र श्री अनिल दास, (उम्र 30 वर्ष) निवासी फ्लैट नं0-3डी-502 ए0डब्लू0एच0ओ0, गुरजिन्दर विहार, सेक्टर चाई-1, पॉकेट पी-5, ग्रेटर नोएडा, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर एवं आस्था गुप्ता पुत्री श्री मनोज कुमार गुप्ता, (उम्र 29 वर्ष) निवासी 3एफ, 407ए ए0डब्लू0एच0ओ0 टाउनशिप, सेक्टर चाई, पॉकेट-1, कासना गौतमबुद्धनगर के मध्य विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अन्तर्गत विवाह के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (कक्ष सं0-117) में किसी भी कार्य दिवस में अपनी लिखित आपत्ति 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।
हस्ता/–
उपजिलाधिकारी सदर/
विशेष विवाह अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

ऋण वसूली
न्यायाधिकरण –2, चंडीगढ़
6. ओए/834/2022
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
आशीष वोहरा
आइटम नंबर 6
दिनांकित : 19–12–2022
उपस्थित : श्री सुखविंदर सिंह,
श्री राहुल गर्ग के लिए परोक्षी काउन्सिल,
आवेदक बैंक के लिए काउन्सिल
श्री एच.के.पी. सिन्हा, विधिक कार्यालय,
प्रतिवादी सं. 3 के व्यक्तिगत
रूप से उपस्थित
अन्य प्रतिवादियों के लिए कोई नहीं
आवेदक बैंक द्वारा डायरी नंबर 19652 दिनांकित 19–12–2022 के माध्यम से दाखिल की गई सर्विस रिपोर्ट, पंजीकृत डाक की रसीद और ट्रैक रेकार्ड सहित रेकार्ड पर है, जो दर्शाता है कि सम्मन तामील नहीं किए जा सके। अतएव आवेदक बैंक काउन्सिल ने बाकी प्रतिवादी सं. 1 एवं 2 के विरूद्ध प्रकाशन के माध्यम से नोटिस जारी करने का अनुरोध किया है।
ऋण वसूली (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 23 के अधीन प्रदत्त शक्ति के निबन्धनों में आवेदक बैंक का अनुरोध स्वीकार किया जाता है। नोटिस जारी किए जाएं और दो प्रमुख समाचार पत्रों, एक अंग्रेजी तथा एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र में, जिसका प्रतिवादी के निवास क्षेत्र में व्यापक प्रसार है, प्रकाशित करवाए जाएं। आवेदक बैंक को प्रकाशन का प्रमाण दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।
प्रतिवादी सं. 3 के लिए विधि कार्यालय उपस्थित हुआ और डायरी नंबर 19619 दिनांकित 19–12–2022 के माध्यम से एनसीएलटी आदेश दाखिल किया, अतएव प्रतिवादी सं. 3 को एक उपयुक्त आवेदन, सुनवाई की अगली तिथि से पहले, दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।
यह वाद आगे कार्यवाही के लिए रजिस्ट्रार के समक्ष 19–04–2023 को प्रस्तुत किया जाए।
आरओ–2/रजिस्ट्रार आई/सी
डीआरटी–2, चंडीगढ़

**सार्वजनिक सूचना**
सब-रजिस्ट्रार VII के साथ पंजीकृत ई-94 (बेसमेंट), माल्वा मार्ग, नई दिल्ली-110021, की संपत्ति के निम्नलिखित मूल दस्तावेज खो गए हैं:
(१) बिक्री विलेख दिनांक 12.01.2012, संख्या 618 Addl. Book No. I, वॉल्यूम सं- 4265, पीपी न 34 से 52 हरमाला कौर गुप्ता के पक्ष में।
उक्त गुमशुदा दस्तावेज के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी तरह का लेन-देन करने या उसे अंजाम देने के लिए सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है। यदि किसी ने पहले से ही किया है या किया जा रहा है, तो कृपया इस पते पर 7 (सात) दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।
डॉ. जे. पी. एस. बख्शी
श्रीमती गुरमिंदर कौर बख्शी
पता: ई-94 (बेसमेंट), माल्वा मार्ग, नई दिल्ली-110021
मोबाइल: 7087000901
दिनांक : 19.04.2023 स्थान : नई दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**
This is to bring to the notice of the General Public that our client Aditya Birla Finance Limited intends to take on mortgage Property Bearing No. B-35, Land measuring 200 Sq. Yds., situated at the abadi of Krishan Kunj Extension, Part-2, Laxmi Nagar in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi-110092 ("Premises") owned by Mr. Vijay Arora.
Any person or persons having any share, right, title, estate, interest, claim or demand against or to upon or in the Premises or any part thereof whether by way of FSI, TDR, sale, assignment, bequest, charge, gift, exchange, encumbrance, lease, guarantee, tenancy, license, mortgage, covenant, device, tenancy, lien, transfer, lis-pendens, maintenance, possession, occupation, care-taker basis, sub-lease, sub-tenancy, trust, partition, acquisition, requisition, inheritance, easement, attachment, possession, reversionary rights or otherwise rights of any nature whatsoever or order / decree/ judgement of any Court, option agreement or any kind of agreement or otherwise howsoever and whatsoever are thereby required to intimate the same in writing along with supporting documentary proof based on which such claim is being raised to the undersigned within 07 days from the date of Publication hereof, failing which any such right, title, interest, claim or demand, if any shall be considered as waiver and/or abandoned.
K.P. Menon & Co.
Advocates & Solicitors
A-316, 3rd Floor, R.G. Complex, Motia Khan, Pahar Ganj, New Delhi -110055

# पृथ्वी पर मृदा ने जीवन कैसे बदल दिया ?

भाषा। एडिनबर्ग



**पृथ्वी** के अस्तित्व में आने के पहले चार अरब वर्ष तक इसके महाद्वीप धूल भरे, बंजर और चट्टानी थे, ठीक मंगल ग्रह की सतह की तरह। लेकिन करीब 50 करोड़ साल पहले यह सब बदल गया। भूमि पौधों ने ताजा पानी के अपने शैवाल युक्त पूर्वजों से पनपना शुरू किया और धीरे-धीरे पृथ्वी की चट्टानी सतह को ढक लिया। मूलतः महज कुछ सेंटीमीटर लंबे पहले भूमि पौधे तेजी से अधिक जटिल रूप में बढ़े। 38.5 करोड़ साल पहले व्यापक जंगलों ने पृथ्वी की सतह को ढक दिया। पौधों की इस नई विविधता को जमीन के नीचे होने वाली प्रक्रिया, जड़ों और मिट्टी के निर्माण से सहारा मिला। आज मिट्टी इतनी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है कि हम अक्सर उन्हें हल्के में लेते हैं या मान लेते हैं कि वह हमारे ग्रह का स्थाई हिस्सा है। लेकिन ऐसा है नहीं। इन मृदा के निर्माण ने पृथ्वी पर जीवन में नाटकीय बदलाव किए हैं। मिट्टी ने क्षेत्रीय परिदृश्य, जल स्रोत, पोषण और खनिज चक्रण तथा यहां तक कि वातावरण की संरचना को भी बदल दिया। मृदा कैसे बनी, इसका सबसे पहले सबूत प्राचीन भूमि पौधों के जीवाश्म से मिलता है। स्कॉटलैंड के उत्तरपूर्व में रिनी कर्ट नामक चट्टान के निर्माण में असाधारण रूप से अच्छी तरह संरक्षित 40.7 लाख वर्ष पुराने पौधे का जीवाश्म है। इससे वैज्ञानिकों को यहां फलने-फूलने वाले जीवन की विविधता का अध्ययन करने का मौका मिला। रिनी कर्ट में संरक्षित ज्यादातर पौधों में बड़ी जटिल जड़ें नहीं हैं जो पौधे के लिए जरूरी होती है। इसके बजाय उनकी जड़ों की प्रणाली में पतले तने थे जो रिजॉइड्स नामक बालों से ढके थे। इन बालों ने पौधों को ग्रह की चट्टानी सतह पर फैलने तथा पानी और पोषक तत्वों को अवशोषित करने में मदद की।

**पौधों की विविधता :**

मृदा पृथ्वी पर जीवन के एक बड़े हिस्से का आधार है। जल चक्र, पोषण चक्र में तथा कार्बन के भंडार के रूप में इसकी भूमिका आज तथा भविष्य में महत्वपूर्ण हैं। मिट्टी में समय समय पर बदलाव भी होता रहा है। जल चक्र इसका ही एक हिस्सा है। कभी धीरे धीरे विकसित होती मिट्टी में पानी छोटी छोटी लेकिन कई धाराओं के रूप में था। बाद में मिट्टी ने रूप बदला और मैदानी इलाके बन गए जिनमें नदियां और उनके बहाव की दिशा बदलने से बनी झीलें तथा बारिश के पानी से बनी झीलें नजर आने लगीं। अब मिट्टी ने भी जल संग्रह शुरू कर दिया। इसकी वजह से वनस्पतियों को अपना आयु काल बढ़ाने में मदद मिल गई।

## सबसे पहली मृदा :

दो करोड़ साल पहले की बात छोड़े तो पृथ्वी के महाद्वीप वनो से आच्छादित थे जिनमे एक मीटर गहरी मिट्टी थी। मिट्टी की गहराई मे इस उल्लेखनीय वृद्धि ने पौधो की जड़ो की उत्पत्ति मे मदद की। जड़े नीचे की ओर फैलकर मिट्टी की गहराई बढ़ाती है। जमीन के लिए इस क्रांति ने जीवन मे विविधता लाने के वास्ते पूरी तरह एक नया पारिस्थितिकी तंत्र पैदा किया। मृदा भूविज्ञान, वातावरण और पानी तथा पोषण चक्रो के बीच एक अंतर संबंध है। गहरी मिट्टी के विकास ने पृथ्वी के इन हिस्सो के बीच संबंधो को बदल दिया और कई आश्चर्यजनक बदलाव पैदा किए।

## नेपाल के राष्ट्रपति दोबारा अस्पताल में भर्ती

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद मंगलवार को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। नेपाल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। नेता ने बताया कि 78 वर्षीय पौडेल को काठमांडू के महाराजगंज में टीचिंग अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के प्रशासन प्रमुख बैकुंठ थपलिया के मुताबिक राष्ट्रपति पौडेल का इलाज चल रहा है। काठमांड पोस्ट ने राष्ट्रपति के एक सलाहकार के हवाले से अपनी खबर में कहा, उनके ऑक्सीजन स्तर में गिरावट के बाद हम उन्हें अस्पताल ले गए। 15 दिनों से एंटीबायोटिक्स लेने के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। इस बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने पौडेल का हालचाल जानने के लिए अस्पताल का दौरा किया। यह दूसरा मौका है जब राष्ट्रपति एक महीने के भीतर अस्पताल में भर्ती हुए हैं। पिछले हफ्ते पेट में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# भारत के कुशल कार्यबल का विश्व को लाभ होगा : बिरला

भाषा। नई दिल्ली

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि देश में युवाओं के बीच उद्यमशीलता एवं कौशल को बढ़ावा देकर कुशल कार्यबल तैयार करने एवं अनुसंधान और विकास में महत्वपूर्ण निवेश किए जा रहे हैं तथा इस कार्यबल का भारत सहित पूरी दुनिया को फायदा होगा।

बिरला ने नॉर्वे की सांसद ट्राइन लिज़ सुंडनेस के नेतृत्व में आए यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) संसदीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान यह बात कही, जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के सदस्य शामिल थे। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने कहा कि यह यात्रा भारत और ईएफटीए देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईएफटीए और भारत दोनों को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आपसी सहयोग से काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारत और ईएफटीए देश विश्व शांति, अहिंसा, मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्धता को साझा करते हैं, जो एक जीवंत लोकतंत्र का आधार है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों



पर हाल के वर्षों में भारत और ईएफटीए देशों के बीच रिश्ते मजबूत हुए हैं और इसे और अधिक गति देने के लिए लोगों के बीच सम्पर्क को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। बिरला ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत में कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की सबसे बड़ी आबादी होगी, ऐसे में सरकार ने युवाओं के बीच उद्यमशीलता और कौशल को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों और योजनाओं की शुरुआत की है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें (युवाओं) कुशल कार्यबल में बदलने के लिए उच्च शिक्षा, अनुसंधान और विकास में महत्वपूर्ण निवेश किए जा रहे हैं और यह कार्यबल न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व के लिए उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि भारत विविधता के बावजूद एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में विकसित हुआ है तथा इस जीवंत विविधता को एक ताकत बनाकर भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। बिरला ने कहा कि भारत निकट भविष्य में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर पी20 शिखर सम्मेलन का भी आयोजन करेगा, जिसमें जी20 देशों के अलावा अन्य आमंत्रित देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारी शामिल होंगे।

## बिहार में जहरीली शराब से मृतकों की संख्या बढ़कर 31 हुई

**मोतिहारी (बिहार)।** पूर्वी चंपारण जिले में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 31 हो गई। वहीं इस मामले में पुलिस ने अभी तक 183 लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संदिग्ध जहरीली शराब पीने से अभी तक कुल 31 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है, जिसमें 10 व्यक्तियों का पोस्टमार्टम कराया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस त्रासदी से बीमार कोई मरीज जिला मुख्यालय मोतिहारी में स्थित सदर अस्पताल में नहीं है। वहीं, शहर के निजी अस्पतालों में नौ मरीजों का इलाज हो रहा है। मोतिहारी पुलिस द्वारा अवैध शराब की बरामदगी एवं शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि विगत चार दिनों में कुल 183 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों से 26 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर कुल 1,816.65 लीटर देशी, 51.97 लीटर विदेशी शराब एवं 66 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि कुल 2,485 लीटर अर्द्ध निर्मित शराब नष्ट किया गया है। बिहार में अप्रैल, 2016 से पूर्णशराबंदी लागू है। वहीं, जहरीली शराब कांड के पीड़ितों को मुआवजे के मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

### पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के छह स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने की कॉलेजियम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के छह अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामो की सिफारिश स्थाई न्यायाधीशो के रूप मे नियुक्ति के लिए की है। ए अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति विकास बहल, न्यायमूर्ति विकास सूरी, न्यायमूर्ति संदीप मौदगिल, न्यायमूर्ति विनोद शर्मा (भारद्वाज), न्यायमूर्ति पंकज जैन और न्यायमूर्ति जसजीत सिंह बेदी है। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति के एम जोसेफ भी शामिल है। कॉलेजियम ने कहा कि चूंकि अतिरिक्त न्यायाधीशो में से एक का मौजूदा दो साल का कार्यकाल 24 मई को समाप्त होने वाला है, इसलिए केंद्र द्वारा सिफारिश पर तेजी से कार्वाई की जा सक्ती है। कॉलेजियम ने 17 अप्रैल को अपनी बैठक मे ए फैसले लिया।

### तेजस्वी को अपने कार्यालय में अतीक अहमद की तस्वीरें लगा देनी चाहिए: गिरिराज

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने माफिया एवं पूर्व सांसद दिवंगत अतीक अहमद के लिए सम्मानसूचक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर निशाना साधा और कहा कि उन्हे अपने कार्यालय में डॉन की तस्वीरें लगा देनी चाहिए। बेगूसराय के सांसद ने कहा, मै सुझाव दूंगा कि बिहार के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को अपने कक्ष मे पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) और डॉन की तस्वीरे लगानी चाहिए। इससे पहले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने ओसामा बिन लादेन को ओसामा जी कहा था। वोट के लिए ए लोग कुछ भी कर सक्ते है। सिह ने कहा, उन्होने उमेश पाल की हत्या पर एक शब्द भी नही कहा है, वे अब दर्द मे क्यो है? मीडिया से बातचीत के दौरान विवादास्पद टिप्पणी करते हुए यादव ने मारे गए माफिया को अतीक जी कहकर संबोधित किया।

### भारत की विरासत से जुड़ेंगे

**आगरा।** भारत की विरासत लोगों बीच में आनंद के रूप में संजोने के लिए स्टारबाक्स अपने क्रियाकलापों में शामिल करेगा। इसके तहत टाटा ने आगरा में भारत में अपने 338वें व शहर के पहले स्टोर शुभारंभ किया। यह 'थर्ड प्लेस' का मशहूर अनुभव देगा। यह स्टोर आगरा के निवासियों और दुनियाभर के पर्यटकों को अपने प्रियजनों से जुड़ने का आनंद लेने या अपने चहेते स्टारबक्स बेवरेजेस लेते हुए मिलकर काम करने की एक नई जगह देगा। सीईओ सुशांत दाश ने कहा भारत में अब तक का हमारा सफर बेहतरीन रहा है, हम स्टारबक्स को आगरा में लाकर बहुत खुश और सम्मानित हुए हैं, क्योंकि यह शहर सांस्कृतिक रूप से बड़ा ही समृद्ध और स्फूर्त है। हमारा लक्ष्य है आगरा के समझदार ग्राहकों और जीवंत समुदायों का स्वागत करने वाली एक 'तीसरी दुनिया' बनाना और उन्हें स्टारबक्स का प्रसिद्ध अनुभव देना। स्टोर इस शहर के समृद्ध ऐतिहासिक वास्तुशिल्प का प्रतिबिम्ब है और कॉफी के लिये गहरा लगाव दिखाता है। उत्कृष्ट वर्णन और सजावट से प्रेरित इस स्टोर की दोनों मंजिलों पर गोलाकार मेहराबें और आधुनिक सजावटी तत्व हैं।

# शेट्टर ने बीएल संतोष पर उनकी टिकट काटने का लगाया आरोप

भाषा। हुब्बल्लि (कर्नाटक)

**कर्नाटक के** पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर ने कांग्रेस में शामिल होने के एक दिन बाद मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी. एल. संतोष पर चुनावी राज्य में टिकट के लिए उनकी अपील खारिज करने का आरोप लगाया। शेट्टर छह बार के विधायक, विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा के हुब्बल्लि-धारवाड़ मध्य सीट से उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट न देने पर उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला किया। कांग्रेस ने उन्हें हुब्बल्लि-धारवाड़ मध्य सीट से टिकट दिया है, जबकि भाजपा ने राज्य महासचिव (संगठन) महेश तेंगिंकाई को उनके सामने उतारा है। शेट्टर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब ज्यादा से ज्यादा वोट मिलने की संभावना थी, तो सवाल यह है कि टिकट क्यों नहीं दिया



गया। मैंने देखा कि जिस व्यक्ति का लोग सम्मान करते हैं और उन्हें संतोष जी कहते हैं, वहीं बी. एल. संतोष ही इन सब का मूल कारण हैं। शेट्टर ने आरोप लगाया कि वह उनके खिलाफ खेले गए खेल का शिकार हुए और जिस टिकट को उन्हें देने की घोषणा कर दी गई थी, उसे वापस ले लिया गया। कर्नाटक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने तेंगिंकाई को टिकट दिया, जिसने पार्टी संगठन के लिए काम किया। अगर पार्टी उन्हें सम्मानित करना चाहती थी, तो उन्हें विधान पार्षद बना सकती थी या कोई महत्वपूर्ण पद दे सकती थी। उन्होंने दावा किया कि 2018 के विधानसभा चुनाव में धारवाड़ जिले के कलघाटगी निर्वाचन क्षेत्र से चन्नप्पा निंबन्नवर प्रबल दावेदार थे, लेकिन स्थानीय नेताओं ने विद्रोह कर दिया। मजबूरन पार्टी को निंबन्नवर को मैदान में उतारना पड़ा। वरिष्ठ नेता ने तेंगिंकाई पर पिछले छह-सात महीने से उनके खिलाफ कान भरने का अभियान चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संतोष के कई मानस पुत्र (एक व्यक्ति जिसे बेटे की तरह माना जाता है) हैं। शेट्टर ने कहा, इस मानस पुत्र (महेश तेंगिंकाई) ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर पिछले छह से सात महीने मेरे खिलाफ कान भरने का अभियान चलाया। शेट्टर एक अनुभवी नेता हैं। उनका परिवार जनसंघ के दिनों से पार्टी से जुड़ा रहा है। वह कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र के एक प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। भाजपा में रहते हुए उन्होंने मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और मुख्यमंत्री के रूप में सेवाएं दीं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 10 मई को और मतगणना 13 मई को होगी।

# कोरोना के उपचाराधीन रोगियों की संख्या बढ़कर 61,233 हुई

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में एक** दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 7,633 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,48,34,859 हो गई। वहीं देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 61,233 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से दिल्ली में चार और हरियाणा, कर्नाटक तथा पंजाब में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 5,31,152 हो गई। वहीं संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में चार नाम और जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी 61,233 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.14 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.68 प्रतिशत है। अभी तक कुल 4,42,42,474 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220,66,27,271 खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

## क्विक न्यूज

### नदी बेसिन के पानी के प्रबंधन के लिए गंगा जल मशीन दृष्टिकोण व्यवहार्य नही

**नई दिल्ली।** अनुसंधानकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने गंगा नदी बेसिन (जीआरबी) के जल संसाधनों के प्रबंधन के वास्ते सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के रूप में गंगा जल मशीन की अवधारणा को लागू करने के विपरीत सलाह दी है। गंगा जल मशीन (जीडब्ल्यूएम) की अवधारणा इस धारणा पर निर्भर करती है कि गंगा नदी एक उच्च-उपज देने वाले, सदृश छिद्रिल जलभृत के माध्यम से चलती है, जिसका उपयोग मॉनसून के दौरान क्षणिक बाढ़ के पानी को संगृहीत करने के लिए किया जा सकता है। पत्रिका एसीएस ईएस एंड टी वाटर में प्रकाशित एक लेख में अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि किसी भी नीतिगत वृद्धि से पहले भूजल-गंगा नदी के पानी की परस्पर क्रियाओं पर एक गहन अध्ययन आवश्यक है। हाल में, जीआरबी के जल संसाधनों का प्रबंधन करने में बहुत रुचि रही है, जिसमें गंगा नदी की सफाई भी शामिल है।

### भाजपा में शामिल हुए असम के 110 पूर्व उग्रवादी

**दीफू (असम)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को 100 से अधिक पूर्व उग्रवादी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वे पहले नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) के सदस्य थे और उनका नेतृत्व नवीन चंद्र बोडो कर रहे थे। यहां भाजपा कार्यालय में नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तुलीराम रोंगहांग ने कहा, एनडीएफबी के कुल 110 पूर्व सदस्य आज हमारी पार्टी में शामिल हुए हैं। वे विभिन्न क्षेत्रों से हैं और उग्रवादी संगठन में विभिन्न शीर्ष पदों पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कार्बी आंगलोंग में, बल्कि पड़ोसी पश्चिम कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओं जिलों में भी पार्टी मजबूत होगी। इन तीन जिलों का लोकसभा में एक सदस्य द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है। भाजपा के होरेंसिंग बे के पास वर्तमान में यह सीट है।

### स्किल इंडिया से रोजगारपरक शिक्षा दी जाएगी

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटरने ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल के साथ समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। इसके तहत शिक्षा के जरिये टोयोटा कम्युनिटी प्रोग्राम शुरू किये जाएंगे। यह एक ऑनदजॉब स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग नौकरी करते हुए कौशल विकास प्रशिक्षण है जो स्किल इंडिया मिशन के साथ तालमेल में है। यह पहल एक अनूठा कार्यक्रम है जो उत्तर प्रदेश में पहला और भारत में भी पहला है जो न केवल देश के युवाओं को उन्नत प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित उद्योग.संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार के अवसर प्रदान करने में मदद करेगा बल्कि उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टोयोटा प्रशिक्षित मानवशक्ति की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। इस साझेदारी के तहत टीकेएम और एएसडीसी 100 दिनों के ओजेटी आधारित कौशल विकास कार्यक्रम की पेशकश करेंगे। जो चयनित छात्रों डिप्लोमा,स्नातक को बिक्री और विपणन कौशल, उत्पाद ज्ञान, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण पर ज्ञान प्रदान करेगा। विक्रम गुलाटी कंट्री हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि हम लगातार बेहतर हो रहे हैं और ऑटोमोबाइल उद्योग की बदलती जरूरतों तथा गतिशीलता के अनुकूल हो रहे हैं।

### संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा को कला रूपों में जीवंत देखना अद्भुत - कोविंद

**जयपुर।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने संविधान निर्माण से इसके लागू होने तक की ऐतिहासिक यात्रा को विभिन्न कला रूपों में जीवंत देखने के अनुभव को अद्भुत बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने संविधान उद्यान में संविधान लागू होने के विभिन्न चरणो के कला-रूपों को एक-एक कर देखा और उन्हें अनुकरणीय बताया। कोविंद ने संविधान ग्रंथ के आवरण एवं उद्देशिका की निर्मित कलाकृति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में संविधान सभा की बैठक के मूर्ति शिल्प, संविधान निर्माण और उससे जुड़ी संविधान समितियों की कार्यवाही, मूल संविधान की प्रति पर निर्मित भारतीय संस्कृति से संबद्ध कलाकृतियों से जुड़े मूर्तिशिल्प, छायाचित्रों आदि का बारीकी से अवलोकन किया।

# हिमाचल सरकार ने राष्ट्रपति मुर्मू के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया



भाषा। शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में यहां राजभवन में एक स्वागत समारोह और रात्रिभोज का आयोजन किया। राष्ट्रपति राज्य के चार दिवसीय दौरे पर हैं ।राष्ट्रपति ने राजभवन परिसर में बुरुंश का पौधा भी लगाया। स्वागत भाषण में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रपति का जीवन प्रेरणादायक रहा है और समाज कल्याण और शिक्षा के क्षेत्र में, खासकर नवाचार को बढ़ावा देने में उनके प्रयास असाधारण हैं ।उन्होंने कहा कि 1948 से हिमाचल प्रदेश की यात्रा समावेशी विकास और सामाजिक उत्थान का एक बड़ा उदाहरण रही है ।शुक्ला ने कहा कि राज्य के हर क्षेत्र के पास बताने के लिए एक कहानी है, इसकी वीरता, इसकी संस्कृति और परंपराओं तथा इसकी प्राकृतिक सुंदरता की कहानी ।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुर्मू को उनके राज्य के पहले दौरे पर बधाई दी ।उन्होंने कहा कि वह सभी के लिए एक प्रेरणा हैं, क्योंकि वह समाज के पिछड़े और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही हैं। सुक्खू ने राष्ट्रपति का स्थानीय निवास आम जनता के लिए खोलने के वास्ते राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया, क्योंकि देश भर से आने वाले लोग अब राष्ट्रपति निवास आ सकते हैं और ऐतिहासिक जगह की सुरम्य सुंदरता का आनंद ले सकते हैं।

# मैं दिल्ली में हूं : लापता होने के दावे के बाद मुकुल रॉय ने कहा

भाषा। कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय ने कहा कि वह कुछ निजी काम से दिल्ली गए हैं। उनका यह बयान तब आया है जब कुछ घंटे पहले उनके परिवार ने दावा किया था कि वह सोमवार शाम से लापता हैं। रॉय के दिल्ली जाने से उनके अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलबाजी शुरू हो गई है। वहीं, रॉय के परिवार ने दावा किया कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और सभी को किसी अस्वस्थ व्यक्ति को लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। रॉय ने पत्रकारों से कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी पहुंच गए हैं लेकिन उनका कोई खास एजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली आ गया हूं। कोई खास एजेंडा नहीं है। मैं कई वर्षों तक संसद सदस्य रहा हूं। क्या मैं दिल्ली नहीं आ सकता? पहले भी, मैं नियमित तौर पर दिल्ली आता रहता था। पूर्व रेल मंत्री के बेटे सुभ्रांग्शु



रॉय ने पीटीआई-भाषा से कहा था कि उनके पिता का सोमवार देर शाम से अता-पता नहीं है और वह लापता हैं। मीडिया के एक वर्ग में कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। इस पर सुभ्रांग्शु ने कहा ने कहा कि उनके पिता बहुत ज्यादा बीमार हैं और वह डिमेंशिया तथा पार्किंसन बीमारी से जूझ रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, मेरे पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मैं सभी से किसी अस्वस्थ व्यक्ति को लेकर राजनीति न करने का अनुरोध करता हूं। उनके लापता होने के बाद मैंने गत रात पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। रॉय के बेटे ने दावा किया कि जब उन्हें सोमवार रात को पता चला कि टीएमसी नेता दिल्ली जा रहे हैं तो उन्होंने प्राधिकारियों से उन्हें विमान से उतारने का अनुरोध किया था लेकिन तब तक विमान ने उड़ान भर ली थी। य के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तब तेज हो गई जब भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनुपम हाजरा ने फेसबुक पर एक अस्पष्ट पोस्ट करते हुए लिखा, कमबैक। एक समाचार चैनल से बातचीत में हाजरा ने कहा, यह वक्त इंतजार करने और देखने का है। कृपया एक या दो दिन इंतजार करिए, बहुत जल्द ही सब कुछ साफ हो जाएगा। हाजरा की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए सुभ्रांग्शु ने कहा कि यह टीएमसी तथा उसके राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा, यह शर्मनाक है कि कुछ लोग इतना नीचे गिर गए हैं और मेरे पिता के दिल्ली जाने पर राजनीति कर रहे हैं।

## बदरीनाथ में यात्रा की तैयारियां जोरों पर

**गोपेश्वर (उत्तराखंड)।** करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केन्द्र बदरीनाथ धाम की 27 अप्रैल से शुरू हो रही यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को बदरीनाथ पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया और पर्याप्त संख्या में मशीनें एवं अन्य संसाधन लगाते हुए अधिकारियों को काम और तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत आवश्यक कामों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा शुरू होने से पहले टोकन काउंटर, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, प्रतीक्षालय, जूता स्टैंड तथा मंदिर परिसर तक जाने वाले आतंरिक मार्गों को दुरुस्त कर लिया जाए।

# भाजपा के केंद्रीय नेताओं से मिलने के लिए मणिपुर के असंतुष्ट विधायकों ने दिल्ली में डेरा डाला

**इंफाल-नई दिल्ली।** मणिपुर में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह नीत सरकार में असंतोष पनपने की अटकलों को बल मिला है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों का एक समूह पार्टी के केंद्रीय नेताओं से मिलने के लिए दिल्ली आया हुआ है। साथ ही पार्टी की राज्य इकाई के एक प्रमुख नेता ने इस बात पर जोर दिया कि शिकायत करना या किसी विवाद के बारे में पार्टी के उच्च पदाधिकारी को अवगत करना अनुशासनहीनता नहीं है। हालांकि, भाजपा के एक केंद्रीय नेता ने इस घटनाक्रम को अधिक तवज्जो नहीं देने की कोशिश की और राज्य सरकार में किसी भी बदलाव से इनकार किया। उन्होंने यह उल्लेख भी किया कि विभिन्न हित समूहों के बीच खींचतान मणिपुर की राजनीति की एक विशेषता रही है।

# देश में एप्पल का पहला रिटेल स्टोर चालू

## ● सीईओ कुक ने ग्राहकों का स्वागत किया

भाषा। मुंबई

**दुनिया की** प्रमुख उपभोक्ता प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल का देश में पहला रिटेल स्टोर मंगलवार को चालू हो गया। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने सुबह 11 बजे ग्राहकों का स्वागत करते हुए स्टोर का दरवाजा खोला। उन्होंने ट्वीट किया, मुंबई में ऊर्जा, रचनात्मकता और जुनून हैरान करने वाला है। हम भारत में अपना पहला स्टोर एप्पल बीकेसी खोलने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। अमेरिकी कंपनी ने करीब एक पखवाड़े पहले यहां बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स कारोबारी जिले के एक मॉल में अपना स्टोर खोलने की घोषणा की थी, जिसके बाद से एप्पल के चाहने वालों में जोरदार उत्साह था। एप्पल ने करीब 25 साल पहले अपने साझेदारों के जरिए भारत में उत्पादों और सेवाओं की बिक्री शुरू की थी। करीब 100 से अधिक कर्मचारियों और अन्य लोगों के जोशीले नारों के बीच कुक स्टोर के अंदर से दरवाजे खोलकर बाहर निकले और मेहमानों का स्वागत किया। कुक ने स्टोर में वापस जाने से पहले करीब सात मिनट तक लगभग एक दर्जन ग्राहकों का स्वागत किया। कुक ने ग्राहकों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई ।मुंबई स्टोर के लिए कंपनी ने 11 साल के अनुबंध के साथ जगह पट्टे पर ली है। कंपनी एप्पल स्टोर के लिए हर महीने 42 लाख रुपए का किराया देगी और प्रॉपर्टी मालिक के साथ राजस्व का एक हिस्सा भी साझा करेगी। कंपनी ने किराए पर जगह लेते वक्त यह भी सुनिश्चित किया कि उसके आसपास के इलाके में अमेजन, फेसबुक, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और सोनी सहित 22 प्रतिस्पर्धी ब्रांड अपना कोई विज्ञापन नहीं कर सकेंगे ।कंपनी इसके बाद बृहस्पतिवार को नई दिल्ली के साकेत में अपने दूसरे रिटेल स्टोर का शुभारंभ करेगी ।कई प्रशंसक सुबह से ही मॉल के बाहर कतार में लग गए थे, ताकि स्टोर में सबसे पहले खरीदारी कर सकें। एप्पल बीकेसी में पहुंचे गोरेगांव के एक डिजाइनर ने कुक के साथ सेल्फी ली। वह अपने साथ चार दशक पुराना मैक लिए हुए थे। इस उत्पाद ने एप्पल के एक मजबूत ब्रांड के रूप में स्थापित कर दिया था ।मैं इसे 1984 से एप्पल की यात्रा को दिखाने के लिए लाया था। यह पहला मैक एसई है, जिसे 1984 में पेश किया गया था। मैं 1984 से एप्पल के उत्पादों का इस्तेमाल कर रहा हूं। यह लंबी यात्रा रही है। वह मंगलवार को सुबह छह बजे से ही कतार में लग गए थे। स्टोर में सबसे पहले जाने वाले ग्राहक ने कहा, मैं कल रात आठ बजे से यहां हूं।

### जयपुर में युवक की आत्महत्या के मामले में मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज

**जयपुर।** जयपुर में एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने के मामले में राजस्थान के कैबिनेट मंत्री महेश जोशी एवं अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि मंत्री ने खुद पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। चौक थाना क्षेत्र में रामप्रसाद (38) ने सोमवार को संपत्ति संबंधी विवाद के चलते एक गोदाम में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामप्रसाद के भाई ने कैबिनेट मंत्री जोशी एवं अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज कराया है।



मप्र के बुरहानपुर में एक कार्यक्रम में साधू संतो के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत

# मुंबई इंडियंस ने लगाई जीत की हैट्रिक

- ग्रीन और अर्जुन का शानदार प्रदर्शन
- सनराइजर्स हैदराबाद को 14 रन से हराया



**भाषा।** हैदराबाद

**कैमरन ग्रीन के** पहले आईपीएल अर्धशतक और दबाव के क्षणों में अर्जुन तेंदुलकर के शानदार 20वें ओवर की मदद से मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के मैच में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 14 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। ग्रीन (40 गेंद में नाबाद 64 रन) और तिलक वर्मा (17 गेंद में 37 रन) की आक्रामक पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस ने पांच विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स 19 . 5 ओवर में 178 रन ही बना सके जो पांच मैचों में उनकी तीसरी हार थी। सनराइजर्स के लिए इस कठिन पिच पर मयंक अग्रवाल ने 41 गेंद में 48 और हेनरिच क्लासेन ने 16 गेंद में 36 रन बनाए। क्लासेन की पारी ने मुंबई को दबाव में ला दिया था। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने लेग स्पिनर पीयूष चावला के एक ओवर में चौके और छक्के समेत 21 रन निकाले। सनराइजर्स को आखिरी पांच ओवर में 60 रन चाहिए थे। मार्को जानसेन (छह गेंद में 13 रन) और वाशिंगटन सुंदर (छह गेंद में दस रन) ने मैच को रोमांचक बना दिया लेकिन सुंदर को खराब रनिंग का खामियाजा भुगतना पड़ा। आईपीएल में अपना दूसरा ही मैच खेल रहे तेंदुलकर ने नई गेंद से दो ओवर डाले और आखिरी ओवर भी फेंका जब सनराइजर्स को 20 रन की जरूरत थी। तेंदुलकर ने फुल लैंग्थ गेंद डाली और एक विकेट भी लिया। इससे पहले मुंबई के लिए ग्रीन और वर्मा के अलावा कप्तान रोहित शर्मा ने 18 गेंद में 28 और ईशान किशन ने 31 गेंद में 38 रन बनाए। बीस वर्ष के वर्मा ने 17 गेंद में 37 रन बनाए जिसमें दो चौके और चार छक्के शामिल थे। बीच के ओवरों में मुंबई की रनगति धीमी हो गई थी लेकिन वर्मा की पारी ने उसे अच्छा स्कोर दिया। वर्मा ने 15वें ओवर में मार्को जानसेन को लगातार दो छक्के समेत 21 रन निकाले। अगले ओवर में उन्होंने लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय को एक्स्ट्रा कवर में चौका जड़ा जबकि अगली गेंद पर स्वीप शॉट खेलकर छक्का लगाया। इस ओवर में 14 रन बने। दूसरी ओर ग्रीन को शुरूआत में जमने में समय लगा लेकिन वर्मा के आउट होने के बाद उन्होंने हाथ खोलने शुरू किए। दाहिने हाथ के बल्लेबाज ग्रीन ने टी नटराजन को लगातार तीन चौके लगाए और फिर स्ट्रेट ड्राइव पर छक्का जड़ा। इस ओवर में 20 रन बने। नटराजन ने 20वें ओवर में काफी रन लुटाए और उनके चार ओवर के स्पैल में 50 रन बने। मुंबई ने आखिरी पांच ओवर में 62 रन निकाले।


## स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियंस पारी** : रोहित का मार्कराम बो नटराजन 28, किशन का मार्कराम बो जानसेन 38,ग्रीन नाबाद 64, सूर्यकुमार का मार्कराम बो जानसेन 7, तिलक का अग्रवाल बो कुमार 37,डेविड रन आउट 16, अतिरिक्त : दो रन, **कुल योग** : 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन, **विकेट पतन** :I-41, 2-87, 3-95, 4-151, 5-192, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0 -31-I, जानसेन 4-0-. 43-2, सुंदर 4-0-33- 0, नटराजन 4-0-50-I, मार्कंडेय 4-0-35-0

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी** : हैरी का यादव बो बेहरेनडोर्फ 9, अग्रवाल का डेविड बो मेरेडिथ 48,त्रिपाठी का किशन बो बेहरेनडोर्फ 7,मार्कराम का शोकीन बो ग्रीन 22, शर्मा का डेविड बो चावला I, क्लासेन का डेविड बो चावला 36,समाद रन आउट 9, जानसेन का डेविड बो मेरेडिथ 13, सुंदर रन आउट 10, भुवनेश्वर का शर्मा बो तेंदुलकर 2,मार्कंडेय नाबाद 2, **अतिरिक्त** : 19 रन, **कुल योग** : 19.5 ओवर में 178 रन, **विकेट पतन** :I - 11, 2-25, 3-71, 4-72, 5-127, 6-132, 7 -149, 8 -165, 9-174, **गेंदबाजी** : तेंदुलकर 2.5- 0- 18-I,बेहरेनडोर्फ 4-0-37-2, मेरेडिथ 4-0-33- 2, शोकीनI- 0- 12-0, चावला 4-0-43-2, ग्रीन 4- 0-29-I

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### कोहली पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना



**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। चेन्नई में सोमवार को खेले गए इस मैच में आठ रन से जीत दर्ज की थी। आईपीएल के बयान में कहा गया कि कोहली ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत नियमों का उल्लंघन किया है। बयान में हालांकि विस्तार से नही बताया गया है कि कोहली पर किस घटना के लिए जुर्माना लगाया गया है। कोहली ने चेन्नई सुपर किंग्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज शिवम दुबे के आउट होने पर अति उत्साह में जश्न मनाया था और संभवतः इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। दुबे ने 27 गेंदो पर 52 रन बनाए थे जिससे चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। आईपीएल ने बयान में कहा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है, कोहली ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन मे मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।

### बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए एक तरफ छोटी बाउंड्री से सीएसके को फायदा हुआ: मैक्सवेल

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल का मानना है सोमवार को उनकी टीम के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाएं हाथ के बल्लेबाजों ने छोटी बाउंड्री का फायदा उठाया। चेन्नई सुपर किंग्स ने बड़े स्कोर वाले इस मैच को आठ रन से जीता। उन्होने बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद से गेंदबाजी नही कराने के फैसले का बचाव करते हुए कहा, मुझे लगता है कि शाहबाज अहमद के लिए उन बल्लेबाजों (बाएं हाथ के बल्लेबाज) के सामने गेंदबाजी करना जोखिम भरा होता। मैक्सवेल ने कप्तान फाफ डु प्लेसी (33 गेंद मे 62 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 126 रन जोड़कर जीत की उम्मीद जगा दी थी लेकिन दो ओवर के अंदर दोनो के आउट होने से मैच का रूख चेन्नई की तरफ मुड़ गया। मैक्सवेल ने कहा, हमने अच्छा प्रदर्शन किया और लक्ष्य के करीब पहुंचे। हम ऐसी स्थिति मे थे जहां से मैच जीत सकते थे। मुझे लगता है हम दोनो में से कोई एक कुछ और समय के लिए क्रीज पर रहता तो मैच का परिणाम कुछ और होता। उन्होंने कहा, दिनेश कार्तिक (14 गेंद मे 28 रन) और शाहबाज (10 गेंद मे 12 रन) ने अच्छी बल्लेबाजी की। सुयश (प्रभुदेसाई), (वेन) पार्नेल और (वानिंदु) हसरंगा ने भी पूरी कोशिश की लेकिन पथिराना ने आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी कर दबाव बढा दिया। उसने दबाव में अच्छा यॉर्कर डाला।

### चेन्नई के बल्लेबाजों का लक्ष्य 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाना: कॉनवे



**बेंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने विरोधी टीमों को आगाह करते हुए कहा उनके बल्लेबाजों का लक्ष्य 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाना है ताकि उनके पास जीत का बेहतर मौका रहे। चार बार के चैंपियन चेन्नई ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम मे अपने इस तरह के रवैए का शानदार नमूना पेश किया तथा छह विकेट पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी के 62 रन और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के 76 रन के बावजूद चेन्नई यह मैच आठ रन से जीतने में सफल रहा। चेन्नई की तरफ से कॉनवे ने 83 रन बनाकर टीम को तेजतर्रार शुरुआत दिलाई जबकि अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे ने भी आक्रामक पारियां खेली। कॉनवे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, यहां विकेट बल्लेबाजी के लिए वास्तव में बहुत अच्छा था इसलिए हमने 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाकर बड़ा स्कोर खड़ा करने पर ध्यान दिया। मै 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन नही बना पाया लेकिन अन्य बल्लेबाजों जैसे अजिंक्य, दुबे, अंबाती रायडू और मोईन अली ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई।

### क्रिकेटर डु प्लेसी की आत्मकथा अगले महीने होगी जारी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी की आत्मकथा अगले महीने जारी होगी जिसमे खेल को लेकर उनके संघर्ष और लगाव के साथ इसके बाहर की यात्रा का जिक्र होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की ईबरी प्रेस द्वारा प्रकाशित होने वाली इस किताब का नाम फाफ थ्रू फायर है। इसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान पाठको को क्रिकेट के साथ साथ इस खेल से बाहर की अपनी जिंदगी की कहानी से रूबरू करवाएंगे।

### चेबेट ने फिर जीती बोस्टन मैराथन, कीनिया का दबदबा

**बोस्टन।** मौजूदा चैंपियन इवांस चेबेट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां लगातार दूसरी बार बोस्टन मैराथन मे जीत हासिल की जबकि विश्व रिकार्ड धारक इलियुड किपचोगे छठे स्थान पर रहे। कीनिया के चेबेट ने दो घंटे, पांच मिनट और 12 सेकंड का समय लेकर दौड़ जीती। दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता किपचोगे को यहां खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह पहले तीन मे भी जगह नही बना पाए। तंजानिया के गेब्रियल गेय विजेता से 10 सेकंड पीछे दूसरे स्थान पर रहे।

### गुप्टिल को टीम योजना में शामिल करना चाहिए: स्मिथ

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ चाहते है कि शीर्ष क्रम के अनुभवी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल को भारत मे इस साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम की योजना मे फिर से शामिल किया जाए क्योकि केन विलियमसन के चोटिल और रॉस टेलर के संन्यास से टीम कमजोर हो गई है। छत्तीस साल के गुप्टिल ने 198 वनडे खेले है और इस साल जनवरी मे भारत दौरे पर गई सीमित ओवर की टीम मे उन्हे शामिल नही किया गया था। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने पिछले साल नवंबर मे भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करते हुए संकेत दिया था कि गुप्टिल का युग लगभग समाप्त हो गया है।

### न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर चार रन की रोमांचक जीत

**लाहौर।** इफ्तिखार अहमद की आखिरी क्षणो मे खेली गई तूफानी पारी के बावजूद न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे पाकिस्तान पर चार रन की रोमांचक जीत दर्ज करके पांच मैचो की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। इफ्तिखार ने 24 गेदो पर छह छक्को और तीन चौको की मदद से 60 रन की तूफानी पारी खेली जिससे पाकिस्तान श्रृंखला मे 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करने की स्थिति मे पहुंच गया था। न्यूजीलैड के मध्यम गति के गेंदबाज जेम्स नीशम ने हालांकि अंतिम ओवर मे अच्छी गेंदबाजी करके पाकिस्तान को आखिर मे 20 ओवर मे 159 रन पर आउट कर दिया। न्यूजीलैड के चोटी के आठ खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग मे खेल रहे है और उसने यहां कम अनुभवी टीम भेजी है। न्यूजीलैड ने कप्तान टॉम लैथम की 49 गेदो पर खेली गई 64 रन की पारी की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 163 रन बनाए थे। लैथम के अलावा डेरिल मिशेल ने न्यूजीलैड की तरफ से 33 रन का योगदान दिया।

### लिवरपूल ने लीड्स को 6-I से करारी शिकस्त दी

**लीड्स।** लिवरपूल ने लीड्स को 6-I से करारी शिकस्त देकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) मे पिछले पांच मैचो में अपनी पहली जीत दर्ज की। लिवरपूल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 7-0 से करारी शिकस्त देने के बाद पिछले छह सप्ताह मे प्रीमियर लीग में कोई मैच नही जीता था। कोडी जोक्पा ने लिवरपूल की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद मोहम्मद सालाह और डिएगो जोटा ने दो-दो गोल दागे।

# लखनऊ सुपरजाइंट्स को पूरी ताकत झोंकनी होगी

- राजस्थान रॉयल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा



**भाषा।** जयपुर

**इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अब तक उतार-चढ़ाव वाला प्रदर्शन करने वाली लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम को अगर जीत की राह पर लौटना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

लखनऊ की टीम ने अभी तक तीन मैच जीते हैं जबकि दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके पास प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन उसके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में लखनऊ की टीम बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी जिससे आखिर में वह 10 से 15 रन कम बना पाई। कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंदों पर 74 रन बनाकर फॉर्म ने वापसी की जो कि टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। उसके बल्लेबाजों को हालांकि बीच के ओवरों में रन बनाने पर ध्यान देना होगा। लखनऊ के पास काइल मायर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के रूप में अच्छे पावर हिटर हैं लेकिन उसके बल्लेबाज अच्छी साझेदारी नहीं निभा पा रहे हैं। इसके अलावा दीपक हुड्डा का रन नहीं बना पाना भी टीम के लिए चिंता का विषय है। पंजाब के खिलाफ लखनऊ में प्रतिभाशाली रवि बिश्नोई को देर से गेंद सौंपने की गलती की। बिश्नोई अपनी गुगली से बल्लेबाजों को गच्चा देने में माहिर हैं और कप्तान राहुल को डेथ ओवरों की बजाय बीच के ओवरों में उनका इस्तेमाल करना चाहिए। टीम के दो अन्य स्पिनर कृष्णप्पा गौतम और क्रुणाल पंड्या अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मार्क वुड और आवेश खान के रुप में लखनऊ के पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं। पंजाब के खिलाफ युद्धवीर सिंह चरक ने भी अपना प्रभाव छोड़ा। लखनऊ के लिए हालांकि राजस्थान से पार पाना आसान नहीं होगा जिसने लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज करके अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया है। राजस्थान के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है जिसमें यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और संजू सैमसन ने टीम के शीर्ष क्रम में बहुत अच्छी भूमिका निभाई है। बटलर ने अभी तक टीम की तरफ से सर्वाधिक 204 रन बनाए हैं जबकि जायसवाल के नाम पर 136 रन दर्ज हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में यह दोनों सलामी बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और ऐसे में कप्तान सैमसन और वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा कर टीम को जीत दिलाई थी।

### इंपेक्ट प्लेयर के नियम से राजस्थान रॉयल्स को फायदा हुआ : चहल

**जयपुर।** भारत और राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने मंगलवार को दावा किया कि इंपेक्ट प्लेयर के नए नियम से पिछले साल के इंडियन प्रीमियर लीग उप विजेता राजस्थान रॉयल्स को फायदा हुआ है। रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती पांच में से चार मुकाबले जीतकर अभी अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही है। देवदत्त पडिक्कल ने इसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ 26 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर रॉयल्स को 2022 के आईपीएल चैंपियन के खिलाफ चार मुकाबलों में पहली जीत दिलाई। पांच मैच में दो बार इंपेक्ट प्लेयर से स्थानांतरित होकर बाहर जाने वाले चहल ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मुकाबले से पूर्व मीडिया से कहा, ध्रुव और देव (पडिक्कल) ने जिस तरह बल्लेबाजी की उसे देखते हुए यह (इंपेक्ट प्लेयर नियम) हमारे पक्ष में रहा है।

# सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने सुधार नही किया तो धोनी पर प्रतिबंध लग जाएगा: सहवाग

- गेंदबाज नोबॉल व वाइड की संख्या मे कटौती करें



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाज महेंद्र सिंह धोनी को लगातार निराश कर रहे हैं और उन्होंने गेंदबाजों को कमर कसने को कहा जिससे कि इस करिश्माई कप्तान पर प्रतिबंध के खतरे से बचा जा सके। सुपरकिंग्स ने सोमवार को बेंगलुरू में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल मैच में छह विकेट पर 226 रन बनाए लेकिन टीम को लक्ष्य का बचाव करने के लिए जूझना पड़ा क्योंकि गेंदबाजों ने छह वाइड गेंद फेंकी। सुपरकिंग्स की टीम हालांकि अंत में आठ रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। सहवाग ने क्रिकबज से कहा, धोनी खुश नजर नहीं आ रहे थे क्योंकि वह पहले भी जिक्र कर चुके हैं कि वह चाहते हैं कि गेंदबाज नोबॉल और वाइड की संख्या में कटौती करें। यह इस स्थिति में नहीं पहुंचना चाहिए जहां धोनी पर प्रतिबंध लग जाए और टीम को अपने इस कप्तान के बिना मैदान पर उतरना पड़े। सुपरकिंग्स ने आरसीबी के खिलाफ कुल 11 अतिरिक्त रन दिए। चार बार के आईपीएल चैंपियन सुपरकिंग्स ने लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ 18 अतिरिक्त रन दिए थे और धोनी ने उन्हें चेताया था कि वे अतिरिक्त रनों में कटौती करें या नए कप्तान के नेतृत्व में खेलने के लिए तैयार रहें। धोनी पहले भी वाइड और नोबॉल में कटौती की बात कर चुके हैं। और छह वाइड गेंद फेंकना बेहद निराशाजनक है। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने तीन वाइड फेंकी जिससे इस मामले में आईपीएल में उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। सहवाग हालांकि स्पिनर महेश तीक्षणा के वाइड फेंकने से अधिक नाराज दिखे। जब आप इतनी सारी वाइड फेंकते हो तो यह काफी निराशाजनक होता है विशेषकर एक स्पिनर द्वारा वाइड फेंकना। कम से कम वे अपनी वाइड को नियंत्रित कर सकते हैं।

### जयसूर्या के 10 विकेट से श्रीलंका ने आयरलैंड को पारी और 280 रन से हराया

**गॉल।** बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या ने मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे श्रीलंका ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन मंगलवार को आयरलैंड को पारी और 280 रन से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। आयरलैंड ने तीसरे दिन के खेल के दौरान 13 विकेट गंवाए। श्रीलंका ने पहली पारी छह विकेट पर 591 रन बनाकर घोषित की थी जिसके जवाब में आयरलैंड को पहली पारी में 143 रन बनाने के बाद फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। दूसरी पारी में भी आयरलैंड की टीम 168 रन ही बना सकी जिससे श्रीलंका ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। पूरे मैच में आयरलैंड का कोई बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं बना पाया।

# आईपीएल में शुरू से गुणवत्ता थी, अफ्रीका में आयोजन से अंतिम मुहर लगी : शास्त्री

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व भारतीय** कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुरू से ही गुणवत्ता थी लेकिन 2009 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजन से यह अगले स्तर तक पहुंचा और विदेशों में भी इस प्रतियोगिता को लेकर दिलचस्पी पैदा हुई। भारत में आम चुनाव के कारण दूसरा आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया था। आईपीएल की शुरुआत 15 साल पहले आज के दिन ही हुई थी और शास्त्री तब इस लीग की संचालन परिषद का हिस्सा थे। उन्होंने आईपीएल के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा, अगर आप इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों पर गौर करो तो क्रिकेट की गुणवत्ता इतनी अच्छी थी कि यह लीग चल पड़ी। लेकिन इस पर अंतिम मुहर तब लगी जब इसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में किया गया। दक्षिण अफ्रीका में आईपीएल को लेकर वैसे ही दिलचस्पी थी जैसे भारत में थी जिससे क्रिकेट जगत हैरान था। उस समय तक दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों ने अपनी पसंदीदा टीम चुननी शुरू कर दी थी। आप तब जैसा फुटबॉल में देखते थे वैसा आईपीएल में दूसरे सत्र से होने लग गया था। इंग्लिश प्रीमियर लीग वर्षों से चल रही है जिसमें आर्सेनल और मैनचेस्टर यूनाइटेड जैसी टीम हैं लेकिन आईपीएल में दो साल में ही लोगों ने मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स या रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को अपनी पसंदीदा टीम चुनना शुरू कर दिया था। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम ने 2008 में आईपीएल के उद्घाटन मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ 75 गेंदों पर 158 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि 2008 में राजस्थान रॉयल्स की विजेता टीम का हिस्सा बनने से लेकर कई बार के विजेता चेन्नई सुपर किंग्स की टीम का सदस्य बनने तक उनके अनुभव में किस तरह से बदलाव आया। आईपीएल का 2008 में पहला साल था और इसको लेकर काफी उत्साह था। हम अंडर-19 के खिलाड़ी इस आईपीएल का हिस्सा बनने जा रहे।

### ज्योति ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करके तीरंदाजी विश्व कप में शीर्ष वरीयता पाई

**भाषा।** अंताल्या

**भारत की स्टार** महिला कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने क्वालीफाइंग दौर में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 713 अंक बनाकर सत्र के पहले विश्व कप पहले चरण में शीर्ष वरीयता पाई। ज्योति के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम को भी शीर्ष वरीयता मिली। मैक्सिको और भारत को पहले दौर में बाय मिला और अब वे सीधे क्वार्टर फाइनल में खेलेंगे। विश्व चैम्पियनशिप 2021 की रजत पदक विजेता ज्योति ने 72 में से 66 निशाने सटीक लगाए और सारा लोपेज के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की जो उन्होंने 2015 में कोलंबियाई राष्ट्रीय ट्रायल में बनाया था। पहले छह दौर में 353 स्कोर बनाने के बाद ज्योति ने 360 में से 360 स्कोर करके छह साल पुराना एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा। कोरिया की सो चाएवोन के खिलाफ पिछला एशियाई रिकॉर्ड था जिन्होंने 2017 में ढाका में एशियाई चैम्पियनशिप में 709 अंक बनाए थे।

# मानवजीत व राजेश्वरी ने ट्रैप ट्रायल जीता

- पिस्टल मे सरबजोत और अनुराधा ने बाजी मारी



**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व विश्व** चैंपियन और चार बार के ओलंपियन मानवजीत सिंह संधू ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए मंगलवार को यहां संपन्न शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरुष ट्रैप स्पर्धा जीती। भारत की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक राजेश्वरी कुमारी ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला ट्रैप टी3 (तीसरा) ट्रायल जीता जिससे 25 अप्रैल से काहिरा में शुरू हो रही आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन प्रतियोगिता से पहले उनका मनोबल बढ़ेगा। हाल में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले हरियाणा के सरबजोत सिंह ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टी4 ट्रायल जीता जबकि उनके ही राज्य की अनुराधा देवी ने भोपाल में महिला एयर पिस्टल टी4 ट्रायल जीता। भोपाल में टी3 और टी4 राइफलापिस्टल ट्रायल संपन्न हुए। पहले दिन क्वालीफिकेशन में पांच निशाने चूकने के बाद मानवजीत ने दूसरे दिन 24 और 25 अंक जुटाए। उन्होंने शूट ऑफ के बाद चौथा स्थान हासिल किया। मानवजीत ने दूसरे सेमीफाइनल में दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने 25 में से 21 निशाने सही लगाए। फाइनल में मानवजीत सबसे पहले निशाना चूके लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार 14 सही निशाने लगाकर लक्षजीत सिंह सिंधू की चुनौती को तोड़ते हुए तीन निशाने शेष रहते जीत दर्ज की। मानवजीत ने शुरुआती 32 में से 29 निशाने सही लगाए जबकि सिंधू 25 ही निशाने लगा पाए। राजेश्वरी ने भी क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए शूट ऑफ के बाद फाइनल में जगह बनाई जहां उन्होंने मनीषा कीर को 30-27 से पछाड़कर खिताब जीता। जूनियर पुरुष और महिला ट्रैप क्लासिफिकेशन में बख्तियारुद्दीन मलिक और आशिमा अहलावत क्रमश: 117 और 114 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहे। भोपाल में सरबजोत ने पंजाब के अर्जुन सिंह चीमा को 16-12 से पछाड़कर पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टी4 ट्रायल जीता।

### वार्नर को टीम में शामिल करने का समर्थन किया

**भाषा।** मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने जून में लंदन के द ओवल में भारत के खिलाफ आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के साथ इंग्लैंड में एशेज 2023 के शुरुआती चरण के लिए सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को टीम में शामिल करने का समर्थन किया है। वॉर्नर पिछले कुछ साल से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहे हैं। 2021 के बाद उनका औसत 39 से कम रहा है। जनवरी 2020 के बाद उन्होंने सिर्फ एक शतकीय पारी (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर 2022 में) खेली गई। वार्नर ने इस साल खेले गए तीन टेस्ट मैचों में महज नौ के औसत से 36 रन बनाए है। छत्तीस साल के वार्नर सीमित ओवरों के क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की बात कर चुके हैं और भारत के दौरे पर टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद इस प्रारूप की टीम में उन्हें जगह मिलना मुश्किल है।

### एशियाई खेलों से पहले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में कड़ी परीक्षा होगी: हरमनप्रीत



**बेंगलुरू।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि इस साल सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलो से पहले चेन्नई में होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी मे टीम की कड़ी परीक्षा होगी। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी तीन से 12 अगस्त तक आयोजित की जाएगी जो हांगझू मे होने वाले एशियाई खेलो की तैयारियों के लिए आदर्श टूर्नामेंट होगा। भारत एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा। हरमनप्रीत ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमारी टीम मे से अधिकतर खिलाड़ी पहली बार चेन्नई में खेलेंगे। मुझे याद है कि हमारे सीनियर खिलाड़ी 2007 मे चेन्नई मे खेले गए एशिया कप के बारे में बात किया करते थे जो कि भारत के लिए बहुत अच्छा टूर्नामेंट रहा था।

### आईपीएल के जरिए स्कूल में होंगे क्विज सेशन




**नई दिल्ली।** टाटा आईपीएल 2023 के आधिकारिक टीवी ब्रॉडकास्टर, स्टार स्पोर्ट्स ने एक बिल्कुल नई पहल - द आईपीएल स्कूल क्विज़ शुरू की है, जो देश भर के बच्चों का ध्यान आकर्षित करने के लिए तैयार है। इसका उद्देश्य युवा प्रशंसकों को टाटा आईपीएल 2023 के लिए सबसे अधिक संभावित अनुभव प्रदान करना है। क्विज़ में 6,500 से अधिक स्कूल भाग ले रहे हैं। आईपीएल के पहले हफ्ते में ही यह पहल काफी लोकप्रियता हासिल कर रही है। यह क्विज छात्रों के पसंदीदा लीग के बारे में उनके ज्ञान का परीक्षण कर रहा है और उन्हें पहली बार आईपीएल स्कूल क्विज चैंपियन बनने का मौका दे रहा है। क्विज का ऑनलाइन चरण 22 मार्च से चल रहा है, जिसका समापन 30 अप्रैल,को होगा, इसके बाद जोनल और राष्ट्रीय चरण 7 से 15 मई, 2023 तक होंगे। भाग लेने के लिए, छात्रों को हर दिन लॉग ऑन करना होगा, पाँच प्रश्नोत्तरी प्रश्नों का उत्तर देना होगा, और छठे बोनस प्रश्न का उत्तर देने के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर टाटा आईपीएल कवरेज देखना होगा। ऑनलाइन चरण में उच्चतम भागीदारी और औसत स्कोर वाले स्कूल जोनल फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। जोनल फाइनल में सभी चार जोन की शीर्ष पांच टीमें ऑनलाइन राउंड में प्रतिस्पर्धा करेंगी ।